सूर्योदय 7:20 सूर्यास्त 5:44

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 9 न्यू | 19.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,570.35 |
| निफ्टी | 25,694.35 |

सोना 1,41,717 चांदी 2,82,720

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 18 जनवरी 2026 | 5 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 22, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### बजट के दिन रविवार को भी खुलेगा शेयर बाजार

**एजेंसी, मुंबई।** इस साल 1 फरवरी को रविवार होने के बावजूद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सामान्य दिनों की तरह कामकाज होगा। एक्सचेंजों ने शनिवार, 17 जनवरी को सर्कुलर जारी कर इसकी आधिकारिक घोषणा की है। सरकार के निर्देशों के बाद यह फैसला लिया गया है ताकि बजट घोषणाओं पर निवेशक रियल-टाइम में रिएक्ट कर सकें। यह पिछले 9 सालों में पहला मौका होगा, जब केंद्रीय बजट के लिए शेयर बाजार रविवार को खुलेगा। इससे पहले साल 2017 में भी 1 फरवरी को रविवार था और तब भी मार्केट में ट्रेडिंग हुई थी। (अनंत ज्ञान)

### अरुणाचल में जमी हुई झील में डूबे दो युवक

**एजेंसी, ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में स्थित सेला लेक में शुक्रवार को केरल के दो युवक डूब गए। एक पर्यटक का शव शुक्रवार को ही बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरे का शव शनिवार को बरामद हुआ। पानी के भीतर कम विजिबिलिटी के कारण गोताखोरों को शव ढूंढने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस अधीक्षक डी.डब्ल्यू. थोंगोन ने बताया कि मृतकों की पहचान दिनु (26) और महादेव (24) के रूप में हुई है। दोनों सात लोगों के टूरिस्ट ग्रुप का हिस्सा थे, जो असम गुवाहाटी के रास्ते अरुणाचल के तवांग में घूमने पहुंचा था। (अनंत ज्ञान)

### किसी दबाव में नहीं होगा इंटरनेशनल ट्रेड : भागवत

**एजेंसी, मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी (लोकल) सामान के इस्तेमाल करने की अपील करते हुए कहा कि जहां तक हो सके, देश में बना हुआ सामान ही खरीदें। अगर कोई चीज भारत में नहीं बन सकती, तभी उसे बाहर से मंगाना चाहिए। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक हिंदू सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भारत इंटरनेशनल ट्रेड कर रहा है, लेकिन किसी देश के दबाव में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कोई देश टैरिफ लगाए या दबाव बनाए, भारत ने आत्मनिर्भर बनने का रास्ता चुन लिया है और उसी पर चलना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली में अलर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है। न्यूज एजेंसी एनआईए के अनुसार, इंटेलिजेंस ब्यूरो से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि प्रतिबंधित खालिस्तानी और बांग्लादेश के आतंकी संगठन दिल्ली समेत देश के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं। पंजाब के कुछ गैंगस्टर विदेश से संचालित खालिस्तानी और कट्टरपंथी हैंडलरों के लिए 'फुट सोल्जर' की भूमिका निभा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- फर्जी अधिकारी बनकर प्रवासी के साथ की जबरन वसूली व मारपीट -पेज 2
- सेब आयात शुल्क की कटौती पर उबाल, आंदोलन की तैयारी -पेज 3
- सफाई कर्मचारियों के लिए मूलभूत सुविधाएं हों सुनिश्चित: कुलदीप -पेज 4
- हाईवे निर्माण कंपनी को दो माह का अल्टीमेटम -पेज 9
- सोलन निगम में लगे झूले निकले घटिया, ठेकेदार को दिया नोटिस -पेज 12


# पीएम मोदी ने देश को दी पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सौगात

## 14 घंटे में हावड़ा से पहुंचाएगी कामाख्या, कहा-यह विकसित भारत का आईना

**एजेंसी, कोलकाता**

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वंदे भारत ट्रेन पश्चिम बंगाल के हावड़ा से गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलेगी। यह ट्रेन हावड़ा से कामाख्या पहुंचने में 14 घंटे का समय लेगी। पीएम ने इसे विकसित भारत का आईना बताया। उन्होंने कहा कि इस वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के साथ भारतीय रेलवे आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है।

इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मां काली की धरती को मां कामाख्या की भूमि से जोड़ रही है। आने वाले समय में पूरे देश में इस आधुनिक ट्रेन का विस्तार होगा।' यह ट्रेन आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिसमें बेहतर सस्पेंशन, सुरक्षा फीचर्स और आरामदायक स्लीपर कोच शामिल हैं, जो रात की लंबी यात्रा को सुगम और आरामदायक बनाएंगे। पीएम ने पश्चिम बंगाल में 3,250 करोड़ रुपए से ज्यादा की रेल और सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। उन्होंने वर्चुअली 4 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के सामने एक बड़ी चुनौती घुसपैठ की है।

उन्होंने कहा कि बंगाल के कई इलाकों में आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है। टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही। गरीबों का हक छीना जा रहा है। भाजपा सरकार बनते ही घुसैपठियों पर एक्शन लिया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना पर बात करते हुए पीएम ने कहा कि, टीएमसी वालों को आपकी तकलीफ की कोई चिंता नहीं है। यहां आयुष्मान योजना लागू नहीं होने दी गई है। ऐसी पत्थर दिल सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

### वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की खासियतें

- हावड़ा-गुवाहाटी के बीच कुल दूरी 958 किमी।
- स्पीड - 180 किमी प्रति घंटा, क्षमता 1128 यात्री।
- कुल कोच -16 (1 फर्स्ट एसी, 4 सेकेंड एसी, 11 थर्ड एसी)।
- फर्स्ट एसी का किराया 3,600 रुपए।
- सेकेंड एसी का किराया 3,000 रुपए।
- थर्ड एसी का किराया 2,300 रुपए।
- बाहरी दरवाजे ऑटोमेटिक, अंदर के सेंसर बेस्ड।
- ट्रेन में कवच सेफ्टी सिस्टम, मॉडर्न टॉयलेट।
- मॉडर्न पैंट्री के साथ ही आरामदायक कुशनिंग भी।

◆ पीएम ने पश्चिम बंगाल को 4 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की भी सौगात दी



प. बंगाल के मालदा से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पीएम मोदी। अनंत ज्ञान

# सुक्खू कैबिनेट का होगा विस्तार

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र ने दिल्ली से लौटते ही दिए संकेत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** देश की राजधानी दिल्ली दौरे के बाद सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयानों से राज्य की राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है। शिमला लौटते ही मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया कि सरकार आने वाले समय में मंत्रिमंडल विस्तार के साथ-साथ फेरबदल पर भी गंभीरता से विचार कर रही है। उनके इस संकेत को सत्ता और संगठन के बीच तालमेल साधने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक गलियारों में माना जा रहा है कि बजट सत्र से पहले सरकार कुछ अहम फैसलों के जरिए नई सियासी दिशा तय कर सकती है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस विषय पर उनकी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से विस्तार से चर्चा हुई है। मौजूदा कैबिनेट में एक मंत्री पद लंबे समय से खाली चल रहा है। कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे होने के बावजूद इस पद को न भरना लगातार सवालों के घेरे में रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि इसी खाली पद के सहारे कैबिनेट विस्तार की शुरुआत की जा सकती है, ताकि सरकार क्षेत्रीय और संगठनात्मक संतुलन बना सके।

सूत्रों के अनुसार, यदि मुख्यमंत्री फेरबदल का फैसला लेते हैं तो एक सीनियर मंत्री को मंत्रिमंडल से बाहर किया जा सकता है। इसके बदले उनके पुत्र को किसी बोर्ड या निगम में जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना भी जताई जा रही है। यदि यह फार्मूला लागू होता है तो कैबिनेट में दो पद खाली हो जाएंगे। इससे सरकार को नए चेहरों को मौका देने और असंतुलन दूर करने का अवसर मिलेगा, वहीं दो विधायकों की किस्मत चमकने के आसार भी बनेंगे। मंत्री पद की दौड़ में कुल्लू जिला सबसे आगे माना जा रहा है, क्योंकि मौजूदा सरकार में वहां से कोई भी कैबिनेट मंत्री नहीं है। इसी वजह से कुल्लू से विधायक सुंदर सिंह ठाकुर का नाम मजबूती से उभर रहा है, जो पहले इसी सरकार में मुख्य संसदीय सचिव रह चुके हैं।

इनके अलावा ज्वालाजी से संजय रत्न, पालमपुर से आशीष बुटेल और अर्की से विधायक संजय अवस्थी के नाम भी संभावित मंत्रियों में गिने जा रहे हैं। हालांकि इन तीनों को मौका तभी मिल सकता है, जब कैबिनेट से किसी मंत्री को ड्रॉप किया जाता है।



◆ दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे से मंत्रिमंडल विस्तार पर हुई विस्तृत चर्चा

### डिप्टी स्पीकर का पद भी लंबे समय से खाली

**हिमाचल** प्रदेश कैबिनेट में एक पद खाली होने के साथ साथ-साथ डिप्टी स्पीकर का पद भी लंबे समय से खाली है। कांग्रेस विधायक विनय कुमार के पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद यह पद रिक्त चल रहा है। इस पद के लिए धर्मपुर से विधायक चंद्रशेखर और संजय रत्न के नाम पर चर्चाएं हैं। उधर, दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष राज्य से जुड़े कई अहम मुद्दे भी उठाए। इनमें सेब पर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग, हिमाचल के लिए हर साल दस हजार करोड़ रुपए की रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट और प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपए के पैकेज को शीघ्र जारी कराने जैसे विषय प्रमुख रहे। इन सभी संकेतों ने साफ कर दिया है कि आने वाले दिनों में हिमाचल की राजनीति में बड़े फैसले और नई सियासी तस्वीर उभर सकती है।

# अफसरशाही पर भड़के पूर्व डीआईजी विनोद

## बोले-मंत्री के बयान पर आईएएस व आईपीएस की प्रतिक्रिया असंवैधानिक

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल में प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बयान के बाद शुरू हुआ विवाद अब एक बड़े संवैधानिक विमर्श में बदलता दिख रहा है। इस बहस में पूर्व डीआईजी व सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी विनोद धवन खुलकर सामने आए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी टिप्पणी में आईएएस और आईपीएस संगठनों की प्रतिक्रिया को न सिर्फ असंयमित बताया, बल्कि उसे संविधान की भावना के खिलाफ करार दिया। धवन के मुताबिक किसी मंत्री या नागरिक को अभिव्यक्ति की आजादी संविधान प्रदत्त अधिकार है और उस पर सामूहिक दबाव या धमकी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक संकेत है।

पूर्व डीआईजी ने खास तौर पर आईपीएस एसोसिएशन के प्रस्ताव पर सवाल उठाते हुए कहा कि कोई भी सेवा संगठन संविधान और कानून के दायरे से बाहर जाकर प्रतिक्रिया नहीं दे सकता। उनका तर्क है कि पुलिस या प्रशासनिक तंत्र का दायित्व नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना है, न कि असहमति की स्थिति में सुरक्षा या कर्तव्यों से पीछे हटने का संकेत देना। धवन ने साफ कहा कि पुलिस अधिकारी कोई पवित्र गाय नहीं हैं और उन्हें भी संविधान के अधीन रहकर ही काम करना होता है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की प्रतिक्रियाएं कानून के राज को कमजोर करती हैं और आम नागरिकों के मन में भय पैदा करती हैं।



बता दें कि विवाद के राजनीतिक असर को कम करने की कोशिश करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मंत्रियों और अधिकारियों के बीच मतभेद नई बात नहीं हैं और इन्हें तूल देना ठीक नहीं। मुख्यमंत्री ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह को भी अपने विभागीय कामकाज पर ध्यान देने की सलाह दी, वहीं कांग्रेस के भीतर इस मुद्दे पर अलग-अलग सुर सुनाई दे रहे हैं। कुछ नेता बयान को अनुचित बता रहे हैं, तो शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जैसे नेता संवाद के जरिए समाधान की बात कर रहे हैं। कुल मिलाकर, यह प्रकरण राज्य की राजनीति व प्रशासन दोनों के लिए एक अहम मोड़ बनता नजर आ रहा है।

### मामले में एमएचए को लिखा शिकायत पत्र

**इस** मामले में शिमला निवासी कैप्टन अतुल शर्मा ने एक शिकायत पत्र एमएचए को लिखा है। उन्होंने हिमाचल आईपीएस एसोसिएशन के 14 जनवरी को पारित प्रस्ताव को संवैधानिक शासन के खिलाफ 'प्रशासनिक विद्रोह' बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। अतुल शर्मा ने इसे सेवा आचरण के साथ साथ संवैधानिक रूप से निर्वाचित सरकार की सत्ता को चुनौती देने वाला कदम बताया। उन्होंने पत्र में आईपीएस एसोसिएशन के उस निर्णय का भी जिक्र किया, जिसमें आईपीएस एसोसिएशन ने मंत्री के साथ ड्यूटी देने से इनकार किया था। शिकायतकर्ता ने इसे पूरी तरह कार्यपालिका के विशेषाधिकारों में हस्तक्षेप बताया। इनसे पहले राजस्व मंत्री जगत नेगी भी आईएएस-आईपीएस एसोसिएशन के बयान पर आपत्ति जता चुके हैं।

# सरकाघाट के हवाणी में निगम की बस दुर्घटनाग्रस्त, 8 घायल

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट की ओर आ रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस शनिवार सुबह समसौह पंचायत के अंतर्गत चंदैस के समीप गांव हवाणी में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में चालक व परिचालक सहित कुल आठ सवारियां घायल हो गईं। सूचना मिलते ही प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी घायलों को उपचार के लिए सरकाघाट अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल में प्राथमिक उपचार के उपरांत दो घायलों की हालत गंभीर पाई गई। इनमें कौशल्या देवी पत्नी कश्मीर सिंह (66), गांव व डाकघर गैहरा, तहसील सरकाघाट तथा बस चालक दिनेश पुत्र जालम राम (52), गांव व डाकघर पटड़ीघाट को बेहतर इलाज के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। अन्य घायलों में कांता देवी पत्नी कश्मीर सिंह (66), गांव/डाकघर गैहरा, तहसील सरकाघाट; निशा देवी पत्नी अश्वनी कुमार (27), गांव/डाकघर सूरजपुर बाड़ी, तहसील सरकाघाट; खडकू राम पुत्र संतराम (62), गांव जनीहण, डाकघर गैहरा, तहसील सरकाघाट; कौशल्या पत्नी किशन (46), गांव/डाकघर गैहरा, तहसील सरकाघाट; ब्रह्मी देवी पत्नी कुफरू (63), डाकघर गैहरा, तहसील सरकाघाट तथा सागरू राम पुत्र हेमराज (28), गांव जखोहल, डाकघर बरोट, तहसील पधर, जिला मंडी शामिल हैं। एसडीएम राजेंद्र गौतम द्वारा सभी घायलों को 5-5 हजार की फौरी राहत प्रदान की गई।

# ईरान से लौटे भारतीय फूट-फूटकर रोए

## कहा-वहां इंटरनेट नहीं; हालात बदतर, हजारों लोगों की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईरान में हिंसा के बीच वहां फंसे कई भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। इनमें कुछ भारत सरकार की पहल से भारत लौटे, तो कुछ निजी फ्लाइट्स से अपने खर्च पर वापस आए। दिल्ली एयरपोर्ट पर अपने परिवार से गले लगकर कई भारतीय नागरिक फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने बताया कि ईरान में हालात बद से बदतर हैं। हजारों लोगों की मौत हो गई है।

ईरान से लौटे जम्मू-कश्मीर के एक युवक ने कहा, 'वहां इंटरनेट पूरी तरह बंद है। खतरनाक विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं।' ईरान से लौटी मेडिकल स्टूडेंट अर्श दहरा ने बताया कि भारतीय दूतावास ने उनसे संपर्क किया था, लेकिन वह एक निजी फ्लाइट से खुद दिल्ली आई हैं। एक अन्य युवक ने कहा कि हम वहां एक महीने तक फंसे रहे। एक-दो हफ्तों से ज्यादा परेशानी होने लगी। घर से बाहर निकलते, तो प्रदर्शनकारी गाड़ी के सामने आ जाते थे। (अनंत ज्ञान)



दिल्ली एयरपोर्ट पर परिवार से गले लगकर रोते ईरान से लौटे भारतीय। अनंत ज्ञान

# ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध किया तो लगाएंगे टैरिफ : ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने को लेकर खुली धमकी दी है। बीबीसी के मुताबिक, उन्होंने कहा कि अगर किसी देश ने ग्रीनलैंड पर कब्जे वाले प्लान में उनका साथ नहीं दिया तो वे उन देशों पर टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान यह बयान दिया। हालांकि, उन्होंने साफ नहीं किया कि किन देशों पर टैरिफ लगाया जाएगा और इसके लिए वह किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

दूसरी ओर कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को कहा कि ग्रीनलैंड के मालिकाना हक का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नहीं है। नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है। उन्होंने कहा, 'ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है।' कार्नी ने नाटो सहयोगियों, खासकर अमेरिका से कहा कि वे अपने वादों का सम्मान करें। (अनंत ज्ञान)

### गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड जरूरी

**ट्रंप** ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट है। यह इसराइल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है।

# देशहित में होने चाहिए समझौते विदेशी दबाव में नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले का फैसला सुनाते हुए अहम टिप्पणी की और कहा कि संधियां या समझौते देशहित को ध्यान में रखकर किए जाने चाहिए, न कि विदेशी सरकारों या संस्थाओं के दबाव में। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत को अपनी टैक्स संप्रभुता की रक्षा और निष्पक्षता सुनिश्चित करनी चाहिए। पीठ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय टैक्स समझौतों में दाखिल होने पर यह ध्यान रखना चाहिए कि उनका दुरुपयोग न होने पाए। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्व विभाग के फैसले को सही ठहराया। राजस्व विभाग ने अमेरिका की निवेशक फर्म टाइगर ग्लोबल के ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट से बाहर निकलने से हुए कैपिटन गेन पर टैक्स लगाने का आदेश दिया था। जस्टिस पारदीवाला ने उन सिद्धांतों का भी उल्लेख किया, जो भारत को अंतरराष्ट्रीय टैक्स संधि करते समय ध्यान में रखने चाहिए। उन्होंने बताया कि टैक्स संधियां, अंतरराष्ट्रीय समझौते, प्रोटोकॉल पारदर्शी, समीक्षात्मक और ऐसे होने चाहिए, जिन पर मजबूती से सौदेबाजी हो सके। साथ ही इन समझौतों के एग्जिट प्रावधान इतने मजबूत होने चाहिए कि इनमें पक्षपात न हो सके और इनसे देश के रणनीतिक और सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। (अनंत ज्ञान)



## गुड न्यूज : लंबे समय से प्रतीक्षित लठियाणी-मंदली पुल के निर्माण का कार्य शुरू, दर्जनों गांवों को मिलेगी सुविधा

# गोबिंदसागर पर बनेगा उत्तर भारत का सबसे लंबा 860 मीटर केबल स्टेड पुल

अनंत ज्ञान स्पैशल

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** लंबे समय से प्रतीक्षित लठियाणी-मंदली (बिहड़ू) पुल के निर्माण कार्य का शुभारंभ हो गया है। जैसे ही निर्माण कार्य शुरू हुआ, क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह पुल लठियाणी, मंदली सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लिए आवागमन का मुख्य साधन साबित होगा।

वर्षों से पुल के अभाव में विशेषकर बरसात के मौसम में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, बरसाती नाले में पानी बढ़ने से कई बार आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता था। इसका सीधा असर विद्यार्थियों, मरीजों और किसानों पर पड़ता था। अब पुल बनने से न केवल सुरक्षित और सुगम यातायात उपलब्ध होगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। गोबिंदसागर झील पर बनने वाला यह पुल उत्तर भारत का सबसे लंबा 860 मीटर का केबल स्टेड और वायाडक्ट पुल होगा। पुल के निर्माण से लठियाणी से ऊना का रास्ता 21 किलोमीटर कम हो जाएगा। इससे न केवल लगभग एक घंटे का सफर घटेगा, बल्कि ईंधन और समय दोनों की बचत होगी।

विद्यार्थियों के लिए ऊना और हमीरपुर के कॉलेजों तक पहुंचना आसान होगा, वहीं बीमार लोगों को इलाज के लिए अब मोटरबोट या वैकल्पिक लंबे मार्गों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। हालांकि इस बड़ी परियोजना के लिए पर्यावरणीय कीमत भी चुकानी होगी। पुल निर्माण के लिए करीब 4068 पेड़ों की कटाई की जा रही है।

इनमें से लगभग 380 पेड़ वन विभाग की भूमि पर हैं, जबकि शेष निजी भूमि से काटे जा रहे हैं। इन दिनों काटे जाने वाले पेड़ों की नंबरिंग कर उनका कटान किया जा रहा है। इसके अलावा, लगभग छह पंचायतें सीधे तौर पर पुल से जुड़ने से वंचित रह जाएंगी।

परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा टेंडर अवार्ड होने के बाद एसपीएस कंपनी ने कैंप ऑफिस स्थापित कर निर्माण कार्य में तेजी ला दी है। ऊना में गोबिंदसागर झील पर लठियाणी से बिहड़ू तक प्रस्तावित इस पुल के बनने से लठियाणी के आर-पार के 14 गांवों का ऊना पहुंचने का सफर 21 किलोमीटर तक कम हो जाएगा।



प्रतीकात्मक फोटो।

### परियोजना की कुल प्रस्तावित लागत 897 करोड़

**इस** महत्वाकांक्षी परियोजना की कुल प्रस्तावित लागत 897 करोड़ रुपए है। प्रोजेक्ट के तहत 480 मीटर लंबा केबल स्टेड पुल, 380 मीटर लंबा वायाडक्ट पुल। दोनों छोरों पर कुल 8 किलोमीटर लंबा फोरलेन, फोरलेन पर 50 मीटर का एक माइनर पुल, 150 मीटर का एक अतिरिक्त वायाडक्ट, दो व्हीकल ओवरपास और दो व्हीकल अंडरपास, इस तरह कुल 11 संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। लठियाणी की ओर 3.353 किमी और बिहड़ू की ओर 4.803 किमी लंबा फोरलेन प्रस्तावित है। यह पुल गोबिंद सागर झील के दोनों छोर पर स्थित अलमाना और बदघर को आपस में जोड़ेगा।

### 30 माह में प्रोजेक्ट को पूरा करने का लक्ष्य

**पीआईयू** यूनिट, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के साइट इंजीनियर सुशील ठाकुर ने बताया कि एसपीएस कंपनी को यह टेंडर अवार्ड किया गया है और 30 माह के भीतर परियोजना पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पुल के बन जाने से हमीरपुर और ऊना के बीच की दूरी काफी कम हो जाएगी और क्षेत्र को यातायात की बड़ी राहत मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### विक्रमादित्य 18 को शिमला ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 18 जनवरी को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के चनोग तथा 20 जनवरी को कोट गेहा के प्रवास पर रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे वह कफलेड की संपर्क सड़क, पवाबो से सुजाना तथा शाल से चनोग संपर्क सड़क की आधारशिला रखेंगे, जिसके बाद पवाबो में वन निरीक्षण हट, बरोग, कफलेड व सुजाना में खेल मैदान और राजकीय प्राथमिक स्कूल चनोग में अतिरिक्त कमरों का उद्घाटन करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा 20 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे ग्राम पंचायत कोट गेहा में नवनिर्मित पंचायत घर का उद्घाटन कर वह वहां भी जनसभा को संबोधित करेंगे।

### वीरगाथा प्रतियोगिता में जुन्गा का शौर्य टॉप-10 में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** गणतंत्र दिवस समारोह 2026 की शृंखला में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की वीरगाथा प्रतियोगिता 5.0 में जुन्गा क्षेत्र के आठ वर्षीय शौर्य ठाकुर ने टॉप-100 में स्थान हासिल कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में देशभर से करोड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया था। शौर्य ने कैप्टन विक्रम बतरा के शौर्य और बलिदान पर आधारित हृदयस्पर्शी कविता लिखकर यह उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि के लिए शौर्य ठाकुर को दिल्ली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर दस हजार रुपये नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा, साथ ही उन्हें कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने का अवसर भी मिलेगा। मूल रूप से भड़ेच, जुन्गा निवासी शौर्य वर्तमान में अबू धाबी में अध्ययनरत हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन ने इस सफलता पर शौर्य और उनके परिवार को बधाई दी है।



### पटवारी-कानूनगो संघ ने हमले की निंदा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कुल्लू जिला के काईस क्षेत्र में सरकारी कार्य के दौरान पटवारी और कानूनगो पर हुए जानलेवा हमले की हिमाचल प्रदेश राजस्व अधिकारी महासंघ ने कड़ी भर्त्सना की है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नारायण सिंह वर्मा, महासचिव विपिन वर्मा और प्रेस सचिव हेमराज शर्मा ने संयुक्त बयान में सरकार से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि इससे पहले चंबा और मंडी के रिवाल्सर में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जो गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि भूमि निशानदेही और तकसीमी जैसे संवेदनशील कार्यों के लिए राजस्व कर्मचारी अक्सर बिना सुरक्षा के फील्ड में जाते हैं, जहां निर्णय अनुकूल न होने पर लोग हिंसक रुख अपना लेते हैं। महासंघ ने सरकार से मांग की है कि फील्ड कार्य के दौरान राजस्व कर्मचारियों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### एबीवीपी ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विश्वविद्यालय इकाई ने छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर माननीय कुलपति को ज्ञापन सौंपते हुए स्नातक विद्यार्थियों की दो प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें यूजी विशेष अवसर के अंतर्गत केवल असफल विषयों की ही परीक्षा लेने तथा यूजी परीक्षा प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग शामिल है। परिषद ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था से छात्रों पर अनावश्यक मानसिक, आर्थिक और शैक्षणिक दबाव पड़ता है और अनेक विद्यार्थी पहले से उत्तीर्ण विषयों की दोबारा तैयारी करने को विवश होते हैं, जबकि केवल असफल विषयों की परीक्षा होने से उन्हें वास्तविक राहत मिलेगी। इसके साथ ही परिषद ने बताया कि आर्थिक, तकनीकी और व्यक्तिगत कारणों से कई छात्र समय पर परीक्षा प्रपत्र नहीं भर पा रहे हैं, परिषद ने विश्वविद्यालय से छात्र हित में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।

### युवा दिवस पर चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में शोध के तत्वावधान में युवा दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ. सीमा ठाकुर ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व, चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सुदृढ़ चरित्र निर्माण भी है। उन्होंने युवाओं से तकनीक और मूल्यों के बीच संतुलन, सकारात्मक परिवर्तन, भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान और औपनिवेशिक मानसिकता के त्याग का आह्वान किया तथा भगत सिंह और राजगुरु के आदर्शों को स्मरण कराया। कार्यक्रम में संयोजक नेक राम, प्रांत संयोजक सर्वेश दीक्षित सहित शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एबीवीपी की केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में छात्रहित पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** गोवा के जांबावली स्थित दामोदर संस्थान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दो-दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक का शुभारंभ हुआ, जिसमें देशभर से आए प्रतिनिधि शिक्षा और छात्रहित से जुड़े मुद्दों पर विचार कर रहे हैं। बैठक में सत्र 2025-26 में 77,25,508 विद्यार्थियों की रिकॉर्ड सदस्यता की जानकारी दी गई और शैक्षिक परिसरों में अनियमितताओं, अनैतिक शुल्क वृद्धि तथा छात्रावासों की स्थिति पर चिंता जताई गई। इसके साथ ही स्क्रीन टाइम से एक्टिविटी टाइम अभियान के माध्यम से युवाओं को रचनात्मक और शारीरिक गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया गया।

### तत्तापानी में श्रद्धालुओं ने किया पवित्र स्नान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के सुन्नी के समीप स्थित तत्तापानी में माघ के पहले शनिवार को आयोजित पारंपरिक मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां हजारों लोगों ने पवित्र स्नान कर दान-पुण्य और तुलादान जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए, वहीं मेले में सजी दुकानों से खेती-बाड़ी के औजारों की खरीदारी भी खूब हुई और युवाओं व बच्चों ने सतलुज नदी में वाटर स्पोर्ट्स का आनंद लेते हुए उत्सव के रंग को और भी रौनकदार बना दिया।

### प्रदेश में 31 पंचायतों का पुनर्गठन संभव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में 31 ग्राम पंचायतों की सीमाओं में बदलाव की तैयारी है और इस संबंध में प्रस्ताव 19 जनवरी को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में लाया जाएगा। सरकार ने प्रत्येक पंचायत की आबादी 1500 से 2000 के बीच रखने का फैसला किया है, जबकि फिलहाल कई पंचायतों की जनसंख्या तीन हजार के आसपास है, ऐसे में पुनर्गठन और पुनर्सीमांकन के बाद नई पंचायतों के गठन की संभावना भी बन रही है। प्रशासन का कहना है कि अधिकांश पंचायतों को यथावत रखा जाएगा और केवल चिन्हित 31 पंचायतों में ही बदलाव होगा। जिला उपायुक्तों को प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सेब बागवानों में आयात शुल्क की कटौती पर उबाल, आंदोलन की तैयारी

## जुलाई-अगस्त सीजन से पहले नीति में बदलाव की मांग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल के सेब बागानों में फल नहीं, फिक्र पक रही है। यह सेब का सीजन नहीं है, मगर बागवानों की तीव्र बेचैनी अभी से अपने चरम पर पहुंचने लगी है। वजह, विदेशी सेब पर आयात शुल्क में की गई कटौती, जिसने आने वाले महीनों को लेकर देवभूमि के बागवानों के दिलों में खौफ भर दिया है। बागवान मानते हैं कि अगर आने वाले जुलाई या अगस्त माह में शुरू होने वाले सेब सीजन से पहले इस मसले पर रोक नहीं लगी, तो उनकी मेहनत सस्ते आयात की भेंट चढ़ जाएगी और उन्हें औने-पौने दामों पर अपनी फसल बेचने को मजबूर होना पड़ेगा।

जानकारी के अनुसार यह मुद्दा अब खेतों व मंडियों की चौखट से निकलकर सेब उत्पादक संगठनों और किसान-बागवान यूनियनों तक पहुंच गया है। बाकायदा, जिला शिमला में आंदोलन की तैयारियां तेज हो चुकी हैं और संकेत हैं कि बड़ी तादाद में बागवान इसमें शरीक हो सकते हैं। बागवान संगठनों का कहना है कि वे पहले ही सरकार से कई दौर की बातचीत कर चुके हैं, लेकिन जब तक आयात नीति में ठोस बदलाव नहीं होता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। उनके मुताबिक यह लड़ाई किसी एक सीजन की नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों में राज्य के सेब को जिंदा रखने की है।



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

बागवानों की पीड़ा यह है कि सेब का असली सीजन भले अभी आगे है, मगर नीतियों के फैसले अभी लिए जा रहे हैं। विदेशी सेब अगर कम शुल्क पर बाजार में दाखिल होता रहा, तो अगस्त के बाद राज्य का सेब दामों की मार नहीं झेल पाएगा। कोल्ड स्टोरेज, ट्रांसपोर्ट और मेहनत की लागत पहले ही बढ़ चुकी है। ऐसे में सस्ते आयात के सामने स्थानीय बागवान कमजोर पड़ जाएगा। यही वजह है कि आंदोलन की जमीन अब पूरी तरह तैयार मानी जा रही है।

### सौ फीसदी किया जाए आयात शुल्क : मुख्यमंत्री सुक्खू

**दूसरी** तरफ इस मसले को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिल्ली जाकर केंद्र सरकार के सामने बागवानों की आवाज रखी। उन्होंने साफ कहा कि विदेशी सेब पर आयात शुल्क घटाने का फैसला हिमाचल के बागवानों के लिए नुकसानदेह है और इसे तुरंत पलटने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के समक्ष रखते हुए आयात शुल्क को बढ़ाकर सौ फीसदी करने की मांग की, ताकि हिमाचल का बागवान महफूज रह सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर समय रहते आयात नीति में बदलाव नहीं हुआ, तो सेब सीजन के दौरान हिमाचल के बागवान भारी नुकसान झेलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बागवानों के साथ खड़ी है और उनकी जायज मांगों को लेकर केंद्र से लगातार संवाद किया जाएगा, ताकि पहाड़ की आर्थिकी और बागवान की मेहनत दोनों सुरक्षित रह सकें।

# नालदेहरा में मंत्री अनिरुद्ध ने सुनी लोगों की समस्याएं



कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से संवाद करते अनिरुद्ध सिंह। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के नालदेहरा में राज्य सरकार का महत्वाकांक्षी सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में चलाया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि विशेष राजस्व अभियान के तहत अक्तूबर 2023 से दिसंबर 2025 तक प्रदेश में पांच लाख दस हजार से अधिक मामलों का निपटारा किया गया है। उन्होंने नालदेहरा से बनरेडी (ओडू) और कोगी से डगोग संपर्क सड़कों के शिलान्यास की जानकारी देते हुए कहा कि इन सड़कों पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

इसके बाद मंत्री ने सैंव गांव में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने खेल मैदान के विस्तार, फेंसिंग और युवक मंडल को सहयोग राशि देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# एचपी होम स्टे नियम-2025 लागू अब पंजीकरण हुआ अनिवार्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने अधिसूचना जारी कर एचपी होम स्टे नियम, 2025 को लागू कर दिया है, जिसके तहत राज्य में संचालित सभी होम स्टे और बी एंड बी इकाइयों का नए नियमों के अंतर्गत पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है।

जिला शिमला के पर्यटन विकास अधिकारी जगदीश शर्मा ने बताया कि जो इकाइयां पहले से भारत सरकार की इनक्रेडिबल इंडिया बेड एंड ब्रेकफास्ट अथवा इनक्रेडिबल इंडिया होम स्टे एस्टेब्लिशमेंट योजना या एचपी होम स्टे योजना, 2008 के तहत पंजीकृत हैं, उन्हें नियमों के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर संबंधित प्राधिकारी के समक्ष ई-सेवाएं पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा।

◆ **नियमों की अनदेखी पर होगी कड़ी कार्रवाई**

उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी पहले से पंजीकृत इकाइयों का नया पंजीकरण उनकी वर्तमान पंजीकरण वैधता तिथि तक बिना किसी शुल्क के किया जाएगा, लेकिन नए नियमों के तहत विधिवत पंजीकरण के बिना किसी भी होम स्टे या पर्यटन इकाई का संचालन अवैध माना जाएगा। उन्होंने सभी होम स्टे और बी एंड बी इकाई मालिकों से समय रहते नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की और चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में पंजीकरण न करवाने या नियमों के उल्लंघन की स्थिति में एचपी होम स्टे नियम, 2025 के प्रावधानों के अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सरकार व प्रशासन के सहयोग से पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को मिली गति : चंद्र प्रभा नेगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला परिषद की साधारण बैठक जिला परिषद भवन एवं जिला पंचायत संसाधन केंद्र चलौंठी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष चंद्र प्रभा नेगी ने की। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में जिला भर में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सभी सदस्यों ने एकजुट होकर कार्य किया है।



बैठक के दौरान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अधिकारी एवं सदस्य। अनंत ज्ञान

सरकार और प्रशासन के सहयोग से अधिकतर जनसमस्याओं का समाधान संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और इस कार्यकाल में लंबे समय से लंबित कई कार्य पूरे किए गए हैं, जबकि अनेक नई योजनाएं जिला के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति पर हैं। बैठक में जिला में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। सदस्य सुभाष कैंथला द्वारा उप-तहसील कोटगढ़ में पुलिस चौकी खोलने का मुद्दा उठाया गया, जिस पर बताया गया कि भूमि उपलब्ध न होने के कारण पुलिस विभाग किराए के भवन में चौकी संचालन की दिशा में कार्य कर रहा है। नारकंडा चौकी में हथियार जमा करने से संबंधित विषय पर पुलिस और एडीएम लॉ एंड ऑर्डर के साथ चर्चा कर समाधान निकालने की बात कही गई। सदस्य नीमा जस्टा ने खरोग पंचायत में ट्रांसफार्मर लगाने का मुद्दा उठाया, जिस पर विद्युत विभाग ने इसी माह कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में एचआरटीसी की पुरानी बसें भेजे जाने पर भी चिंता जताई गई और प्रस्ताव सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया।

बैठक में रामपुर एनएच पर कुमारसैन से बढ़ाल तक डंगा लगाने के लिए 10 लाख रुपए का बजट स्वीकृत होने और शीघ्र कार्य आरंभ होने की जानकारी दी गई। सिद्धपुर क्षेत्र में ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने का कार्य शीघ्र पूरा करने की मांग भी रखी गई।

# राजीव बिंदल बोले-एसआईआर लोकतंत्र की मजबूती का साधन



राजीव बिंदल का स्वागत करते सांसद सिकंदर कुमार व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला संसदीय क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर लोकतंत्र को मजबूत और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक आवश्यक प्रक्रिया है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है, जो निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर सुधार करती रहती है। एसआईआर कोई नई व्यवस्था नहीं है, बल्कि आजादी के बाद से लगातार लागू होती रही है, इसलिए इसे लेकर भ्रम या अनावश्यक विरोध करना उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुसार मतदान का अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को है और इसी सिद्धांत को लागू करने के लिए यह प्रक्रिया जरूरी है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि पिछले कई दशकों में बड़ी संख्या में अनाधिकृत विदेशी नागरिकों ने गलत तरीकों से वोटर सूची और पहचान पत्रों में स्थान बना लिया, जिससे चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल वोट बैंक की राजनीति के चलते ऐसे तत्वों को संरक्षण दे रहे हैं।

# रिटायर राजस्व कर्मियों के अस्थायी नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में मेहनताना के आधार पर रिटायर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो और पटवारी की अस्थायी नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि इच्छुक और योग्य रिटायर कर्मचारी अपने आवेदन सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ उपायुक्त कार्यालय, शिमला में 31 जनवरी 2026 तक जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र जिला शिमला की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं और अंतिम तिथि के बाद या अधूरे आवेदन स्वतः निरस्त कर दिए जाएंगे।

जिले में तहसीलदार के तीन, नायब तहसीलदार और कानूनगो का एक-एक तथा पटवारी के सत्तर पद भरे जाएंगे। उम्मीदवार ने रिटायरमेंट से पहले राजस्व विभाग में कम से कम पांच वर्ष सेवा दी हो और उनके विरुद्ध कोई विभागीय कार्रवाई लंबित न हो। चयनित रिटायर कर्मचारियों को तीन माह के लिए रखा जाएगा, जिसे आवश्यकता और प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है। मेहनताना तहसीलदार के लिए 70 हजार, नायब तहसीलदार के लिए 60 हजार, कानूनगो के लिए 50 हजार और पटवारी के लिए 40 हजार रुपये प्रति माह तय किया गया है, जबकि सेवा पूरी तरह अस्थायी होगी और नियमित अधिकारियों की उपलब्धता पर समाप्त की जा सकती है।

# कुलदीप पठानिया 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में होंगे शामिल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां 18 जनवरी को नई दिल्ली से उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। वह लखनऊ में आयोजित होने वाले 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भाग लेंगे।

इससे पहले वह संसद भवन के संविधान सदन में 14 से 16 जनवरी तक आयोजित 28वें अन्तर्राष्ट्रीय स्पीकर और पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली में मौजूद थे। 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन 19 से 21 जनवर तक उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा उत्तर प्रदेश विधान मंडल भवन, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का शुभारम्भ 19 जनवरी को लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे और इसी दिन विधायिका निकायों के सचिवों का सम्मेलन तथा एआईपीओसी की स्थायी समिति की बैठक भी होगी। गौरतलब है कि वरिष्ठ एवं अनुभवी पीठासीन अधिकारी होने के नाते कुलदीप सिंह पठानियां सम्मेलन के दौरान कई सत्रों का संचालन करेंगे।

# 125 दिन की कानूनी रोजगार गारंटी से राज्य को बड़ा लाभ : सुरेश कश्यप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के गेयटी थिएटर में भाजपा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि 'जी राम जी' विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण गारंटी अधिनियम, 2025 के तहत 100 दिन की रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है और इसे कानूनी संरक्षण भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जानबूझकर भ्रम फैला रही है, जबकि यह योजना पहले की तरह डिमांड-ड्रिवन रहेगी और समय पर काम या भुगतान न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता का प्रावधान भी जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि विशेष श्रेणी राज्य होने के कारण हिमाचल को 90:10 फंडिंग पैटर्न से सीधा लाभ मिलेगा, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कें, जल संरक्षण और ग्रामीण अवसंरचना के कार्य तेजी से होंगे। कश्यप ने कहा कि जियो-टैगिंग, जीपीएस मैपिंग, डिजिटल ट्रैकिंग और एआई आधारित सोशल ऑडिट से पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगेगी।

**संजीदगी** मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा, हकदार तक हक पहुंचाना जरूरी, फाइलों में न भटके

# प्रदेश में एफआरए मामलों में रफ्तार लाने के सख्त निर्देश

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जंगल और जमीन पर पीढ़ियों से टिके हक को कागजों की धूल में दबने नहीं दिया जा सकता। इसी जज्बे व संजीदगी के साथ शिमला में वन अधिकार अधिनियम से जुड़े मामलों पर मंथन हुआ। माहौल में सख्ती भी थी और इंसाफ की जलधारा भी, जहां साफ संदेश दिया गया कि देरी नहीं, अब रफ्तार चाहिए। फॉरेस्ट राइट एक्ट (एफआरए) को जनकल्याण की रूह बताते हुए कहा गया कि हकदार तक हक पहुंचना चाहिए, न कि फाइलों में भटकना।



एफआरए मामलों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते राजस्व मंत्री। अनंत ज्ञान

इसी सिलसिले में आयोजित जिला शिमला की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने की। बैठक में उपमंडल स्तर के अधिकारियों से सीधे संवाद हुआ और रोहड़ू, जुब्बल, चौपाल, शिमला-ग्रामीण व कुपवी क्षेत्रों की प्रगति पर तफसील से चर्चा की गई। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि समयबद्ध निपटारे में चूक होने पर अधिनियम में जुर्माने का प्रावधान है, इसलिए किसी भी स्तर पर तसाहुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

समीक्षा के दौरान सामने आया कि जिला शिमला में ग्रामसभा स्तर पर सदस्य और समुदायों से जुड़े कुल 262 मामले प्राप्त हुए हैं। इनमें से 196 मामलों को ग्रामीण स्तरीय वन अधिकार समितियों ने उपमंडल स्तरीय समितियों को भेज दिया है, लेकिन अब तक एक भी मामला जिला स्तरीय समिति तक नहीं पहुंचना गंभीर चिंता का विषय है। मंत्री ने इसे प्रशासनिक सुस्ती करार देते हुए कहा कि यह रुकावट कानून की मंशा के खिलाफ है।

बैठक में यह भी बताया गया कि जिला शिमला में कुल 2,266 वन अधिकार समितियों का गठन किया जा चुका है। चौपाल, जुब्बल, कोटखाई, रामपुर, रोहड़ू, शिमला ग्रामीण, ठियोग सहित अन्य क्षेत्रों में सैकड़ों समितियां सक्रिय हैं, इसके बावजूद मामलों की गति संतोषजनक नहीं है। इस पर मंत्री ने निर्देश दिए कि मार्च 2026 तक अधिकतर मामलों का निपटारा सुनिश्चित किया जाए और जिम्मेदारी तय कर काम को अंजाम तक पहुंचाया जाए।

### एफआरए का मकसद और कानूनी पृष्ठभूमि

**बैठक** के अंत में एफआरए-2006 की कानूनी पृष्ठभूमि पर भी रोशनी डाली गई। बताया गया कि यह कानून उन अनुसूचित जनजातियों और अन्य समुदायों को अधिकार देता है जो 13 दिसंबर 2005 से पहले कम से कम तीन पीढ़ियों से वन भूमि पर निवास कर रहे हैं और अपनी जायज़ आजीविका के लिए जंगलों पर निर्भर हैं। मंत्री ने दोहराया कि कानून की कामयाबी तभी मानी जाएगी, जब हकदार को उसका हक वक्त पर और बगैर रुकावट मिले।

# राज्यपाल ने सेना के साहस व बलिदान को किया नमन

## आर्मी ट्रेनिंग कमांड ने मनाया 78वां सेना दविस



आरट्रैक शिमला में 78वें सेना दिवस के अवसर पर राज्यपाल एवं अन्य गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला स्थित आर्मी ट्रेनिंग कमांड (आरट्रैक) में आयोजित 78वें सेना दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में साइबर और सूचना युद्ध जैसी चुनौतियों के कारण आरट्रैक की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। यहां दिया जा रहा तकनीक-सक्षम और बहुआयामी प्रशिक्षण भारतीय सेना को न केवल रणनीतिक रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि नैतिक और मानवीय मूल्यों से भी समृद्ध कर रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि सेना दिवस राष्ट्र की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा में भारतीय सेना के अतुलनीय बलिदान, अदम्य साहस और अटूट संकल्प का प्रतीक है। प्रदेश व सशस्त्र बलों के भावनात्मक संबंधों का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश को देवभूमि के साथ-साथ वीरभूमि के रूप में भी जाना जाता है, जहां लगभग हर गांव सैन्य सेवा की गौरवशाली परंपरा से जुड़ा है।

उन्होंने सैनिकों और उनके परिवारों के मौन बलिदान को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताया। राज्यपाल ने रक्षा क्षेत्र में केंद्र सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में रक्षा मंत्रालय के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पेंशनर्स ज्वॉइंट फ्रंट की राज्यस्तरीय बैठक 21 को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** प्रदेश पेंशनर्स ज्वॉइंट फ्रंट की राज्यस्तरीय बैठक 21 जनवरी को रिम्पा पैलेस आरा चौक डाडासीबा में आयोजित होगी। पेंशनर्स संघ ब्लॉक परागपुर के महासचिव ख्याल चंद ने बताया कि बैठक में प्रदेश ज्वॉइंट फ्रंट पेंशनर्स के चेयरमैन आत्मा राम सहित समस्त पेंशनर्स राज्य कार्यकारिणी के सदस्य भी शामिल होंगे। कांगड़ा पेंशनर संघ के अध्यक्ष कृष्ण स्वरुप शर्मा भी बैठक में विशेष रूप से शामिल होंगे। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### डाडासीबा-ढलियारा में आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** सब स्टेशन देहरा के तहत आने वाले डाडासीबा और ढलियारा क्षेत्र में रविवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 132 केवी सब स्टेशन देहरा में आवश्यक मरम्मत एवं नियमित रखरखाव कार्य के चलते सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान सब स्टेशन देहरा से जुड़े सभी 33 केवी फीडर डाडासीबा और ढलियारा प्रभावित रहेंगे। इसके कारण इन क्षेत्रों के सभी गांवों व कस्बों में घरेलू, व्यावसायिक और अन्य उपभोक्ताओं को असुविधा हो सकती है। सहायक अभियंता दिनेश कुमार व मनीष संधू ने बताया कि कार्य पूर्ण होते ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### स्मार्ट मीटर लगाने में करें सहयोग: विक्रम

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विद्युत उपमंडल शाहपुर के सहायक अभियंता विक्रम शर्मा ने उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया में विभाग का सहयोग करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को घर पर कागजी बिल नहीं दिए जाएंगे। बिल की सारी जानकारी पंजीकृत मोबाइल नंबर ईमेल और बिजली बोर्ड की अधिकारिक मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता को इस नई तकनीक का अनावश्यक विरोध नहीं करना चाहिए। बोर्ड ने कहा कि उपभोक्ता अपना मोबाइल नंबर बिजली बोर्ड के रिकॉर्ड में अपडेट करवा दें।

### पौंग विस्थापित 19 को करेंगे प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजा का तालाब में शनिवार को पौंग विस्थापितों, भूमिहीनों और अन्य भू पीड़ितों के लिए किसान सभा के सदस्यों ने एक मीटिंग की। इसके तहत 19 जनवरी सुबह 11 बजे से पीड़ित पौंग विस्थापित परिवार, भूमिहीन और भू पीड़ित परिवार डीसी आरएंडआर के प्रांगण में प्रदर्शन करेंगे। इसमें उनकी 6 दशकों से लटकी मांग और न्याय के साथ-साथ कुछ और भी प्रस्ताव हैं। प्रदर्शन में प्रदेश अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्य भी शामिल रहेंगे। पौंग विस्थापित सभा से संयुक्त किसान मोर्चा हिमाचल प्रदेश से डॉ. अशोक सोमल, साहित्यकार पंकज दर्शी, कन्वीनर कैप्टन अनिल कुमार, अश्वनी कुमार, सरदार प्रेम सिंह, सोमराज तथा अन्य कन्वीनर सदस्य भी शामिल रहेंगे। इस प्रदर्शन उपरांत डीसी आरएंडआर को ज्ञापन पत्र भी सौंपा जाएगा।

### मुनीश ने संभाला खंड विकास अधिकारी का पदभार



**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** ब्लॉक पंचरुखी में कई महीनों से खंड विकास अधिकारी का पद रिक्त चल रहा था, जिसका अतिरिक्त कार्यभार वीडियो लंबागांव सिकंदर संभाल रहे थे। अब पंचरुखी ब्लॉक को स्थायी खंड विकास अधिकारी मिल गया है। मुनीश चौधरी ने पंचरुखी ब्लॉक का कार्यभार संभाला लिया। पालमपुर उपमंडल के निवासी मुनीश चौधरी अपने नौ वर्षों के सेवाकाल में जिला कांगड़ा के नगरोटा व रैत में सेवाएं दे चुके हैं।

### ट्राइबल गेम्स-2026 के लिए ट्रायल 19 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अतिरिक्त निदेशक, युवा सेवा एवं खेल हिमाचल प्रदेश हितेश आजाद ने बताया कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026, जो 14 फरवरी से छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित हैं, के लिए हिमाचल प्रदेश के जनजातीय खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। एथलेटिक्स, तीरंदाजी (रिकर्व व कम्पाउंड) और फुटबॉल महिला व पुरुष वर्ग के ट्रायल 19 जनवरी को जिला खेल कार्यालय, लुहणू ग्राउंड बिलासपुर में होंगे। पंजीकरण प्रातः 10 बजे से होगा। खिलाड़ी हिमाचली व जनजातीय प्रमाण पत्र तथा दो फोटो साथ लाएं। अन्य खेलों के ट्रायल इंदिरा स्टेडियम ऊना में होंगे। टीए/डीए देय नहीं होगा।

अनुसूचित जाति आयोग ने दिए सफाई कर्मचारियों के लिए विजिलेंस कमेटी का गठन करने के निर्देश

# सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम और मूलभूत सुविधाएं हों सुनिश्चित : कुलदीप

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान की अध्यक्षता में सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए पालमपुर में बैठक का आयोजन किया।

उन्होंने कांगड़ा जिले के नगर निगम धर्मशाला, नगर निगम पालमपुर, जिला के सभी नगर परिषद व नगर पंचायत, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा और आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज पपरोला (बैजनाथ), चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की ओर से सफाई कर्मियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी हासिल की। कुलदीप धीमान ने कहा कि आयोग का मुख्य उद्देश्य सफाई कर्मचारियों के संवैधानिक हकों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए चलाई गई योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करवाना है। उन्होंने बैठक में सभी नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत और संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों को सफाई कर्मचारियों के लिए विजिलेंस कमेटी का शीघ्र गठन करने के निर्देश दिए और एक सप्ताह के भीतर कमेटी के गठन की रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत करने को भी कहा।

उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को भी कहा कि कोई भी ठेकेदार सफाई कर्मचारियों के न्यूनतम मानदेय आदि सुविधाओं को लेकर शोषण न करें।

उन्होंने सफाई कर्मचारियों के लिए नगर निगम धर्मशाला की तर्ज पर आवासीय कॉलोनी बनाने के लिए सुझाव दिए और सभी सफाई कर्मचारियों को उच्च गुणवत्ता के उपकरण व रिफ्लेक्टर वाली वर्दी उपलब्ध करवाने को भी कहा। बैठक में हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य एडवोकेट विजय डोगरा और एडवोकेट दिग्विजय मल्होत्रा ने अपने सुझाव रखे।



आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

# 'जी राम जी' योजना ग्रामीण रोजगार की दिशा में ऐतिहासिक पहल : अरविंद

- गरीब परिवारों की आय में होगा इजाफा
- कहा- पलायन जैसी समस्याओं पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अरविंद चौधरी ने केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई विकसित भारत जी राम जी योजना का स्वागत करते हुए इसे ग्रामीण भारत के लिए एक क्रांतिकारी कदम बताया। अरविंद ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को जमीन पर उतारने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर अब विकसित भारत जी रामजी योजना रखा है, जो न केवल नाम में बल्कि व्यवस्था और परिणामों में भी एक बड़ा परिवर्तन लेकर आई है। उन्होंने कहा कि जहां पहले मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों का रोजगार मिलता था। वहीं, अब जी राम जी योजना के तहत 125 दिनों का सुनिश्चित रोजगार प्रदान किया जाएगा। इससे ग्रामीण श्रमिकों, मजदूरों और गरीब परिवारों की आय में सीधा इजाफा होगा तथा पलायन जैसी समस्याओं पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। यह योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने, युवाओं को रोजगार देने और भ्रष्टाचार-मुक्त शासन की दिशा में एक मजबूत आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा इस जनहितकारी योजना को गांव-गांव तक पहुंचाने और लोगों को इसके लाभों से अवगत कराने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

# कुलदीप बने वाल्मीकि धर्मसमाज संगठन जिला कांगड़ा के अध्यक्ष



छतरी गांव में पंजाब राज्य अध्यक्ष अमित रंधावा की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राष्ट्रीय वाल्मीकि धर्मसमाज संगठन (रजि.) की बैठक शाहपुर के गांव छतरी में पंजाब राज्य अध्यक्ष अमित रंधावा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से कुलदीप कुमार को संगठन के जिला कांगड़ा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति के साथ उन्हें नई कमेटी बनाने का आदेश दिया गया। इस अवसर पर कुलदीप कुमार ने नियुक्ति पर कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है तन मन और ईमानदारी से निभाएंगे । इस दौरान विशेष तौर पर पंजाब राज्य महासचिव कमल गिल, सुभाष, अर्जुन कुमार, अनु कुमार, बाबा शांतनु दास करण कुमार, पवन कुमार, आकाश आदि सहित अन्य लोग भी मौजूद थे ।

# प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल, जनता त्रस्त : परमार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रेस बयान में कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आते ही प्रदेश अव्यवस्था, प्रशासनिक अराजकता और जनविरोधी नीतियों का शिकार होता जा रहा है। प्रदेश का हर वर्ग किसान, युवा, महिला, कर्मचारी, व्यापारी और आम नागरिक आज स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। अधिकारी मनमानी पर उतर आए हैं और मंत्री स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि अफसरशाही सरकार पर पूरी तरह हावी हो चुकी है। उन्होंने प्रदेश की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय में मंत्रियों को ही समय नहीं मिल पा रहा, जिससे सरकार के भीतर तालमेल की भारी कमी और अव्यवस्था साफ दिखाई देती है। जब सरकार के अपने मंत्री ही परेशान हों, तो आम जनता की समस्याओं का समाधान कैसे होगा।

परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार लोकतंत्र से डरी हुई है, इसी कारण पंचायत चुनाव तक नहीं करवा पा रही। इससे भी अधिक गंभीर बात यह है कि सरकार न्यायालयों के निर्णयों को भी नजरअंदाज कर रही है, जो संविधान और लोकतंत्र दोनों के लिए अत्यंत चिंताजनक संकेत है। परमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता अब इस नाकाम, अहंकारी और जनविरोधी सरकार को और अधिक बर्दाश्त नहीं करेगी तथा आने वाले समय में लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस सरकार को करारा जवाब देगी।

# विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर जमीन पर उतारी 'वीबी जी राम जी' योजना : राजेश

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रधानमंत्री ने वीबी जी राम जी योजना 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर जमीन पर उतारी है। भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर के महामंत्री राजेश राणु ने पंचरुखी में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में ग्रामीण रोजगार का एक विशेष महत्व है। यह केवल कमजोर परिवारों की आय की सुरक्षा नहीं देता, बल्कि ग्राम विकास स्थिरता का भी एक साधन है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को यह भरोसा दिया था कि इस देश की सरकार युवाओं, गरीबों, पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों, शोषित और वंचित वर्गों के लिए समर्पित सरकार होगी। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि प्रधानमंत्री ने मनरेगा को एक व्यवहारिक रूप देने के लिए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार व अजीविका मिशन ग्रामीण के रूप में भारत को रोजगार, सम्मानजनक दिहाड़ी, और समयबद्ध भुगतान की मजबूत गारंटी प्रदान करने का प्रयास किया है। राणु ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों को अधिक दिहाड़ी के साथ रोजगार की सुनिश्चित गारंटी मिलेगी, साथ ही मजदूरी का भुगतान जो पहले 15 दिनों में होता था, वह अब 7 दिनों में सीधे श्रमिकों के खातों में किया जाएगा। यदि किसी कारणवश निर्धारित समय में भुगतान नहीं होता है, तो ब्याज सहित भुगतान प्रदान करने का इस विधेयक में प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए अपने क्षेत्र के विकास कार्य स्वयं तय करने का अधिकार दिया गया है। सभी विकास कार्यों में जियो टैगिंग और आधार कार्ड आधारित स्तयापना भी किए जाने का प्रावधान है ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

# ढलियारा स्कूल के 19 एनसीसी कैडेट्स को 'ए सर्टिफिकेट'



ढलियारा स्कूल में आयोजित विशेष समारोह में एनसीसी ऑफिसर मुकेश शर्मा ने कैडेट्स को दिए सर्टिफिकेट। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढलियारा के 19 एनसीसी कैडेट्स ने कठिन प्रशिक्षण और निरंतर परिश्रम के बल पर 'ए सर्टिफिकेट' प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल परिसर में आयोजित विशेष समारोह में कैडेट्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीसी ऑफिसर मुकेश शर्मा ने की। कार्यकारी प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी से प्राप्त 'ए सर्टिफिकेट' केवल प्रमाण-पत्र नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मसंयम और राष्ट्रसेवा के संस्कारों का परिचायक है।

उन्होंने विद्यार्थियों से इन मूल्यों को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। एनसीसी ऑफिसर मुकेश शर्मा ने कहा कि यह सफलता कैडेट्स की नियमित ट्रेनिंग, कठिन अभ्यास और समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं में एकता और अनुशासन की भावना विकसित कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने कैडेट्स की सफलता को क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जंडौर में अवैध खनन पर किसा शिकंजा, 4 टिप्परों के काटे चालान

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पंजाब व हिमाचल की सीमा पर लगते स्वां खड्ड पर शुक्रवार देर रात 11.30 बजे संसारपुर टैरस थाना प्रभारी संजय शर्मा व जिला खनन अधिकारी राजीव कालिया के आदेश अनुसार माइनिंग नोडल इंस्पेक्टर अश्वनी कौंडल की मौजूदगी संयुक्त गठित टीम ने अवैध खनन में जुटे चार टिप्परों के चालान किए। जानकारी के अनुसार, पुलिस व माइनिंग विभाग की टीम ने स्वां खडड में गश्त के दौरान अवैध खनन कर रहे 4 वाहनों पर कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के दौरान अवैध खनन में लगे माफियाओं में भगदड़ मच गई व पुलिस ने इस दौरान अवैध खनन में संलिप्त 4 टिप्परों का मौके पर कब्जे में लेकर उनके चालान किए। माइनिंग इंस्पेक्टर देहरा अश्वनी कौंडल ने बताया कि अवैध खनन कर आ रहे चार टिप्परों का चालान किए गए हैं और आगे की कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही अवैध खनन के रास्तों को बंद किया जाएगा। ज्ञात रहे कि देहरा व संसारपुर टैरेस पुलिस टीम द्वारा इससे पहले भी अवैध खनन में संलिप्त कई वाहन पिछले कुछ महीनों में पकड़े हैं व समय-समय पर हो रही कार्रवाई के बाद भी खनन माफियाओं के हौंसले इतने बुलंद हैं और स्वां खड्ड को छलनी करने के लिए वे दिन रात अवैध खनन में जुटे हैं। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस व माइनिंग विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध खनन में संलिप्त चार टिप्परों को जब्त कर माइनिंग विभाग द्वारा माइनिंग एक्ट में चालान किए हैं व माइनिंग विभाग की ओर से आगे की कार्रवाइ की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अवैध खनन के रास्तों को भी बंद किया जाएगा।

# तुष्टीकरण की राजनीति से पश्चिम बंगाल को किया जा रहा अलग-थलग : संजय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता संजय शर्मा ने शनिवार को धर्मशाला में पत्रकारवार्ता कर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर जड़े हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्म, तपस्या और बलिदान की धरती बंगाल आज ऐसे शासन के दौर से गुजर रहा है, जो उसे 'बंग-भंग' यानी बंगाल को तोड़ने की दिशा में ले जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया क्या बंगाल भारत का हिस्सा है या नहीं, यह सवाल आज हर देशवासी के मन में उठ रहा है।

संजय शर्मा ने कहा कि देश के कई राज्यों में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया व्यवस्थित तरीके से चल रही है। यह प्रक्रिया पहले भी 2003 में हुई थी और संसद में इस पर चर्चा हो चुकी है। पश्चिम बंगाल में इस संवैधानिक प्रक्रिया को रोकने के लिए न सिर्फ असंवैधानिक तरीके अपनाए जा रहे हैं, बल्कि हिंसा का भी सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से जुड़े अधिकारी तक सुरक्षित नहीं हैं। उन पर इतना दबाव डाला जा रहा है कि वे आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को तुष्टीकरण की राजनीति के जरिए अलग-थलग किया जा रहा है। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान हिंसा, चुनाव अधिकारियों पर दबाव और एक बीएलओ की आत्महत्या को लेकर उन्होंने तीखा हमला बोला। भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि जादवपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 110 के बीएलओ अशोक दास का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा कि अशोक दास एक ईमानदार अधिकारी थे, जो संविधान के अनुसार अपना काम कर रहे थे। इसी वजह से उन्हें टीएमसी कार्यकर्ताओं से धमकियां मिलीं। आरोप है कि उनसे कहा कि अगर किसी भी घुसपैठिए का नाम सूची से हटाया गया तो उन्हें और उनके परिवार को नुकसान पहुंचाया जाएगा। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर अशोक दास ने आत्महत्या कर ली। उनकी पत्नी ने इस मामले में टीएमसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बीएलओ कार्यालय पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि यह हमला टीएमसी विधायक मनीरुल इस्लाम की मौजूदगी में हुआ। ममता बनर्जी सरकार अवैध घुसपैठियों को बचाना चाहती हैं और इसी कारण सर जैसी प्रक्रियाओं का विरोध किया जा रहा है।



धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा। अनंत ज्ञान

# सड़क सुरक्षा को लेकर फिल्म महोत्सव का आयोजन, नागरिकों से भागीदारी की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी परिवहन निदेशालय, लीड एजेंसी/रोड सेफ्टी सेल, हिमाचल प्रदेश द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा, फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रचनात्मक माध्यमों, विशेषकर शॉर्ट फिल्म या वीडियो के जरिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह अभियान 15 फरवरी तक खुला रहेगा। इसमें 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। प्रतिभागी हिन्दी या अंग्रेज़ी भाषा में सडक़ सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर शॉर्ट वीडियो बनाकर प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। अभियान की विस्तृत शर्तें एवं दिशा-निर्देश रोड सेफ्टी सेल की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। वीडियो सबमिशन ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकता है। ऑनलाइन माध्यम के तहत गूगल फॉर्म के जरिए वीडियो अपलोड किए जा सकते हैं, जबकि ई-मेल अथवा सीधे परिवहन निदेशालय, रोड सेफ्टी सेल, शिमला में भी प्रविष्टि जमा कराई जा सकती है। 18 से 25 वर्ष, 25 से 32 वर्ष, 32 से 40 वर्ष तथा 40 वर्ष से ऊपर के आयुवर्ग के प्रतिभागियों की चयनित उत्कृष्ट फिल्म को 25-25 हजार रुपए तथा ट्रॉफी के साथ प्रमाण पत्र जबकि 20 चयनित प्रतिभागियों को 5-5 हजार रुपए तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

**कार्यक्रम** एडिप एवं आरवीवाई योजना के तहत सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित

# दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों को बांटे सहायक उपकरण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में शनिवार को धर्मशाला में दिव्यांग लोगों को सहायता (एडिप) एवं आरवीवाई (राष्ट्रीय व्योश्री योजना) के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को एल्मिको के सहयोग से सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए विशेष वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डीसी हेमराज बैरवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम हैं। सहायक उपकरणों के माध्यम से लाभार्थियों के दैनिक जीवन को सुगम बनाया जा रहा है, जिससे वे सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें। डीसी ने बताया कि इस शिविर के तहत पूर्व में 9 दिसंबर, 2024 से 16 दिसंबर, 2024 तक लाभार्थियों का आकलन किया गया था, जिसके उपरांत आज उपकरणों का वितरण किया गया। शिविर में ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, कमोड चेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, वांकंग स्टिक, वॉकर, रोलेटर, नी-ब्रेस, एलएस बेल्ट, कुशन, कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। उन्होंने जानकारी दी कि शिविर के माध्यम से कुल 1158 सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनकी कुल अनुमानित लागत 35.11 लाख रुपए रही। एडिप योजना के अंतर्गत 352 लाभार्थियों को तथा आवीवाई योजना के अंतर्गत 806 वरिष्ठ नागरिकों को लाभान्वित किया गया।

उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन कर दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे, ताकि जिले के सभी दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक अधिक सुविधा, आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ अपना दैनिक जीवन यापन कर सकें। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी साहिल मांडला, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



डीसी हेमराज बैरवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर उपकरण वितरित किए। अनंत ज्ञान

# नगरोटा बगवां में लोगों को दी टीबी के लक्षणों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** स्वास्थ्य खंड नगरोटा बगवां में राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. अशोक भारद्वाज ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रूबी भारद्वाज सहित चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, एएनएम, आशा कार्यकर्ता व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। डॉ. अशोक भारद्वाज ने अपने संबोधन में टीबी की राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय पर जांच, सही उपचार और समुदाय की सहभागिता से क्षय रोग का पूर्ण उन्मूलन संभव है। उन्होंने टीबी के लक्षण, संक्रमण के तरीके, आधुनिक जांच सुविधाएं और नि:शुल्क उपचार व्यवस्था की जानकारी दी। खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रूबी भारद्वाज ने कहा कि नगरोटा बगवां में टीबी नियंत्रण के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मी समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं।

# पंजाब सरकार की दमनकारी कार्रवाई निंदनीय : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने पंजाब सरकार द्वारा मीडिया संस्थानों, विशेषकर मीडिया ग्रुप के विरुद्ध अपनाए जा रहे दमनकारी रवैये की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र, संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया है।

एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि यह कार्रवाई किसी एक मीडिया संस्थान के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे देश की स्वतंत्र पत्रकारिता को डराने और दबाने की साजिश है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मीडिया को दबाना दरअसल आम जनता की आवाज को कुचलने जैसा है। जब सत्ता सवालों से घबराती है, तब वह सच दिखाने वालों पर हमला करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब-जब आम आदमी पार्टी की सरकार असहज होती है, तब-तब वह पत्रकारों और मीडिया संस्थानों को निशाना बनाती है, क्योंकि सच्चाई सत्ता के अहंकार को आईना दिखाती है। यह रवैया किसी भी सभ्य लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं हो सकता।

प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पंजाब सरकार ने अपना दमनकारी रवैया तुरंत नहीं बदला, तो भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे पर सडक़ों से लेकर संसद तक लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीक़े से संघर्ष करने के लिए बाध्य होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शेष पाल भाजपा में शामिल, चमेटी बूथ की कमान सौंपी



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर की विकासात्मक सोच से प्रेरित होकर चमेटी (कुहना) निवासी शेष पाल ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हिमाचल पथ परिवहन निगम में चालक पद पर 30 वर्षों की सेवा के उपरांत उन्होंने अपने परिवार सहित भाजपा ज्वॉइन की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व प्रधान रत्तन सिंह, पूर्व बूथ अध्यक्ष राज कुमार तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता विपिन कुमार शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा ने शेष पाल को चमेटी बूथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी और उनके संगठनात्मक कौशल पर भरोसा जताया। वक्ताओं ने कहा कि शेष पाल का अनुभव और जनसेवा भाव पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेगा।

### विद्यार्थियों को बताए यातायात नियम

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंचरुखी पुलिस ने शनिवार को सीनियर सेकेंडरी स्कूल टटैहल में स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी तथा चिट्टे जैसे घातक नशे के खिलाफ बच्चों को शपथ दिलाई। बच्चों शपथ दिलाई कि वे खुद चिट्टे जैसे नशे से दूर रखेंगे और चिट्टा बेचने वालों की जानकारी पुलिस या अध्यापकों को देंगे। प्रिंसिपल संजीव धीमान ने कहा कि समाज में नशे के खिलाफ जागरुकता का अलख जगाना होगा, ताकि हम जिम्मेदारी के साथ जागरूक नागरिक का महत्व भी समझें इस मौके पर स्कूल के समस्त स्टाफ सहित गणमान्य मौजूद रहे।

### लंबागांव व जलेट में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** 11 केवी लंबागांव फीडर के जरूरी रख-रखाव के चलते रविवार को लोअर लंबागांव, अपर लंबागांव, बाग कुलजां, जलेट, नाहलना, धुपकियारा, कुटाहन व आसपास के गांवों में सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल जयसिंहपुर के ई.सहायक अभियंता तुलसी राम ने दी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है तथा मौसम के खराब होने पर बाधित कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### मशरूम उत्पादन और बकरी पालन की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लोअर लंबागांव में हंस फाउंडेशन के समन्वयक अंकुश शर्मा ने महाकाली स्वयं सहायता समूह के साथ बैठक की। उन्होंने हंस फाउंडेशन की ओर से दी जा रही आजिविका से संबंधित कार्यों में सहायता की चर्चा की और उपस्थित सभी सदस्यों को विस्तारपूर्वक हंस फाउंडेशन द्वारा करवाए जा रहे ग्रामीण किसानों को आजिविका से संबंधित कार्यों में भूमिका जैसे मशरूम उत्पादन, बकरी पालन, मूर्गी पालन, बगीचा लगाने की ट्रेनिंग की जानकारी दी।

### मेला ग्राउंड दाड़ी में आज होगी श्रीराम वंदना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व की दूसरी वर्षगांठ को लेकर श्री राम लीला व दशहरा कमेटी दाड़ी की ओर से रविवार को मेला ग्राउंड दाड़ी में माता की चौकी व श्री राम वंदना का आयोजन किया जाएगा। कमेटी के प्रधान गौरव कुमार ने बताया कि रविवार को दोपहर बाद तीन बजे से लेकर माता की चौकी का आयोजन किया जाएगा, जबकि इस दौरान शाम 6 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### गुरु रविदास सभा खंड इकाई रैत ने की बैठक

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** गुरु रविदास सभा खंड इकाई रैत की बैठक शाहपुर में सभा के प्रधान प्रभात सिंह की अध्यक्षता में हुई। मीडिया प्रभारी पूर्ण चंद ने बताया कि बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा गुरु रविदास सभा भवन के निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की राशि स्वीकृत किए जाने पर सरकार का आभार व्यक्त किया जाए। वहीं, विकास कार्यों के लिए विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया का धन्यवाद व्यक्त किया गया। बैठक में धर्मशाला में पल्लवी के साथ हुई दुराचार की घटना पर भी गंभीर चर्चा की गई। सभा ने सरकार एवं प्रशासन से मांग की कि पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाया जाए तथा दोषियों को अतिशीघ्र कठोर सजा सुनिश्चित की जाए।

### स्मार्ट एमएसएमई पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आरएएमपी योजना के तहत शनिवार को जिला कांगड़ा के औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टैरेस में स्मार्ट एमएसएमई विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला तलवाड़ा में आयोजित हुई, जिसमें औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टैरेस के उद्यमियों ने भाग लिया। सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) शिमला की टीम ने डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्मार्ट एमएसएमई की अवधारणा, आधुनिक तकनीकों, डिजिटल प्रक्रियाओं तथा उनके लाभों की जानकारी दी। कार्यशाला में विभिन्न उद्योग इकाइयों से जुड़े अनेक उद्यमी उपस्थित रहे। जिला उद्योग केंद्र धर्मशाला के प्रतिनिधि विनय कुमार, ईओ (उद्योग) देहरा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर संदीप शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (रैम्प) तथा दीपक बक्शी, वरिष्ठ परामर्शदाता (नैबकॉनस) भी उपस्थित रहे।

### रोजगार की संभावनाओं पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में कुलपति डॉ. अशोक कुमार पांडा तथा पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्रों के के लिए एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र एवं वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया के स्थायी निवासी डॉ. मोहिंदर सिंह ने प्रस्तुत किया। कुलपति डॉ. अशोक कुमार पांडा ने कहा कि इस तरह की शैक्षणिक गतिविधियां छात्रों को वैश्विक विकास, उभरती प्रौद्योगिकियों तथा अंतरराष्ट्रीय करियर अवसरों से परिचित कराती हैं। डॉ. सिंह ने पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान में विदेशों, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया में उच्च शिक्षा और रोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में डेयरी और भेड़ पालन व्यवसायिक स्तर पर संचालित होते हैं और पशु चिकित्सा अत्यंत उन्नत है। उन्होंने अंग्रेजी भाषा ज्ञान और वैध वीजा प्रक्रियाओं के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

# पौंग डैम में पहली बार 2 नई प्रजातियों के पक्षी दिखे, वेरिफिकेशन में जुटा विभाग

## हेडेड गीज पक्षियों की रहती है अधिक संख्या, जनवरी के अंत में विदेशी पक्षियों की होगी जनगणना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** विदेशी पक्षियों की पसंदीदा स्थल पौंग डैम में इस बार दो नई प्रजातियों के पक्षी पहली बार रिपोर्ट हुए हैं। इन पक्षियों को वन्य प्राणी विभाग की ओर से चिन्हित नहीं किया गया, बल्कि पक्षी प्रेमियों द्वारा इस बारे में विभाग को सूचित किया गया है। पक्षी प्रेमियों से मिली सूचना के तहत विभाग नई प्रजाति के पक्षियों की वेरिफिकेशन में जुटा हुआ है, जिससे उन्हें भी रिकॉर्ड में लिया जा सके। विभाग की मानें तो नई प्रजाति के पक्षियों को वेरिफाई करने उपरांत ही इस संदर्भ में कुछ कहा जा सकता है।

हर वर्ष सर्दियों के दिनों में पौंग डैम में विदेशों से पक्षी पहुंचते हैं, जिनमें वार हेडेड गीज की संख्या सबसे अधिक रहती है। पौंग डैम में पहुंचे विदेशी पक्षियों की संख्या इस बार कितनी रही, इसके आकलन के लिए विभाग की ओर से जनवरी माह के अंत में गणना की जाएगी। पक्षियों की गणना में अहम रोल हालांकि वन्य प्राणी विभाग का ही रहता है, जबकि इस कार्य में द बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी (बीएनएचएस), वाइल्ड लाइफ इंडिया सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं व पक्षी प्रेमियों का भी सहयोग लिया जाता है। इसके लिए वन्य प्राणी विभाग के 21 सेक्शन में प्रति सेक्शन टीम बनाई जाती है और हर सेक्शन में 3 से 4 लोग शामिल रहते हैं।



पौंग बांध में विदेशी पक्षियों की फाइल फोटो। अनंत ज्ञान

### हजारों की संख्या में आते हैं वार हेडेड गीज

**पौंग** डैम में वार हेडेड गीज पक्षियों की संख्या अधिक रहती है, यह पक्षी हर वर्ष हजारों की संख्या में साइबेरिया से पौंग डैम पहुंचते हैं। पौंग डैम प्रवासी पक्षियों, खासकर बार-हेडेड गीज के लिए एक महत्वपूर्ण शीतकालीन आश्रय स्थल है, जो हर साल मध्य एशिया से यहां आते हैं। ये पक्षी अपने सिर पर दो काली धारियों के लिए जाने जाते हैं और हिमालय पार करने के लिए प्रसिद्ध हैं, जो पौंग झील को प्रवासी पक्षियों के लिए एक प्रमुख केंद्र बनाते हैं।

> **पौंग** डैम में आए विदेशी पक्षियों की गणना का कार्य जनवरी के अंत में किया जाएगा। डैम में हर वर्ष काफी संख्या में विदेशी पक्षी आते हैं, जिनका बारीकी से अध्ययन किया जाता है। किसी नई प्रजाति का पक्षी रिपोर्ट होता है तो उसे वन्य प्राणी विभाग रिकॉर्ड में लेता है। पौंग डैम में वार हेडेड गीज पक्षियों की संख्या अधिक रहती है। यह पक्षी हर वर्ष हजारों की संख्या में साइबेरिया से पौंग डैम पहुंचते हैं।
>
> **-सरोज भाई पटेल, अरण्यपाल वन्य प्राणी विभाग वृत्त धर्मशाला**



# आरोपी प्रोफेसर और 2 छात्राओं की अंतरिम जमानत 13 फरवरी तक बढ़ी

**छात्रा मौत मामला**

◆ **मामले से जुड़ी स्टेट्स रिपोर्ट पुलिस ने कोर्ट में जमा करवाई**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा की संदिग्ध मौत व रैंगिंग-यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी प्रोफेसर व 2 छात्राओं की अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाकर 13 फरवरी कर दी गई है। शनिवार को अंतरिम जमानत को लेकर कोर्ट में हुई सुनवाई में यह फैसला लिया है। जानकारी के अनुसार मामले में आरोपित प्रोफेसर सहित 4 आरोपी में से दो छात्राओं ने कोर्ट से अंतरिम जमानत ली थी, जबकि शनिवार को प्रोफेसर सहित उपरोक्त आरोपी छात्राओं की अंतरिम जमानत अवधि समाप्त हो रही थी। मामले को लेकर स्टेटस रिपोर्ट भी पुलिस द्वारा कोर्ट में जमा करवाई है। मामले में अब तक अहम मानी जा रही मेडिकल बोर्ड व डिजिटल साक्ष्य कुछेक आना बाकि है। इस मामले में अब भी कई पहेलियां बनी हुई हैं, जिन्हें सुलझाने को लेकर पुलिस डटी हुई है। जानकारी के अनुसार छात्रा मौत मामले को सुलझाने के लिए पुलिस द्वारा मामले को लेकर गहन पहलू एकत्रित करने को लेकर आरोपियों, परिजनों व सहपाठियों से पूछताछ का दौर जारी रहा। फोरेंसिक लैब में भी दो अन्य आरोपी छात्राओं के मोबाइल भी जांच को दिए गए हैं, ताकि अहम इनपुट हाथ लग सकें, जबकि आरएफएसएल से भी बाकी बची डिजिटल रिपोर्ट व मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट का इंतजार है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि मामले को लेकर पुलिस की ओर से हर पहलू की जांच पड़ताल की जा रही है, जबकि मामले में आरोपी प्रोफेसर व दो छात्राओं की अंतरिम जमानत अवधि को कोर्ट द्वारा बढ़ाकर 13 फरवरी कर दिया गया है।

#### देहरा पुलिस का नशे पर सख्त वार

## चरस-चिट्टे का सेवन करने वालों पर भी होगी एफआईआर

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई ने अब निर्णायक रुख अपना लिया है। एसपी मयंक चौधरी ने ढलियारा में स्पष्ट कर दिया कि अब नशे की लड़ाई केवल तस्करों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि नशे की मांग पैदा करने वाले यानी सेवन करने वाले भी सीधे कानून के निशाने पर होंगे। यह रणनीति नशे की जड़ पर प्रहार मानी जा रही है। एसपी मयंक चौधरी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में पाया जाता है और मेडिकल जांच में चरस या चिट्टे के सेवन की पुष्टि होती है, तो उसके खिलाफ नियमों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज को खोखला कर रही इस बुराई को खत्म करने के लिए पुलिस अब कोई ढील नहीं देगी। इस मौके पर डीएसपी राजकुमार ने बताया कि पुलिस थाना खुडियां में हाल ही में नशे की हालत में पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जो इस बदली हुई नीति का स्पष्ट संकेत है। यह कार्रवाई नशे के आदी लोगों के लिए चेतावनी नहीं, आखिरी अलर्ट है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अब नशे का सेवन भी अपराध की श्रेणी में गंभीरता से लिया जाएगा। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस अभियान में पुलिस का सहयोग करें और सूचना तंत्र को मजबूत बनाएं, ताकि ढलियारा सहित पूरा उपमंडल नशामुक्त हो सके।

# पंचायतों में दो चरणों में आयोजित होंगी विशेष एंटी-चिट्टा ग्राम सभाएं

◆ **आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति होगी अनिवार्य**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में नशे की बढ़ती समस्या, विशेषकर चिट्टा के घातक प्रसार को रोकने के लिए प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन ने अब ग्राम स्तर पर मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में कार्यालय खंड विकास अधिकारी परागपुर की ओर से एक महत्वपूर्ण आधिकारिक आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत विकास खंड परागपुर की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष एंटी-चिट्टा ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा।

यह कदम उपायुक्त कांगड़ा और निदेशक पंचायतीराज विभाग के निर्देशों के अनुपालन में उठाया गया है, ताकि ग्रामीण स्तर पर नशे के विरुद्ध एक जन-आंदोलन खड़ा किया जा सके। इन विशेष ग्राम सभाओं की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि इसमें केवल पंचायत प्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इन बैठकों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, युवक मंडलों, महिला मंडलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसके अतिरिक्त, विद्यालय प्रबंधन समितियों और सरकार द्वारा अधिसूचित नशा निवारण समितियों के सदस्य भी इस चर्चा का हिस्सा बनेंगे, ताकि युवाओं को नशे की गर्त में जाने से बचाने के लिए सामूहिक रणनीति तैयार की जा सके। ग्राम सभा की बैठकों के लिए एक व्यापक कार्यसूची भी तैयार की गई है। इसके अंतर्गत ग्रामीणों को चिट्टा जैसे खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स के शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जागरूक किया जाएगा। सरकार ने नशे के सौदागरों पर नकेल कसने के लिए एक प्रोत्साहन योजना भी लागू की है, जिसकी जानकारी इन सभाओं में दी जाएगी। इसके तहत नशे के तस्करों के बारे में गुप्त सूचना देने वाले नागरिकों को राज्य सरकार द्वारा नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। साथ ही, जो व्यक्ति नशे के चंगुल में फंस चुके हैं, उन्हें मुख्यधारा में वापस लाने के लिए सरकार की पुनर्वास योजनाओं और नशा मुक्ति केंद्रों की सुविधाओं पर भी विशेष चर्चा की जाएगी।

> **पंचायतों** को इस संदर्भ में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। चिट्टे की सूचना देने वाले को इनाम राशि प्रदान की जाएगी। ग्राम सभाओं की तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है।
>
> **-अशोक कुमार बीडीओ, परागपुर।**

## नगरोटा सूरियां स्कूल का बाल मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांगड़ा स्थित धर्मशाला में आयोजित जिला स्तरीय बाल मेले में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा सूरियां के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जूनियर वर्ग में आदित्य ने साइंस प्रोजेक्ट में प्रथम स्थान, शैरिन ने सोलो डांस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में ईशा ने क्रिएटिव राइटिंग में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, अक्षिमा, प्रियंका, सिया, प्रतिभा, मुस्कान एवं तनवी की टीम ने स्किट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रिद्धिमा ने सोलो सॉन्ग में द्वितीय, आस्था ने सोलो डांस में तृतीय, लक्ष्य ने शतरंज में द्वितीय तथा हर्ष ने कैरम में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा रागिनी, अंशिका, अनामिका, सारा एवं कशिश के समूह ने ग्रुप सॉन्ग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हरभजन सिंह सोहल ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में बच्चों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है और उनमें आत्मविश्वास में भी बढ़ोतरी होती है। विद्यालय प्रबंध समिति के प्रधान सतीश मैहरा ने इस सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्रतिभागियों के साथ-साथ बच्चों के संग गई अध्यापिकाओं रेणु बाला एवं रीता देवी को भी हार्दिक बधाई दी।

## हारचक्कियां में स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों की जांच

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शाहपुर ने हारचक्कियां में एक निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान स्त्री रोग जांच, हड्डी रोग जांच, सामान्य रोग जांच, रक्तचाप, मधुमेह (शुगर) जांच, शिशु रोग जांच तथा अन्य आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श निशुल्क प्रदान किए गए। अनुभवी चिकित्सकों और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध करवाई। इस अवसर पर पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. रिपिन हीरा ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने और समय पर रोगों की पहचान में सहायक होते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। शिविर में लगभग 150 लोगों ने लाभ उठाया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया शिविर। अनंत ज्ञान

## उपमंडल स्तरीय गणतंत्री दिवस की तैयारियों को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान, देहरा।** उपमंडल स्तरीय 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन की अध्यक्षता में बैठक हुई। एसडीएम ने बताया कि इस वर्ष 26 जनवरी को उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शहीद भुवनेश डोगरा स्टेडियम देहरा में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि प्रातः 11 बजे ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड का निरीक्षण करेंगे। इस अवसर पर पुलिस, होमगार्ड, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या एवं बाल विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल देहरा तथा एनसीसी की टुकड़ियों की ओर से आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

## एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल चयन परीक्षा-2026 को लेकर अधिसूचना जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से राज्य के एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली एकलव्य माडल रेजिडेंशियल स्कूल चयन परीक्षा-2026 को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। परीक्षा की तिथि में संशोधन के साथ-साथ आवेदन प्रक्रिया और पात्रता से संबंधित अहम दिशा-निर्देश दिए हैं।

चयन परीक्षा केंद्र सरकार की एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल योजना के तहत प्रदेश में संचालित आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाएगी। यह चयन परीक्षा मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। इसके अलावा ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविड-19, उग्रवाद अथवा नक्सलवाद के कारण अपने माता-पिता को खोया है, उन्हें भी परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा। विधवा महिलाओं के बच्चे, दिव्यांग अभिभावकों के बच्चे, भूमि दाता एवं अनाथ बच्चे भी निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने पर परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। डॉ. मेजर विशाल शर्मा, सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने बताया कि वे अभ्यर्थी आवेदन के पात्र होंगे, जिन्होंने दिसंबर 2025 या मार्च 2026 में कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण की है अथवा जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवीं की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। पहले चयन परीक्षा 26 अप्रैल को प्रस्तावित थी, जिसे अब 29 मार्च को आयोजित किया जाएगा। ईएमआरएस चयन परीक्षा-2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी और किसी प्रकार का आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऑफलाइन या अधूरे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 22 जनवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगी। आवेदन में त्रुटि सुधार का अवसर 16 फरवरी से 18 फरवरी तक दिया जाएगा, इसके बाद किसी भी प्रकार का संशोधन मान्य नहीं होगा। प्रवेश पत्र परीक्षा से चार दिन पूर्व बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

## बहुतकनीकी संस्थानों में प्रवेश परीक्षाओं का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव अशोक पाठक ने बताया कि वर्ष 2026 में राजकीय एवं निजी बहुतकनीकी संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु बहुतकनीकी प्रवेश परीक्षा (पेट - 2026) का आयोजन 17 मई को प्रात: 10 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा, जबकि तृतीय सेमेस्टर (लेटरल एंट्री) में प्रवेश के लिए लेटरल एंट्री एंट्रेंस टेस्ट (लीट - 2026) 24 मई को प्रात:10 बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि दोनों प्रवेश परीक्षाओं के लिए आनलाइन आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की प्रक्रिया मार्च, अप्रैल 2026 से आरंभ की जाएगी। आवेदन से संबंधित विस्तृत तिथियां, पात्रता शर्तें तथा अन्य दिशा-निर्देशों की सूचना बोर्ड द्वारा अलग से जारी की जाएगी।

**कार्रवाई** अनंत ज्ञान में खबर छपने के बाद हरकत में आया बैजनाथ अस्पताल प्रशासन

# बैजनाथ अस्पताल से हटाया खराब वाहन

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान में छपी खबर आखिरकार बैजनाथ सिविल हॉस्पिटल अपना इलाज करवाने आने वाले मरीजों के लिए भारी राहत लेकर आई है। खबर छपने के बाद अस्पताल प्रशासन ने हरकत में आते हुए अस्पताल परिसर के अंदर कई महीनों से खराब पड़े वाहन को हटा दिया है।

इसके साथ-साथ गढ़ों का रूप ले चुके रास्ते को भी लोक निर्माण विभाग ने ठीक कर दिया है। गौरतलब है कि बैजनाथ के सिविल अस्पताल में कई महीनों से खराब गाड़ी खड़ी हुई थी, जिसकी वजह से वहां पर आने जाने वाले मरीजों को बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। जब किसी वृद्ध या फिर दुर्घटनाग्रस्त हुए व्यक्ति को व्हीलचेयर से अस्पताल में जाना होता था, तो उसके लिए यह किसी चुनौती से कम नहीं होता था। वहीं पर रास्ते में पड़े हुए गड्ढे किसी भी आदमी को दुर्घटना का शिकार करके चोटिल बना सकते थे। दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान ने प्रमुखता से इस मुद्दे को उठाया , जिसके बाद विधायक ध्यान में यह मामला आया। उन्होंने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए व्यक्तिगत तौर पर हस्तक्षेप करके यहां से खराब वाहन हटवा दिया है तथा रास्ते को ठीक करने के आदेश दिए तथा विभाग ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकता के साथ इस कार्य को कर दिया है। इन दोनों समस्याओं के हल होने से जहां लोगों ने राहत की सांस ली है, वहीं पर विधायक का भी धन्यवाद किया है ।




अनंत ज्ञान समाचार पत्र में खबर छपने के बाद विभाग ने सड़क का कार्य भी शुरू कर दिया। अनंत ज्ञान

## भ्रामक प्रचार के बजाय सच्चाई पर आधारित विकास ही कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता : चौहान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर हाल ही में प्रकाशित समाचार पूरी तरह भ्रामक, एकतरफा और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है, वास्तविकता यह है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार को जो आर्थिक हालात विरासत में मिले हैं, वे पूर्ववर्ती सरकार की नीतिगत विफलताओं, प्रशासनिक लापरवाही और वित्तीय कुप्रबंधन का परिणाम है। पूर्व सरकार के शासनकाल में बिना किसी ठोस रोडमैप के कर्ज पर कर्ज लिया गया और सरकार बदलते समय प्रदेश पर हजारों करोड़ रुपए का कर्ज छोड़ दिया गया, जबकि यह कर्ज न तो स्थायी परिसंपत्तियों में बदला और न ही आय सृजन के साधन विकसित किए गए। आज स्थिति बदल रही है और वर्तमान कांग्रेस सरकार मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में राजनीतिक दिखावे के बजाय व्यवस्था सुधार पर काम कर रही है, जहां फिजूलखर्ची पर रोक, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, राजस्व वृद्धि, वित्तीय अनुशासन, नशा विरोधी अभियान तथा शिक्षा-स्वास्थ्य सुधार को प्राथमिकता दी जा रही है और सुलह क्षेत्र में भी सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा व ग्रामीण विकास के ठोस कार्य जमीन पर दिखाई दे रहे हैं। सरकार का स्पष्ट मत है कि जनता के पैसे का सही उपयोग हो, योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त न की जाए। इन्हीं दिशानिर्देशों के तहत सुलह विधानसभा क्षेत्र में भी विकास कार्यों को गति मिली है और लंबे समय से लंबित मांगों पर अब ठोस रूप से अमल हो रहा है।

## सीबीएससी स्कूलों का स्वागत, पर अलग कैडर मंजूर नहीं : सिकंदर

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा की ओर से संयुक्त बयान में कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगभग 118 सरकारी विद्यालयों को सीबीएससी किए जाने का संघ स्वागत करता है। प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास ने कहा कि इस नवीन वयवस्था से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं प्रतिस्पर्धात्मक भाव उत्पन्न करने की अपेक्षा सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है, जो एक सराहनीय कदम है।

राज्य शिक्षा बोर्ड से सीबीएससी बोर्ड में परिवर्तित विद्यालयों की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्था कैसी होगी अभी यह तय नहीं हुआ है। प्रवक्ता संघ मांग करता है कि सीबीएससी विद्यालयों में उसी विद्यालय के अध्यापकों को समायोजित किया जाए। यदि संबधित अध्यापक अपनी असमर्थता व्यक्त करता है तो राज्य शिक्षा बोर्ड के तहत आने वाले अन्य अध्यापकों से विकल्प लिया जाए। सीबीएससी विद्यालयों का अलग कैडर नहीं बनाया जाए, इस अलग कैडर वयवस्था को प्रवक्ता संघ कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। राज्य शिक्षा बोर्ड में भी प्रवक्ता गुणात्मक शिक्षा का लगातार पक्षधर रहा है तथा उसके बल पर बहुतायात विद्यालयों में विद्यार्थी संख्या में बढोत्तरी हुई है। प्रवक्ता संघ पुरजोर मांग करता है कि सीबीएससी विद्यालयों का अलग कैडर बनाकर प्रवक्ता परिवार के विघटन का अनुचित एवं अप्रसांगिक प्रयोग न किया जाए।

प्रवक्ता संघ पुनः मांग करता है कि सीबीएससी विद्यालयों में राज्य शिक्षा बोर्ड के प्रवक्ताओं से ही विकल्प लेकर पढ़ाने की जिम्मेदारी प्रदान की जाए, अलग कैडर बनाकर प्रवक्ता परिवार को दो फाड़ करने की कोशिश न की जाए। संघ मांग करता है कि सीबीएससी विद्यालयों में राज्य शिक्षा बोर्ड का विकल्प भी रखा जाए, जिससे विद्यार्थी अपनी इच्छा अनुसार विकल्प चुन सकें। यदि प्रवक्ताओं की इच्छा के विपरीत सरकार अलग कैडर थोपने की कोशिश करेगी तो प्रवक्ता संघ इसका पूर्ण बहिष्कार करेगा और यदि संघर्ष की आवश्यकता पड़ी तो उससे भी गुरेज नहीं करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कसोल में राज्य स्तरीय कैनो स्प्रिंट स्पर्धा आज

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** हिमाचल प्रदेश कयाकिंग एवं केनोइंग एसोसिएशन द्वारा सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग की राज्य स्तरीय स्टेट कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता का आयोजन 18 जनवरी को साई कोलडैम वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कसोल में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की टीम का चयन किया जाएगा, जो आगामी 36वीं राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन के तत्वावधान में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के छोटे तालाब में 2 से 5 फरवरी तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता की तैयारियों और सफल आयोजन को लेकर हिमाचल प्रदेश कयाकिंग एवं केनोइंग एसोसिएशन ने बैठक कर प्रतियोगिता के तकनीकी पहलुओं, व्यवस्थाओं और खिलाड़ियों की सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की।

### पंचायतों में 21 और 22 को होंगी एंटी चिट्टा बैठकें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि जिला बिलासपुर के सभी विकास खंडों की सभी ग्राम पंचायतों में आगामी 21 व 22 जनवरी को एंटी चिट्टा तथा सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विशेष ग्राम सभा बैठक में एंटी चिट्टा को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा ताकि समाज को चिट्टा जैसे घातक नशे के दुष्प्रभावों के विरुद्ध जागरूकता का संदेश दिया जा सके। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे समाज के लिए घातक है, इसलिए इसके विरुद्ध सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की जाएगी तथा लोगों को सड़क सुरक्षा प्रति जागरूक किया जाएगा।

### महिलाओं ने ली हर्बल उत्पाद बनाने की ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मानव विकास संस्थान द्वारा नाबार्ड एवं अडानी फाउंडेशन के आर्थिक सहयोग से संचालित धौंनकोठी पंजगाई जलागम विकास परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत धौंनकोठी व पंजगाई में गठित 10 स्वयं सहायता समूहों की 15 महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। परियोजना प्रबंधक विनोद कुमार ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाते हैं। इस दौरान महिलाओं को विभिन्न प्रकार के हर्बल साबुन, बर्तन धोने का साबुन, हर्बल धूपबत्ती, मोमबत्ती एवं दिया निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर विचित्र सिंह ने महिलाओं को हर्बल साबुन, बर्तन धोने के साबुन तथा जड़ी-बूटियों से तैयार की जाने वाली धूपबत्ती बनाने की विधियां विस्तार से सिखाईं।

### डॉ. नम्रता की काव्यकृति 'द (अन) ब्लूम्ड' का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालयबिलासपुर की अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. नम्रता पठानिया की दूसरी काव्यकृति 'द (अन)ब्लूम्ड' का औपचारिक विमोचन शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा किया गया। दिसंबर 2025 में प्रतिष्ठित ऑथर्स प्रेस से प्रकाशित यह संग्रह 68 अंग्रेजी कविताओं का सघन, संवेदनशील और विचारोत्तेजक संकलन है, जिसे पांच खंडों में विभाजित किया गया है। इस कृति में डॉ. नम्रता ने स्त्री-अनुभवों की मौन पीड़ाओं, प्रकृति और अलौकिक अनुभूतियों की रहस्यमय छवियों तथा मानव इतिहास और मानवीय आकांक्षाओं की गहन पड़ताल को अत्यंत सौम्यता और कलात्मक संतुलन के साथ स्वर दिया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने डॉ. नम्रता पठानिया को उनकी रचनात्मक साधना और शैक्षणिक प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की साहित्यिक कृतियां न केवल अकादमिक जगत को समृद्ध करती हैं, बल्कि समाज को भी सोचने का नया दृष्टिकोण प्रदान करती हैं।

### झंडूता में ज्योरा पदोल पेयजल योजना शुरू

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** क्षेत्र में ज्योरा पदोल पेयजल योजना सफलतापूर्वक शुरू हो गई है। इस योजना की पूर्ण टेस्टिंग कर ली गई है और अब इससे स्थानीय लोगों को नियमित रूप से पानी की आपूर्ति की जा रही है। सहायक अभियंता अमन ठाकुर ने बताया कि यह योजना अब पूरी तरह कार्यरत है। उन्होंने कहा, 'ज्योरा पदोल पेयजल योजना शुरू हो चुकी है। इसकी पूर्ण रूप से टेस्टिंग कर ली गई है और इससे हम लोगों को पानी दे रहे हैं।' इस महत्वपूर्ण पेयजल योजना की कुल लागत 390 लाख रुपए थी। योजना के चालू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो रही है, जिससे उनकी दैनिक जरूरतें आसानी से पूरी हो सकेंगी।

### ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन 18 जनवरी को उपमंडल सदर बिलासपुर में किया जा रहा है। यह परीक्षा उपमंडल के दो परीक्षा केंद्रों- डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल एसीसी कॉलोनी, नजदीक लक्ष्मी मंदिर, गगल बरमाणा तथा डीएवी स्कूल नजदीक डीसी आवास चंगर सेक्टर, बिलासपुर में आयोजित की जा रही है। परीक्षा के दौरान पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से उपमंडलाधिकारी (नागरिक) डॉ. राजदीप सिंह ने भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के अंतर्गत आवश्यक प्रतिबंध लगाए हैं। एसडीएम द्वारा जारी आदेश के तहत 18 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक परीक्षा केंद्रों के आसपास सभी प्रकार की सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनीतिक गतिविधियां, जुलूस, रैलियां, नारेबाजी और धरना-प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

### शिक्षक संघ ने बजट में शिक्षा के लिए दिए सुझाव

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश ने आगामी बजट वर्ष 2026-27 में प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से अपने महत्वपूर्ण सुझाव सरकार के समक्ष रखे हैं। संघ ने एक पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश से आग्रह किया है कि इन मांगों को आगामी बजट में शामिल किया जाए। संघ के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। 31 मार्च 2026 तक जेबीटी के 5 हजार से अधिक पद रिक्त होने जा रहे हैं। वर्तमान में चयन आयोग के माध्यम से 1800 पद भरने की स्वीकृति दी गई है, लेकिन इनमें से केवल लगभग 600 पदों की ही प्रक्रिया शुरू की गई है। संघ ने शेष 1200 पदों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने तथा नए बजट में 3200 अतिरिक्त जेबीटी पद भरने की मंजूरी देने की मांग की है।

### स्टार्टअप बना आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ : सुमन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोह में विद्यार्थियों में उद्यमशील सोच को विकसित करने तथा स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से उद्यमिता कौशल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शिक्षाविद सुमन प्रजापति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। वैश्विक स्टार्टअप क्रांति केवल महानगरों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसे ग्रामीण स्तर पर भी अपनाया जा रहा है। स्थानीय संसाधनों से वैश्विक समाधान विकसित करने की सोच पैदा करना बेहद जरूरी है। युवाओं को नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनना चाहिए।

### कंधर में 110 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एनटीपीसी कोलडैम द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व कार्यों के अंतर्गत जिला सोलन की ग्राम पंचायत मांगल के कंधर गांव में शनिवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 110 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में एनटीपीसी कोलडैम की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरजीत कौर के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा रोगियों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयां वितरित की। शिविर के सफल एवं सुचारु आयोजन में सीएसआर विभाग से सहायक प्रबंधक पूरन सिंह एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### वृद्धाश्रम दयोली में जांचा बुजुर्गों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र बेरी-रजादियां द्वारा सामाजिक सरोकार निभाते हुए दयोली (घागस) स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर का नेतृत्व डॉ. मंजू व उनकी टीम ने किया। इस दौरान बुजुर्गों का रक्तचाप, शुगर सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार निशुल्क आयुर्वेदिक दवाइयां वितरित की गईं। डॉ. मंजू ने बुजुर्गों को स्वस्थ जीवनशैली, खान-पान एवं आयुर्वेदिक उपचार के बारे में परामर्श भी दिया।

### सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ सप्तशक्ति संगम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय कंदरौर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंजना धीमान रहीं, जबकि मुख्य वक्ता निर्मला धीमान, पूर्व बीडीसी सदस्य, रहीं। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा लगाए गए उपयोगी स्टॉल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहीं।

# 31 साल पुराना पंचायत भवन बना खंडहर

## 1995 में स्व. गंगूराम मुसाफिर ने किया था उद्घाटन, आज लड़ रहा अस्तित्व की लड़ाई

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से निर्मित पंचायत भवन आज खुद प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार बन चुका है। बिलासपुर जिला मुख्यालय पर स्थित यह पंचायत भवन, जिसका उद्घाटन 1 मार्च 1995 को तत्कालीन पंचायती राज मंत्री स्व. गंगूराम मुसाफिर ने किया था, अब खंडहर में तब्दील होकर अपने अस्तित्व की आखिरी सांसें गिन रहा है।



बिलासपुर में 1995 में बनाया गया पंचायत भवन, जो कि अब खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। अनंत ज्ञान

करीब 31 वर्ष पहले जिसे ग्रामीण लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ माना गया था, वही भवन आज जर्जर दीवारों, टपकती छत, उखड़े फर्श और टूटे दरवाजों के साथ प्रशासनिक विफलता की तस्वीर पेश कर रहा है। यह वही भवन है, जहां से कभी पूरे जिले की पंचायती राज व्यवस्था संचालित हुआ करती थी। जिला स्तर की बैठकें, योजनाओं की समीक्षा और पंचायतों से जुड़े अहम फैसले इसी भवन से लिए जाते थे, लेकिन आज

अनंत ज्ञान खास खबर

हालात यह हैं कि इस ऐतिहासिक भवन में कोई बैठने को तैयार नहीं, क्योंकि यह पूरी तरह असुरक्षित हो चुका है। उद्घाटन के अवसर पर जो पट्टिका लगाई गई थी, उसका भी रंग अब फीका पड़ गया है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि भवन में किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका से इनकार

### ◆ दीवारें जर्जर, दरवाजे टूट चुके, बरसात में टपकने लगती है भवन की छत

नहीं किया जा सकता। विडंबना यह है कि इसी परिसर और आसपास जिला परिषद, पंचायती राज विभाग और अन्य प्रशासनिक भवनों का निर्माण हो चुका है। नए भवन खड़े हो गए, लेकिन पुराने पंचायत भवन को जानबूझकर भुला दिया गया। न मरम्मत करवाई गई और न ही पुनर्निर्माण की कोई ठोस योजना बनी।

### उपयोग न होने के चलते बना शोपीस

**जिस** भवन को पंचायतीराज की रीढ़ माना गया था, वही आज सरकारी फाइलों में दबी योजनाओं और बजट की अनदेखी का जीता-जागता उदाहरण बन गया है। वर्षों से यह भवन सिर्फ देखने की चीज 'शोपीस' बनकर रह गया है–न उपयोग में, न प्राथमिकता में।

### न मरम्मत और न ही इसे संरक्षित करने की योजना

**वर्ष** 1995 में स्वर्गीय गंगूराम मुसाफिर के कार्यकाल में पंचायतीराज संस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास किए गए थे। उसी सोच का परिणाम यह पंचायत भवन था, लेकिन आज वही भवन सरकार और प्रशासन से यह कठोर सवाल पूछ रहा है क्या विकास केवल उद्घाटन पट्टिकाओं और शिलान्यास समारोहों तक ही सीमित रह गया है। जिस पंचायत भवन को सरकारी उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया गया था, वह आज सरकारों के बदलते दौर में पूरी तरह हाशिए पर चला गया है। हैरानी की बात यह है कि इतने वर्षों में न तो इसकी नियमित मरम्मत करवाई गई और न ही इसे संरक्षित करने के लिए कोई दीर्घकालीन योजना बनाई गई। यदि समय रहते इस पंचायत भवन के संरक्षण, मरम्मत या पुनर्निर्माण पर गंभीर निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाली पीढ़ियां इसे लोकतंत्र के विकास का प्रतीक नहीं, बल्कि सरकारी उपेक्षा और प्रशासनिक अकर्मण्यता का स्मारक मानेंगी।

## यूनिक का एसबीआई के बाद केनरा बैंक में पीओ पद पर चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत पंजगाईं के होनहार युवक यूनिक भारद्वाज ने बैंकिंग क्षेत्र में एक महीने से भी कम समय में दूसरी बड़ी सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भारतीय स्टेट बैंक में पीओ के पद पर चयन के



बाद अब यूनिक का चयन केनरा बैंक में भी पीओ पद के लिए हुआ है। 15 जनवरी को इंडियन बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में उन्हें यह सफलता मिली है। पंचायत के पूर्व प्रधान सुशील कुमार ने यूनिक भारद्वाज व उनके परिजनों को बधाई दी और कहा कि यूनिक की यह उपलब्धि गांव के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। यूनिक के के पिता बाबू राम भारद्वाज स्कूल प्रवक्ता पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि माता निर्मला भारद्वाज सरकारी विद्यालय में प्रशिक्षित स्नातक अध्यापिका के रूप में सेवाएं दे रही हैं।

## राजस्व अफसर 31 तक पूरा करें लक्ष्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने जिला के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित लक्ष्यों को 31 जनवरी तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। उन्होंने लंबित राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे पर बल देते हुए कहा कि इससे आमजन को समयबद्ध सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। बचत भवन बिलासपुर में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने आपदा राहत से जुड़े मामलों के शीघ्र निपटारे तथा संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज और कागजी कार्रवाई तुरंत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिमाह आयोजित होने वाली राजस्व अदालतों में अधिक से अधिक मामलों के समाधान पर भी जोर दिया।

## माता नयना देवी के जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने काटा केक

अनंत ज्ञान



**श्री नयना देवी।** हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर की ऊंची पहाड़ी पर स्थित विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी में माता श्री नयना देवी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और अन्य प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालुयों ने माताजी के दर्शन किए और माता जी के दरबार में हाजिरी लगा कर अपने घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। माता पर श्रद्धालुयो ने केक काटे और माता जी के स्टेडियम में प्रसाद भी बांटा। शहर में जगह-जगह खान-पान की व्यवस्था भी की गई थी। वहीं, श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर में सुरक्षा के खासे इंतजाम किए गए थे। पुजारी मुकेश के अनुसार, माता श्री नयना देवी के जन्मोत्सव पर विशेष बंदोबस्त किए गए थे। श्रद्धालुओं को लाइनों में ही माता रानी के दर्शनों के लिए भेजा जा रहा है और कानून व्यवस्था पूरी तरह से सुचारु रही।

## अल्ट्राटेक सीमेंट ने पडियाणा में बांटे कंबल

### अल्ट्राटेक संचालित सिलाई केंद्र को पांच नई सिलाई मशीनें भी दीं

अनंत ज्ञान

**स्वारघाट।** पडियाणा गांव में अल्ट्राटेक सीमेंट की बघेरी इकाई द्वारा ईएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक सरोकार की एक सराहनीय पहल देखने को मिली। कड़ाके की ठंड को देखते हुए इकाई प्रबंधन की ओर से जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे।



सिलाई मशीनें भेंट करता अल्ट्राटेक सीमेंट का प्रबंधन। अनंत ज्ञान

अल्ट्राटेक सीमेंट बघेरी इकाई के प्रमुख अमित दुबे ने अल्ट्राटेक द्वारा संचालित सिलाई केंद्र को पांच नई सिलाई मशीनें भी प्रदान कीं। इन सिलाई मशीनों के माध्यम से महिलाएं अपने हुनर को और निखार सकेंगी, जिससे उन्हें रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना ही किसी भी समाज के विकास की मजबूत नींव है। दुबे ने अपने संबोधन में बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, कौशल विकास और आधारभूत संरचना से जुड़े कई कार्य आसपास के गांवों में लगातार कर रही है। कंपनी का प्रयास है कि औद्योगिक विकास के साथ-साथ स्थानीय समुदाय का भी सर्वांगीण विकास हो। मानव संसाधन प्रमुख हेमंत शर्मा ने कहा कि अल्ट्राटेक का लक्ष्य केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि कंपनी के आस पास के गांव में विकास कार्य को भी प्राथमिकता रहती है, कंबल वितरण और सिलाई मशीन प्रदान करने जैसे कार्यक्रम इसी सोच का परिणाम हैं।

## पंचायत चुनाव को लेकर प्रदेश सरकार ने संवैधानिक संकट में डाला हिमाचल : रणधीर

### भाजपा विधायक ने कहा- न कोर्ट की मानी और न ही चुनाव आयोग की

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रमुख प्रवक्ता एवं नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने वर्तमान प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की कार्यप्रणाली के चलते हिमाचल प्रदेश संवैधानिक संकट की ओर बढ़ रहा है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले सरकार ने चुनाव आयोग के निर्देशों की अनदेखी की और



अब उच्च न्यायालय के आदेशों को भी खुलेआम नजरअंदाज किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों को टालने के लिए सरकार ने पहले डिजास्टर एक्ट का बहाना बनाया और अब उच्च न्यायालय द्वारा स्पष्ट आदेश दिए जाने के बावजूद कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश को दस दिन से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे प्रदेश में पंचायत व्यवस्था को लेकर गंभीर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आगामी 31 जनवरी को पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, लेकिन प्रदेश की सुक्खू सरकार इस दिशा में कोई स्पष्ट निर्णय नहीं ले पा रही है।

## संवैधानिक संकट की दुहाई देने से पहले भाजपा अपने भीतर झांके

## राज्यसभा चुनाव में खुद संकट रचने वाली पार्टी दे रही नैतिकता का ज्ञान : सांख्यान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने भाजपा पर करारा हमला बोलते हुए कहा है कि संवैधानिक संकट की बात करना भाजपा के मुंह से शोभा नहीं देता।

उन्होंने दो टूक कहा कि प्रदेश सरकार पूरी मजबूती और संवैधानिक तरीके से चल रही है, जबकि भाजपा खुद अराजक राजनीति की जनक रही है। संदीप सांख्यान ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा ही वह पार्टी थी जिसने प्रदेश में संवैधानिक संकट पैदा करने की कोशिश की, लेकिन उसे जनता और लोकतांत्रिक व्यवस्था ने मुंह की खाने पर मजबूर कर दिया। आज वही भाजपा बेशर्मी से कांग्रेस सरकार पर सवाल उठा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को प्रदेश की राजनीति पर टिप्पणी करने से पहले अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है। 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के करीब 22 उम्मीदवारों का पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ना क्या भाजपा के कथित अनुशासन और संगठन की मजबूती को नहीं उजागर करता? नतीजे सबके सामने हैं।

सांख्यान ने कहा कि धवाला प्रकरण और परमार मामला अभी प्रदेश की जनता के जेहन से उतरा नहीं है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी और सरकार पर उंगली उठाने का भाजपा को कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को कम से कम अपने पिछले तीन वर्षों के राजनीतिक इतिहास पर तो नज़र डालनी चाहिए।

## मार्शल आर्ट स्पर्धा के लिए टीम जम्मू रवाना


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय बगतूर प्रतियोगिता, जो कि 16 से 18 तक होनी है , के लिए हिमाचल प्रदेश की 35 सदस्यों की टीम जम्मू के लिए रवाना हो गई है। प्रदेश एसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल शर्मा एवं राज्य महासचिव सराज अख्तर ने बताया कि प्रदश की 35 सदस्यीय टीम में जिला बिलासपुर से 19, कांगड़ा से 7, सोलन से 2, शिमला से 2, हमीरपुर से 2 खिलाड़ी शामिल हैं। टीम मैनेजर दीपक सोलन से, टीम कोच अजय कुमार कांगड़ा से, ऑफिशियल के तौर पर बृज लाल चौहान बिलासपुर से हिमाचल प्रदेश का प्रनिधित्व करेंगे ।

## कांग्रेस के कामों का श्रेय ले रहे विधायक : बंबर

### नगर में अपने नाम के बोर्ड लगवाकर जनता को गुमराह कर रहे जम्वाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि उन्हें कांग्रेस सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षों में करवाए गए विकास कार्यों का झूठा श्रेय लेने का राजनीतिक खुमार चढ़ा हुआ है।



नगर के विभिन्न हिस्सों में अपने नाम के बोर्ड लगवाकर विधायक यह भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं कि मानो समस्त विकास कार्य उन्हीं की देन हों। पत्रकारों को संबोधित करते हुए बंबर ने कहा कि एसडीपीसी, डीएमएफटी तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के माध्यम से नगर के विभिन्न वार्डों में सड़कों, गलियों, फुटपाथों, नालियों, रेन शेल्टरों और पार्किंग निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत हुई, जिससे अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं और शेष प्रगति पर हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन कार्यों में भाजपा विधायक की कोई भूमिका नहीं रही, बावजूद इसके वे सस्ती राजनीति के तहत अपने नाम के बोर्ड टांगकर वाहवाही लूटने में लगे हैं। बंबर ठाकुर ने विधायक की दोहरी राजनीति को उजागर करते हुए कहा कि एक ओर वे जनता के बीच यह कुप्रचार कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री ने उनकी विकास निधि पर रोक लगा रखी है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस सरकार के कार्यों पर अपना नाम चस्पा कर जनता को गुमराह किया जा रहा है।

## मिनर्वा की छात्रा आर्या श्री को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान



अनंत ज्ञान

**भूपेश नड्डा, घुमारवीं।** घुमारवीं स्थित मिनर्वा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा, जब विद्यालय की छात्रा आर्या श्री को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के साहित्यिक आयोजन में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें श्रेष्ठ लेखों पर आधारित पुस्तक 'बच्चों के मन की बात-मोदी जी के साथ' में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए दिया गया। नई दिल्ली के अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, जनपथ में 16 व 17 जनवरी को नमो पुस्तक मेले के अंतर्गत यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन मीडिया एवं सार्वजनिक नीति अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा किया गया था। इस पहल का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की भावना के अनुरूप बच्चों के विचारों और सपनों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना था। पुस्तक के विमोचन समारोह में प्रसिद्ध पत्रकार अशोक श्रीवास्तव, नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद, भारतीय शिक्षण मंडल के अध्यक्ष राकेश त्यागी तथा प्रसिद्ध फिल्म निर्माता विपुल शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** मुंडखर में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में मंत्री धर्माणी ने सुनीं जनसमस्याएं

## सरकार घर-द्वार कर रही समस्याओं का समाधान

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** विधानसभा क्षेत्र घुमारवीं के अंतर्गत ग्राम पंचायत पपलाह के गांव मुंडखर में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सरकार में नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने की। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बिजली, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित 100 से अधिक समस्याएं सामने आईं। मंत्री राजेश धर्माणी ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया, जबकि शेष प्रकरणों को त्वरित निपटारे के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता को घर-द्वार प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध करवाना और समस्याओं का समयबद्ध व प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में पंचायत स्तर पर समस्याएं सुनी गई और अब दूसरे चरण में शेष मामलों के समाधान के लिए अभियान शुरू किया गया है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी सहायता और योजनाओं से वंचित न रहे। राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों में वर्षों से लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाया है, जिसके तहत अब तक पूरे प्रदेश में 5 लाख 20 हजार से अधिक मामलों का समाधान किया जा चुका है। शेष लंबित मामलों को भी युद्ध स्तर पर निपटाने के लक्ष्य के साथ, जहां-जहां पद रिक्त हैं वहां सेवानिवृत्त अधिकारियों को अस्थायी रूप से तैनात कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह जनता के प्रति संवेदनशीलता के साथ पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि सरकार का वास्तविक स्वरूप केवल जनप्रतिनिधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि फील्ड में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी प्रदेश सरकार का प्रतिनिधि है।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
बिलासपुर जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को बिलासपुर, बरठी, शाहतलाई, बरमाना, नयनादेवी, नम्होल व भराड़ी में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अरुण डोगरा रीतू, जिला प्रभारी, बिलासपुर
मो. 7018200490, 9015909310

**हम** अपने कार्यों के परिणाम का निर्णय करने वाले कौन हैं? यह तो भगवान का कार्यक्षेत्र है। हम तो एकमात्र कर्म करने के लिए उत्तरदायी हैं।

– गीता

## संपादकीय

# ड्राई स्पेल और जहरीली हवा

हिमाचल प्रदेश में पिछले तीन महीनों से जारी ड्राई स्पेल ने जहां एक ओर खेती-किसानी की कमर तोड़ दी है, वहीं दूसरी ओर सर्दियों के मौसम में आम जनजीवन के लिए गंभीर स्वास्थ्य संकट खड़ा कर दिया है। बारिश और बर्फबारी के अभाव में वातावरण में नमी पूरी तरह समाप्त हो चुकी है, जिससे शुष्क ठंड और उड़ती धूल ने वायु प्रदूषण की समस्या को भयावह रूप दे दिया है। खासकर सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) में हालात बेहद चिंताजनक हो गए हैं।

बीबीएन क्षेत्र में वायु प्रदूषण इस कदर बढ़ चुका है कि लोगों के लिए सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। बद्दी की हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। यहां एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) कई बार 300 के पार पहुंच चुका है और कई मौकों पर यह 350 से ऊपर दर्ज किया गया है, जो 'अत्यंत खराब' श्रेणी में आता है। इस स्तर की हवा बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए बेहद खतरनाक मानी जाती है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कुछ सख्त कदम उठाए हैं। धूल पर काबू पाने के लिए सड़कों पर नियमित पानी के छिड़काव के आदेश दिए गए हैं। इस कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सौंपी गई है।

सड़कों पर पानी छिड़कने से धूल के कण नीचे बैठेंगे तो वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार आ सकता है। हालांकि, यह राहत अस्थायी है। दीपावली के बाद से ही बद्दी और आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगा था, लेकिन अब तक कोई ठोस और दीर्घकालिक नीति अमल में नहीं लाई गई। बद्दी शहर की स्थिति अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जैसी होती जा रही है। जहरीली हवा के कारण लोगों को आंखों में जलन, गले में खराश, सांस लेने में तकलीफ, एलर्जी और सिरदर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अस्पतालों में अस्थमा और श्वसन रोगों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टर भी बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

राजधानी शिमला और कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रों को छोड़ दें तो प्रदेश के लगभग सभी शहरों और कस्बों की हवा प्रदूषित हो चुकी है। यह समस्या अब केवल बीबीएन तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि पूरे हिमाचल की समस्या बन चुकी है। प्रदूषण बढ़ने के पीछे कई कारण हैं। प्रदेश में वाहनों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

सड़कों पर निजी वाहनों का अंधाधुंध उपयोग वायु प्रदूषण का बड़ा कारण बन रहा है। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं और ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी हवा को जहरीला बना रहा है। हिमाचल प्रदेश में इन दिनों फोरलेन सड़कों का निर्माण बड़े पैमाने पर चल रहा है। इसके साथ ही सरकारी और निजी स्तर पर भवन निर्माण गतिविधियां भी लगातार जारी हैं। इन सभी कार्यों के कारण बड़ी मात्रा में धूल वातावरण में फैल रही है। ठंड के मौसम में हवा की गति कम होने के कारण यह धूल और प्रदूषक तत्व वातावरण में ही ठहर जाते हैं, जिससे प्रदूषण का स्तर और बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय वायु प्रदूषण से वास्तविक राहत केवल बारिश ही दिला सकती है।

यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होती है और उसके बाद धूप निकलती है, तो वायु गुणवत्ता में स्वाभाविक रूप से सुधार देखने को मिलेगा, लेकिन मौसम विभाग के पूर्वानुमानों को देखते हुए फिलहाल बारिश की संभावना कम नजर आ रही है, जिससे चिंता और बढ़ गई है। प्रशासन ने आम जनता से भी सहयोग की अपील की है। लोगों से मास्क पहनने, खुले में कचरा न जलाने और बेवजह निजी वाहनों का इस्तेमाल कम करने को कहा गया है।

साथ ही कारपूलिंग और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। स्पष्ट है कि यदि प्रशासन, उद्योग और आम नागरिक मिलकर जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, तो यह संकट और गहराता जाएगा। समय रहते ठोस और स्थायी कदम उठाए जाते हैं तो लोगों को इस जहरीली हवा से राहत मिल सकती है और हिमाचल की सांसें दोबारा साफ हो पाएंगी। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### हिंदी भाषा के प्रसिद्ध कवि और लेखक

**हरिवंश** राय बच्चन हिंदी के सर्वाधिक लोकप्रिय कवियों में गिने जाते हैं। उनकी ख्याति का मुख्य आधार काव्यकृति 'मधुशाला' है, जिसने हिंदी कविता को जनमानस से जोड़ा। उनका जन्म इलाहाबाद में एक कायस्थ परिवार में हुआ। पिता प्रताप नारायण श्रीवास्तव और माता सरस्वती देवी थीं। बचपन में 'बच्चन' उपनाम से पहचाने गए, जो आगे चलकर उनकी साहित्यिक पहचान बन गया।



हरिवंश राय बच्चन
**जन्म** :27 नवंबर, 1907
**निधन** :18 जनवरी, 2003

1926 में उनका विवाह श्यामा बच्चन से हुआ, जिनका 1936 में टीबी से निधन हो गया। 1941 में उन्होंने रंगमंच व गायन से जुड़ी तेजीसूरी से विवाह किया। उनसे अमिताभ और अजिताभ दो पुत्र हुए। बच्चन की शिक्षा इलाहाबाद और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में हुई। उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में एमए तथा कैम्ब्रिज से पीएचडी की। वे इलाहाबाद विवि में प्राध्यापक रहे और बाद में विदेश मंत्रालय में हिंदी विशेषज्ञ के रूप में कार्य किया।

1935 में प्रकाशित 'मधुशाला', फिर 'मधुबाला' और 'मधुकलश' ने हिंदी साहित्य में हालावाद की स्थापना की। सरल और संवेदनशील भाषा में लिखी इन कविताओं ने छायावाद की जटिलता से हटकर आम पाठक को स्वर दिया। 'निशा निमंत्रण' और 'एकांत संगीत' को उनकी श्रेष्ठ कृतियों में गिना जाता है। बच्चन की कविता आत्मानुभूति, जीवन-संघर्ष और मानवीय पीड़ा से उपजी है। उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार, सरस्वती सम्मान, पद्म भूषण सहित अनेक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया गया। हिंदी कविता को जन-जन तक पहुंचाने में हरिवंश राय बच्चन का योगदान अमिट है। ■



कविता

### है तो है

देशराज कमल, प्रधानाचार्य, रा.व.मा.पा. भुक्कड़, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

**उड़** गया घोसला तो इसमें तूफान की क्या खता,
उसका उड़ना तिनका-तिनका होना होनी है तो है।
दौड़-दौड़ी नदिया मिलती है ठहरे सागर से,
मीठी से खारा होना उसकी ख्वाहिश है तो है।
करोड़ों करोड़ों मील दूर है जमीन से सूरज,
चक लगाती जमीं का सूरज से खिंचाव है तो है।
खैरख्वाह बनकर मुखालफत करता है वो मेरी,
फिर भी उससे इश्क करना मेरी कमजोरी है तो है।
हकीकत को हकीकत लिख दिया तो लिख दिया,
दुनिया की निगाह में गर यह नादानी है तो है।
वो चाहे और को सरकशी से परोसे हमें नफरत,
फिर भी उससे मुहब्बत होना पागलपन है तो है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सएप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आयातित सोच के प्रदूषण से हांफते शहर



डॉ. दमन आहूजा
स्वतंत्र लेखक, सोलन
मो. 9816674020

कोई भी शहर आईना होता है, अपनी संस्कृति का, व्यवस्था का, सभ्यता का और वहां रहने वाले लोगों की प्राथमिकताओं का। शहर को देख कर वहां रहने वालों की सामूहिक मानसिकता का भी अंदाजा लग जाता है। वहां चल रही सरकारों का काम काज स्वयं ही बोलता है।

बाहर का प्रदूषण व्यक्ति के भीतर क्या चल रहा है उसके बारे में भी संकेत दे देता है। हमारे शहरों की जो स्थिति है वह केवल बाहरी प्रदूषण तक की ही बात नहीं है, बल्कि व्यक्ति भीतर से कितना परेशान एवं अव्यवस्थित है इस बात का भी प्रतिबिंब है। बात चाहे दिल्ली की हो या अन्य बड़े शहरों की, नए आई फोन के लिए कतारें, 150 करोड़ रुपए खर्च कर मैसी से ऑटोग्राफ लेने की भीड़, इंडिगो संकंट में तितर-बितर सामान की तस्वीरें, वंदे मातरम पर चर्चा, एसआईआर पर विपक्षी खालीपन हर किसी की प्राथमिकता दर्शाता है।

आंखों की जलन, गले की खांसी, सिर का भारीपन, याददाश्त में कमी और हर रोज सांस लेने से झूझते लोग किसी की प्राथमिकता अभी भी नहीं बन रही है। 930 से ऊपर एक्यूआई की समस्या केवल ग्रैप 3 लागू करके तो समाप्त नहीं होगी। मामला पास के राज्यों से पराली जलाने की बात कह कर, राजनीतिक लाभ लेने की आकांक्षा से ज्यादा और समस्या पर ध्यान देने का कम हो जाता है। हर रोज बढ़ते वाहन, घटते पेड़, ठंड से बचने के लिए झुग्गी झोपड़ियों में सुलगती लकड़ियां एवं अव्यवस्थित निर्माण कार्य कभी भी मुद्दा नहीं बनाए जाते हैं।

स्थिति इतनी खराब हो रही है कि छोटे बच्चे एक बार पुन: खराब हवा की वजह से घर से कक्षाएं पढ़ने को मजबूर हो गए हैं। तमाम वृद्ध जनों को बाहर निकलने के लिए दस बार सोचना पड़ रहा है। सारी स्थिति को देखते हुए लगता है विकसित भारत में अब ये संवाद सच हो जाएगा जब मां कह रही होगी 'बेटा राम ! उठ बेटा राम, फिर देर हो जाएगी तो ऑक्सीजन का सिलेंडर भरने वालों की लाइन और लंबी हो जाएगी।'

प्रश्न यह है कि तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की होड़ में क्या विकसित भारत में ये बातें आम हो जाएंगी? निश्चित रूप से धारा 370 हटना, राम मंदिर का निर्माण, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ तीन तलाक पर निर्भीक एवं जरूरी मुद्दे पर जब प्राथमिकता तय हुई तो असंभव समझें जाने वाले फैसले भी हुए। साफ है कि सांस लेना, वह भी साफ हवा में, कोई मुद्दा ही नहीं बन रहा। ऑस्ट्रेलिया की



एडिलेड यूनिवर्सिटी में एक रिसर्च के मुताबिक, वातावरण का प्रदूषण मानसिक अस्वास्थ्य से सीधा जुड़ा हुआ है। इन हालातों में गहन शोध की जरूरत है कि क्या मेट्रो के आगे छलांग लगा कर जीवन लीला समाप्त करने, दसवीं मंजिल से कूदने, हत्या कर फ्रिज में मानव देह के टुकड़े रख, सूटकेस से सुनसान जगह पर फेंकने के रूप में कहीं बाहरी हवा के दूषित होना भी एक कारण तो नहीं है?

दु:ख तब भी होता है जब हमारी प्राथमिकता एक मूर्ति अंडमान में, एक लखनऊ में, एक गोवा में लगाने की चल रही है। जो लोग अब हमारे बीच नहीं हैं, उनके व्यक्तित्व के बारे में आने वाली पीढ़ियों को सिखाना जरूरी है, लेकिन 25 जिंदा लोगों को जलाने से रोकने हेतु, नियम कानून बनाना एवं करोड़ों लोगों को जिंदा मौत न हो, वह सबसे ज्यादा जरूरी है।

दुर्भाग्य तब भी शुरू हो जाता है जब विपक्ष की बागडोर ऐसे लोगों के हाथों में हो जो अपनी प्राथमिकता मात्र टी शर्ट और बढ़िया साड़ी पहनने तक ही सीमित कर लें और विदेशों में जाकर देश की किरकिरी करें। ऐसे में उम्मीद उन्हीं से बनती है, जिन्होंने तय समय में नया संसद भवन, विस्ता प्लान और विकसित भारत में बुलेट ट्रेन का स्वप्न संजोया है।

समस्या के समाधान के लिए किसी आयातित मॉडल की आवश्यकता नहीं है। भारतीय सभ्यता का मूल मंत्र सदैव रहा है- 'तेन त्यक्तेन भुंञजीथा, अर्थात् त्याग के साथ भोग। प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीना हमारी परंपरा रही है, किंतु आज तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की होड़ में हम जल, वायु, खनिज, कार्बन उत्सर्जन, ई-कचरा और अनियंत्रित उपभोग के जरिए अपने ही संसाधनों को नष्ट करने पर आमादा हैं।

हम यह स्वीकारने में विफल हैं कि बाहरी समृद्धि की यह दौड़ प्राकृतिक संसाधनों के असंतुलित दोहन से जन्म लेती है। हमारे पूर्वजों के समय भी अग्नि थी, धुआं था, पर न ओजोन में छेद था और न ही दमघोंटू हवा। सरलता, सादगी और आत्मसंयम ही उनके जीवन का आधार था। पेट रोटी से भरता है, स्वच्छ हवा से जीवन चलता है-बिटकॉइन या जमीन के नीचे दबे सोने से नहीं।

जिनके पास पृथ्वी को कई बार नष्ट करने की शक्ति है, उनकी वास्तविक असुरक्षा तब उजागर होती है जब उन्हें अपना मल-मूत्र तक समेटना पड़ता है। यह लालच और एकाधिकार की प्रवृत्ति ही असंतुलन की जड़ है। कहा भी गया है-धरती सबकी आवश्यकता पूरी कर सकती है, किसी एक के लोभ को नहीं। स्वच्छ हवा के लिए हमें विदेशों की ओर देखने की नहीं, बल्कि अपनी नीतियों की जड़ों में लगी दीमक हटाने की जरूरत है। कनॉट प्लेस में एयर प्यूरीफायर लगाने से नहीं, चेतना बदलने से समाधान निकलेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सफलता की एक अमिट गाथा लिख गए जगत प्रकाश नड्डा



अजय श्याम
स्वतंत्र लेखक

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव हेतु अधिसूचना जारी कर दी है। संभवत: बीस जनवरी को नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के साथ वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा विधिवत अपना कार्यकाल पूर्ण कर कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को नए अध्यक्ष के रूप में दायित्व सौंप देंगे। और इसी के साथ भाजपा एक नवीन युग में प्रवेश कर जाएगी, जहां तीसरी पीढ़ी का युवा नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिए पार्टी की वैचारिक धार को और तेज करता हुआ नजर आएगा।

नए अध्यक्ष के कार्यभार संभालने के साथ यदि निवर्तमान अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का कार्यकाल देखा जाए तो लगभग छह वर्षों के अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने भाजपा को असाधारण उपलब्धियों तक ले जाने में सफलता प्राप्त की है। आज केंद्र में जिस तरह का यशस्वी नेतृत्व नरेंद्र मोदी के रूप में विराजमान है उनकी कार्य संस्कृति के अनुरूप संगठन की मर्यादा को बनाए रखते हुए एक छोटे से प्रदेश से आने वाले नड्डा ने अपने बड़े व्यक्तित्व के चलते मोदी युग में भाजपा को और अधिक अनुशासित, व्यवहारिक, सर्वस्पर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यदि कोई मुझसे पूछे कि नड्डा की सफलता का पहला मानक क्या है तो मैं यही कहूंगा कि अपने पूर्ववर्ती अध्यक्ष अमित शाह के विराट व्यक्तित्व एवं भारतीय राजनीति में उनके असाधारण सांगठनिक कौशल के बाद उसी तर्ज पर भाजपा को निर्विवाद छह वर्षों तक अध्यक्ष के रूप में आगे ले जाना ही ये दर्शाता है कि मोदी शाह के युगल के साथ नड्डा वर्तमान भाजपा के तीसरे सबसे बड़े



क्षत्रप के रूप में स्थापित होने में सफल रहे हैं। नड्डा की इस सफलता के पीछे एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अपने नजरिए से संगठन चलाने के बजाए संगठन के नजरिए से भाजपा को चलाने में सफलता प्राप्त की जो एक कैडर आधारित राजनीतिक दल की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

निश्चित तौर पर भाजपा आज देश का सबसे बड़ा राजनीतिक दल यदि बना है तो उसके पीछे उसकी वैचारिक स्पष्टता,पन्ने तक मजबूत संगठन, लगातार विस्तारवादी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन एवं नेतृत्व विकास के अवसर तथा प्रोफेशनल दृष्टिकोण ही उतरदायी है।

अमित शाह द्वारा निर्धारित संगठनात्मक ढर्रे को आगे बढ़ाते हुए जगत प्रकाश नड्डा ने भारतीय जनता पार्टी का विस्तार संतुलित और सुविचारित ढंग से किया। उनके कार्यकाल में जय श्रीराम के उद्घोष के साथ अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का संकल्प पूरा हुआ और पार्टी की वैचारिक प्रतिबद्धता के अनुरूप धारा 370 की समाप्ति भी हुई, जो उनके नेतृत्व की ऐतिहासिक उपलब्धियां रहीं।

जगत प्रकाश नड्डा के खाते में यह भी जाता है कि भारतीय जनता पार्टी ने लंबे समय तक अविजित रहे ओडिशा में सरकार बनाकर जय जगन्नाथ का उद्घोष किया। हालिया बॉम्बे महानगरपालिका चुनाव में ठाकरे परिवार का तीन दशक पुराना वर्चस्व टूटना उनकी सुखद विदाई का क्षण बना और नए अध्यक्ष नितिन नवीन के लिए शुभ संकेत भी। नड्डा का समग्र चिंतन, उदार व्यक्तित्व और संगठनात्मक मर्यादाओं की स्पष्ट समझ उन्हें एक कुशल व निर्विवाद अध्यक्ष बनाती है।

उनके नेतृत्व में भाजपा तकनीक-संपन, बूथ स्तर तक सशक्त और विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनी। सफल कार्यकाल के लिए जगत प्रकाश नड्डा को बधाई और नितिन नबीन को हार्दिक शुभकामनाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मनरेगा का नया स्वरूप: विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)



योगिन्द्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक) जिला मंडी
मो. 94591-35322

मनरेगा योजना 2005 में शुरू हुई थी, जिसे केंद्र सरकार ने 2025 में 'विकसित भारत जी राम जी ' के नाम से नया स्वरूप दिया, जिसकी आलोचनाएं हो रही है। गंभीरता से योजना के प्रत्येक बिंदु को समझा जाए तो निष्कर्ष यही निकलता है कि अब केंद्र राज्यों की साझेदारी के साथ योजना धरातल पर लागू होगी। नए प्रावधान से राज्यों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा।

केंद्र और राज्यों में धन उपलब्ध करवाने की हिस्सेदारी 60:40 अनुपात से तय है। पूर्वोत्तर और हिमालय राज्यों में अनुपात 40% की जगह 10% रहेगा। मजदूरी दिवस 100 से बढ़ाकर 125 का प्रावधान करने के साथ प्रशासनिक व्यय राशि पहले तय 6% से बढ़ाकर 9%कर दी है। वर्ष में 60 दिन नो कार्य दिवस रहेंगे और शेष 305 दिनों में 125 दिन रोजगार प्रदान किया जाएगा। जल संरक्षण, जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसरंचना, आजीविका से संबंधित ढांचा और मौसम बदलाव के विशेष कार्य क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध रहेगा। दिहाड़ी व अन्य शर्तें राज्य स्वयं तय करेंगे। प्रत्येक कार्य योजना को जीआईएस, पीएम गति शक्ति के साथ जोड़ दिया है। भुगतान डिजिटल एआई जैसे तरीके से होगा।

केंद्र सरकार ग्रामीण विकास में नए कानून को मील का पत्थर बता रही है। नए कानून बीबी जीरामजी को लागू करने में विकेंद्रीकरण के साथ केंद्रीकरण होता हुआ दिखाई देता है। राष्ट्रीय, राज्य, जिला, ब्लॉक, पंचायत गांव स्तर के संस्थागत ढांचा अनुसार नया कानून लागू किया जाएगा। कार्यन्वयन का दायरा बढ़ाया गया है, जिससे व्यवस्था में पारदर्शिता, भ्रष्टाचार रोक, जवाबदेही और आय सुरक्षा को मजबूती मिलती है लेकिन सवाल यह है कि कार्ययोजना के लिए राज्यों को अपने हिस्से का पैसा उपलब्ध करवाना पड़ेगा।



ठीक उसी तरह जैसे अन्य विकास योजनाओं में केंद्र और राज्य दोनों हिस्सेदारी में पैसा खर्च करते हैं। केंद्र ने चतुराई से राज्यों की साझेदारी निर्धारित कर राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया है।

मनरेगा में 100% पैसा केंद्र सरकार राज्य को पैसा उपलब्ध करवाती थी, जिसे प्रशासनिक इकाइयों के माध्यम से प्रत्येक राज्य खर्च करते थे लेकिन अब केंद्र और राज्य दोनों के आपसी सहयोग से साझेदारी में पैसा खर्च करना होगा। हिमाचल प्रदेश में रोजगार गारंटी में 15 लाख जॉब कार्ड होल्डर में से 9 लाख सक्रिय हैं। 28 लाख कुल श्रमिकों में से 13 लाख एक्टिव श्रमिक है। (आंकड़े लगभग में है) वित्त वर्ष 2024-25 में 1531.50 करोड रुपए मजदूरी में खर्च हुआ था। वर्तमान वित्त वर्ष में 30 सितंबर तक 636.15 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। शिकायतें आती रहती हैं कि 100 दिनों का पूर्ण रोजगार और समय पर मजदूरी का पैसा नहीं मिलता। वीबी जीरामजी योजना के अनुसार प्रत्येक वित्त वर्ष के लिए प्रदेश सरकार को अपने हिस्से का प्रावधान बजट में करना पड़ेगा। योजना की सफलता और असफलता कि कहानी आने वाला भविष्य बताएगा। नाम बदलने की आलोचना राजनीतिक मुद्दा हो सकता है। मजदूरों को नाम बदलने से कोई फर्क नहीं पड़ता। उनको अपनी मजदूरी पैसे से मतलब होता है। चिंताजनक यह है कि राज्यों को पैसा केंद्र से तभी मिलेगा, जब राज्य अपने हिस्से के पैसे उपलब्ध करवाएंगे।

अनेक उदाहरण हैं जब राज्य में अनेक विकास परियोजनाओं के लिए पैसा केंद्र और राज्य दोनों की हिस्सेदारी में खर्च होता है। परिणाम स्वरूप पैसे के अभाव से योजनाएं धीमी गति से चलती हैं या युहीं उधर में लटकी रहती है।

वीबी जीरामजी योजना में यदि ऐसा हुआ, तो गारंटी रोजगार नहीं मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। केंद्र के अपने तर्क रहेंगे, और राज्यों के अपने तर्क होंगे। धरातल पर योजना ढंग से लागू नहीं हुई, तो रोजगार गारंटी नीति सवालों के घेरे में आ सकती है, जिसके कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था व विकास की परिकल्पना को गति नहीं मिलेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# देश की सड़कों पर मौत का तांडव आखिर कब थमेगा?



नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक, मंडी

आतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक पूरे देश में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। वर्ष 2026 के लिए इसकी थीम 'सीख से सुरक्षा, तकनीक से परिवर्तन' निर्धारित की गई है। मानव जीवन अमूल्य है, किंतु देश की सड़कों पर जिस तरह मौत का तांडव चल रहा है, वह गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। बड़ा और अहम सवाल यह है कि आखिर सड़क हादसों पर कब और कैसे विराम लगेगा?

दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि सड़क सुरक्षा सप्ताह अब केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। हर वर्ष जागरूकता अभियानों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन नतीजा वही 'ढाक के तीन पात' साबित होता है। यदि इस धन का सही दिशा में उपयोग हो, तो दुर्घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है, परंतु ऐसा हो नहीं रहा। आंकड़े भयावह हैं। देश में प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते हैं। नववर्ष 2026 के पहले ही सप्ताह से दुर्घटनाओं का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रतिदिन हो रहे हादसों में पूरे-पूरे परिवार उजड़ रहे हैं। सर्दियों में कोहरे के कारण दुर्घटनाओं की संख्या और बढ़ जाती है। यातायात नियमों की अनदेखी इन हादसों का सबसे बड़ा कारण है।

सात दिनों तक नियमों का पाठ पढ़ाया जाता है, उसके बाद पूरा वर्ष लोग मनमानी करते हैं। तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाना, चलतरी गाड़ी में मोबाइल फोन का प्रयोग, सीट बेल्ट और हेलमेट न पहनना-ये सब मानवीय लापरवाही के उदाहरण हैं।

सर्वेक्षण बताते हैं कि लगभग 80 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं मानवीय भूल के कारण होती हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति युवाओं की है। युवा देश का भविष्य हैं, लेकिन वही सबसे अधिक सड़क हादसों



का शिकार हो रहे हैं। इकलौते चिराग बुझ रहे हैं, कोखें उजड़ रही हैं, बच्चे अनाथ हो रहे हैं। नाबालिग चालकों की बढ़ती संख्या और प्रशासन की ढिलाई भी हादसों को बढ़ावा दे रही है।

दुर्घटनाओं के बाद मुआवजा बांटना और घड़ियाली आंसू बहाना अब एक परंपरा बन गई है। सरकारें और नेता सुर्खियों में रहने तक ही सीमित रह जाते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि सड़क सुरक्षा के लिए ठोस और दीर्घकालिक नीति बनाई जाए। केवल चालान काटना समाधान नहीं है। लाइसेंस प्रक्रिया को सख्त करना, नशे में वाहन चलाने वालों के लाइसेंस रद्द करना, ओवरलोडिंग पर कड़ी कार्रवाई, हाईवे पेट्रोलिंग को प्रभावी बनाना और नियमित जागरूकता शिविरों का आयोजन समय की मांग है। साथ ही, स्कूल बसों और श्रद्धालुओं को ले जाने वाले वाहनों की विशेष निगरानी अनिवार्य होनी चाहिए।

सड़क दुर्घटनाएं आज एक अभिशाप बन चुकी हैं। इन्हें रोकना केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। यदि लोग ईमानदारी से यातायात नियमों का पालन करें, तो सड़कों पर मच रहे मौत के तांडव को रोका जा सकता है।

मानव जीवन दुर्लभ है। इसे बचाना ही सड़क सुरक्षा सप्ताह की वास्तविक सार्थकता होगी। यदि अब भी हम नहीं चेते, तो शहरों से लेकर गांवों तक सड़कों पर लाशें बिछती रहेंगी। समय आ गया है कि सरकार और समाज दोनों मिलकर ठोस कदम उठाएं-तभी सुरक्षित भारत का सपना साकार हो सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### टक्का स्कूल में करवाई आग सुरक्षा को लेकर मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अग्निशमन विभाग ऊना द्वारा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टक्का में अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल में 297 विद्यार्थियों और 29 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में फायरमैन लक्की, मुकेश कुमार, दौलतराम व चालक अमित कुमार की टीम ने छात्रों को अग्निशमन यंत्रों की जानकारी दी तथा आग लगने की स्थिति में इनके सही प्रयोग की विधि समझाई। छात्रों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए टोल फ्री नंबर 101 पर सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। प्रिंसिपल वीरेंद्र कपिल ने अग्निशमन विभाग का आभार जताते हुए ऐसे अभियानों को उपयोगी बताया।

### निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता 25 को

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** समाज सेवा समिति बंगाणा की ओर से 25 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंगाणा के परिसर में निबंध लेखन, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में क्षेत्र के सभी विद्यालयों को सूचना भेज दी गई है। निबंध लेखन का विषय 'अंतरिक्ष में भारत का पर्व-शुभांशु शुक्ला की उड़ान एक्सिओम-4 मिशन', भाषण प्रतियोगिता का विषय 'ऑपरेशन सिंदूर- सैन्य कूटनीतिक विजय' और वाद-विवाद का विषय 'विकास: वरदान अथवा अभिशाप' रखा गया है। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार तथा समिति के वार्षिक समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता समिति की नई कार्यकारिणी द्वारा आयोजित पहली गतिविधि होगी। यह जानकारी संगठन सचिव एवं मीडिया प्रभारी राज पाल कुटलैहड़िया ने दी।

### भरवाई स्कूल के विद्यार्थियों को बांटे ट्रैक सूट

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाई में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को मुफ्त ट्रैक सूट बांटे गए। ये ट्रैक सूट बेंगलुरु के एक सज्जन व्यक्ति द्वारा दान किए गए थे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य निर्मल कुमार, स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रितिका कौशल, सदस्यों, समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों ने इस पुनीत कार्य के लिए बेंगलुरु के दानी सज्जन का हृदय से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के सभी अध्यापक उपस्थित थे।

### रेहड़ी-फड़ी लगाने वाले प्रवासी करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना के आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने नगर निगम क्षेत्र में रेहड़ी-फड़ी लगाकर आजीविका चला रहे प्रवासी लोगों से नगर निगम में पंजीकरण करवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र एवं इसमें सम्मिलित सभी 14 पंचायतों में निवास कर रहे रेहड़ी-फड़ी/स्ट्रीट वेंडिंग करने वाले प्रवासी लोग नगर निगम से वैध लाइसेंस प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए संबंधित व्यक्ति नगर निगम की पंजीकरण शाखा में जाकर आवेदन कर सकता है।

### रैली से बताए सड़क सुरक्षा के नियम

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** शहीद मनोहर लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठार बीत में रोड सेफ्टी क्लब ने प्रधानाचार्य वीरेंद्र चंदेल की अध्यक्षता में रैली निकाली गई। इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब के इंचार्ज पंकज एवं अन्य स्टाफ सदस्यों में धर्मचंद, मोहन सिंह, सत्यवीर, विनोद कुमार, नवदीप कुमार, सतीश कुमार, कंचन देवी, बिंदु वाला, पूनम, दीक्षा शर्मा, आरती शर्मा, इत्यादि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने रैली एवं स्लोगन के माध्यम से जनसाधारण को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

### किसानों को दी कृषि योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) तलमेहड़ा ने पंचायत भवन में क्षेत्र के किसानों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को बैंक की ओर से कृषि योजनाओं, ऋण सुविधाओं और आधुनिक खेती के तरीकों की जानकारी देना था। बैंक अधिकारी राजेंद्र कुमार और एग्रीकल्चर मैनेजर विशाल कुमार ने किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि ऋण, फसल बीमा योजना तथा डेयरी और पशुपालन से जुड़े ऋण के बारे में बताया। बैंक प्रबंधक ने किसानों को डिजिटल बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और ऑनलाइन लेन-देन की सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। किसानों से ऋण समय पर चुकाने और बैंक सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की गई। इस मौके पर स्थानीय प्रधान राकेश धीमान, पूर्व उप प्रधान जीवन सिंह और कर्नल रघवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना लक्ष्य : मुकेश

## उपमुख्यमंत्री बोले- सरकारी स्कूलों में लागू किया जा रहा सीबीएसई पाठ्यक्रम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चयनित सरकारी विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

इस फैसले का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार करना तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना है। प्रदेश सरकार राज्य के 117 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने जा रही है। इसके तहत ऊना जिले के भी करीब एक दर्जन विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर संचालित किया जाएगा। यह बात उपमुख्यमंत्री मुकेश ने अंब उपमंडल के दुसाड़ा स्थित केवी इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की हुए कही। उन्होंने अकादमिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उपमुख्यमंत्री ने अपनी ऐच्छिक निधि से 31 हजार रुपए देने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा एक उज्ज्वल समाज के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहले के दौर में निरक्षरता आम थी, लेकिन आज समय बदल गया है। उन्होंने हरोली क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले वहां शिक्षा की स्थिति कमजोर थी, लेकिन अब परिस्थितियां बदली हैं। उन्होंने कहा कि जिसकी मां कभी निरक्षर थी, आज उसकी बेटी जज, वकील और अधिकारी बन रही है, जो शिक्षा की ताकत को दर्शाता है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक विकास शर्मा ने स्कूल की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी दी।इस अवसर पर कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष देशराज गौतम, कांग्रेस वरिष्ठ नेता अशोक ठाकुर, डॉ. रविंद्र शर्मा, स्थानीय प्रधान नीरू बाला, उपप्रधान सहदेव, प्रवीण शर्मा आदि मौजूद रहे।



केवी इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन। अनंत ज्ञान

# कुटलैहड़ विस क्षेत्र के पिपलू में बनेगा अत्याधुनिक खेल मैदान : विवेक शर्मा

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के पिपलू में इस वर्ष आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जिलास्तरीय पिपलू मेले से पहले क्षेत्र के लोगों को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। विधायक विवेक शर्मा के अनुसार, पिछले वर्ष शुरू हुए खेल मैदान के निर्माण कार्य को आधुनिक रूप में पूरा किया जाएगा और मेले से पूर्व इसे तैयार किया जाएगा।

विवेक शर्मा ने बताया कि सोलहसिंगी धार क्षेत्र में बनने वाले इस मैदान में सौंदर्यीकरण के साथ क्रिकेट, फुटबाल, वॉलीबाल सहित अन्य खेल गतिविधियों की सुविधा होगी। यह न केवल मेले के दौरान पार्किंग, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं में प्रशासन के लिए मददगार होगा, बल्कि स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं का बेहतर मंच भी प्रदान करेगा। विधायक ने कहा कि पिपलू मेला क्षेत्र की धार्मिक, सामाजिक और ऐतिहासिक पहचान से जुड़ा हुआ है। नरसिंह नारायण मंदिर के विकास और खेल मैदान निर्माण से पीपलू धार्मिक पर्यटन, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे। इस खेल मैदान के निर्माण से आसपास के दर्जनों गांवों के खिलाड़ी लाभान्वित होंगे, स्थानीय प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अवसर मिलेगा और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी। विकास कार्यों के साथ-साथ मेले और मंदिर की व्यवस्थाएं भी बेहतर होंगी, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। विधायक ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है।

# प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी), ऊना कार्यालय की ओर से दुलैहड पंचायत में आयोजित 14 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत खिलौने बनाने एवं विपणन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक हुआ। समापन समारोह में पूर्व ग्राम पंचायत उपप्रधान महेंद्र बोदी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे इस प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाएं और आत्मनिर्भर बनें। यूको बैंक के शाखा प्रबंधक अमित शर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न बैंकिंग एवं ऋण योजनाओं की जानकारी दी तथा उन्हें स्वरोजगार शुरू करने के लिए बैंक ऋण सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। पीएनबी आरसेटी ऊना के कार्यक्रम संचालक एवं सदस्य आकाश भारद्वाज ने जानकारी दी कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा जिला ऊना के 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवाओं को नि:शुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। साथ ही प्रशिक्षण उपरांत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंक ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है, ताकि युवा आत्मनिर्भर बनकर अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ सकें। इस दौरान कुल 30 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## सांसद ने की केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा, कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश

# पीजीआई सैटेलाइट सेंटर का कार्य जुलाई तक करें पूरा : अनुराग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** सांसद अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में केंद्र प्रायोजित विकास योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां आवश्यक हो, वहां मनरेगा के तहत कन्वर्जेंस करते हुए लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें, ताकि योजनाओं की गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित हो सके। सांसद ने अधिकारियों से कहा कि वे केवल लक्ष्यों को प्राप्त करने तक सीमित न रहें, बल्कि कार्य प्रणाली में सुधार लाकर योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाएं। गहन और व्यापक विश्लेषण करते हुए सिस्टम को बेहतर बनाने में योगदान दें ताकि जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने मलाहत में बन रहे पीजीआई सैटेलाइट सेंटर के कार्य में देरी पर गहरी नाराजगी जताते हुए क्रियान्वयन एजेंसी को जुलाई, 2026 तक सभी सुविधाओं सहित निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओपीडी और आईपीडी समेत सभी अत्याधुनिक सेवाएं तय समय में उपलब्ध होनी चाहिए।

**ऊना रेलवे स्टेशन में पार्किंग सुविधा :** सांसद ने ऊना रेलवे स्टेशन के प्रवेश व निकास बिंदु, जन सुविधाएं, कैंटीन, टॉयलेट आदि की स्थिति सुधारने के साथ पार्किंग व्यवस्था के लिए अगले 30 वर्षों की यातायात संभावनाओं पर आधारित विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने को कहा। अनुराग ने ऊना जिले में प्रस्तावित फोरलेन परियोजनाओं की डीपीआर बनाने से पहले पूरी व्यावहारिकता के साथ अध्ययन करने के निर्देश दिए गए। डीपीआर बनाते समय यह तय किया जाए कि मुख्य बाजार चोक न हों, बायपास कहां जुड़े और सड़कों का ग्रेड इस तरह हो जिससे दुर्घटनाओं में कमी आए। नेशनल हाईवे पर हर 10 किलोमीटर की दूरी पर शौचालय बनाने और साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इसे लिए 15 दिन के भीतर रोडमैप बनाने के सम्बंधित विभाग को निर्देश दिए। वहीं, सांसद अनुराग ठाकुर ने जिले में औद्योगिक और पर्यटक स्थलों पर प्लास्टिक कचरे के प्रभावी निपटान और कलेक्शन सेंटर स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अंब उपमंडल में खुले केंद्रीय विद्यालय के लिए शीघ्र भवन सुनिश्चित करने और कक्षाओं को सुचारू चलाने पर ध्यान देने को कहा।



निगरानी समिति बैठक की अध्यक्षता करते सांसद अनुराग ठाकुर। अनंत ज्ञान

### सांसद बोले- हिमाचल सरकार में कांग्रेस का कुनबा बिखरा

**सांसद** अनुराग ठाकुर ने ऊना में पत्रकारों से बातचीत में हिमाचल सरकार में मंत्रियों की आपसी खींचतान और अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में कुनबा बिखरा हुआ है और कर्मचारियों, अधिकारियों व मंत्रियों में तालमेल का अभाव है, जो प्रदेश के विकास के लिए हानिकारक है। अनुराग ने कहा कि आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था और विकास कार्यों में यह सरकार फिसड्डी साबित हो रही है। उन्होंने पूछा कि क्या मंत्रियों और मुख्यमंत्री के बीच यह तनाव हिमाचल में रुके विकास कार्यों को और ठप करेगा और प्रदेश को बड़े करज़ में डुबो देगा। अनुराग ने कहा कि मंत्री आपस में लड़ते, एक दूसरे का काउंटर करते और मुख्यमंत्री अलग बयान देते हैं, जिससे सरकार का कुनबा इतना बिखरा हुआ दिखाई देता है कि ऐसा पहले किसी सरकार में नहीं देखा गया।

# जेल में बंद नगर पंचायत गगरेट के पार्षद वरिंदर को पद से हटाया

◆ बैठकों से लगातार नदारद रहने पर की कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**गगरेट।** मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत जेल में बंद नगर पंचायत गगरेट के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद वरिंदर कुमार उर्फ बिंदू अब पार्षद भी नहीं रहे हैं।

नगर पंचायत की बैठकों से नदारद रहने के चलते शहरी विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार ने बकायदा अधिसूचना जारी करके वरिंदर कुमार को एचपी म्युनिसिपल एक्ट 1994 की सेक्शन 273(1) (ई) के तहत पार्षद पद से हटा दिया है।

जिला ऊना में किसी चुने हुए पार्षद के विरुद्ध संभवत: यह पहली कार्रवाई है। वरिंदर कुमार बिंदू का राजनीति का सफर भी बड़ा दिलचस्प रहा है। पहली बार नगर पंचायत गगरेट से चुनाव मैदान में उतरे वरिंदर कुमार बिंदू वार्ड नंबर पांच से पहली बार ही पार्षद चुने गए और पहली बार ही प्रधान पद की कुर्सी पर पहुंचने में कामयाब रहे। हालांकि, वह साथी पार्षदों को साथ लेकर चलने में नाकाम रहे और बीच में ही उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव आ गया और उन्हें प्रधान की कुर्सी गंवानी पड़ी। इसी बीच वरिंदर कुमार एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार हुए और वर्तमान में वह बनगढ़ जेल में है। लगातार नगर पंचायत की बैठकों से नदारद रहने पर उसके विरुद्ध कार्रवाई शुरू हुई और इसकी शिकायत शहरी विकास विभाग के पास पहुंचने पर एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने अपनी जांच में पाया कि वरिंदर कुमार पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वर्तमान में एनडीपीएस एक्ट में वह जेल में बंद है। जांच अधिकारी की रिपोर्ट जाने पर विभाग ने वरिंदर कुमार बिंदू को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया, लेकिन उसका भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद विभाग ने हिमाचल प्रदेश चुनाव आयुक्त व विधि विभाग से राय लेने के बाद अब वरिंदर कुमार को पार्षद पद से हटा दिया है।

# एसडीएम ने चिंतपूर्णी मंदिर में जांची व्यवस्थाएं

## मार्गों का भी लिया जायजा, बोले- श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर जल्द होगी अहम बैठक

◆ श्रद्धालुओं को पेश आने वाली समस्याओं पर की जाएगी चर्चा

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** एसडीएम अंब एवं चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट के सह आयुक्त पारस अग्रवाल ने शनिवार सुबह करीब सात बजे शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर पहुंचकर मंदिर परिसर और आसपास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

एसडीएम अंब का कार्यभार संभालने के बाद यह उनका चिंतपूर्णी मंदिर का पहला दौरा था। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पारस अग्रवाल ने मंदिर को जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों का जायजा लिया और मंदिर अधिकारियों से श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं व व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

मंदिर प्रशासन ने उन्हें दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। एसडीएम पारस अग्रवाल ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में माथा टेका।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही मंदिर ट्रस्ट, व्यापार मंडल और अन्य संबंधित पक्षों के साथ एक अहम बैठक करेंगे। इस बैठक में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को पेश आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।



चिंतपूर्णी मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते एसडीएम पारस अग्रवाल। अनंत ज्ञान

### मंदिर के विस्तारीकरण के प्रयास तेज

एसडीएम ने बताया कि चिंतपूर्णी मंदिर के विस्तारीकरण को लेकर प्रयास तेज किए जाएंगे, ताकि भविष्य में यहां एक भव्य मंदिर का निर्माण संभव हो सके। एसडीएम अम्ब ने कहा कि मंदिर एवं चिंतपूर्णी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पुजारियों और स्थानीय लोगों के सहयोग से योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा, ताकि आने वाले समय में श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।

## पटवारी की निर्मम पिटाई का मामले ने पकड़ा तूल

# आरोपी जल्द गिरफ्तार न हुए तो होगा प्रदेशभर में उग्र प्रदर्शन : सतीश

अनंत ज्ञान

**गगरेट।** कुल्लू जिले में निशानदेही करने गए पटवारी की निर्मम पिटाई का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस प्रकरण को लेकर हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ आग बबूला हो गया है। महासंघ ने इस प्रकरण में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करने की मांग करने के साथ आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

महासंघ ने चेताया कि सोमवार तक हत्या के प्रयास में मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो मंगलवार से तमाम राजस्व अधिकारी राजस्व संबंधी कार्य ठप्प करके जिला मुख्यालयों पर रोष प्रदर्शन करेंगे। पत्रकारवार्ता में हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि चंबा प्रकरण व मंडी प्रकरण के बाद अब कुल्लू प्रकरण में तो सब्र की इंतहा हो गई है। अगर फील्ड में पटवारी सुरक्षित नहीं तो पटवारी निशानदेही सहित तकसीम संबंधी कार्य नहीं कर पाएंगे। इस प्रकरण ने साफ कर दिया है कि राजस्व संबंधी कार्य निपटाना पटवारी व कानूनगो के लिए जान जोखिम में डालने जैसा है। वैसे भी प्रदेश सरकार सेवानिवृत राजस्व कर्मचारियों को दोबारा नियुक्ति दे रही है। इससे पटवारी व कानूनगो की पदोन्नति भी प्रभावित हो रही है। सरकार ने सेवानिवृत कर्मचारी रखने हैं तो उन्हें निशानदेही व तकसीम के कार्य सौंपे जाएं, ताकि फील्ड में कुछ काम हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री से मांग की है कि राजस्व कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप करते हुए हत्या के प्रयास की धाराएं जोड़ी जाएं और आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। इस अवसर पर संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ के गगरेट के अध्यक्ष अनिल ठाकुर, आफिस कानूनगो जय गोपाल, कानूनगो गुरपाल सहित महासंघ के कई सदस्य मौजूद रहे।

**जागरूक** बेहड़ जसवां स्कूल में सड़क सुरक्षा पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# पेंटिंग से बताया यातायात नियमों का महत्व

अनंत ज्ञान

**बढ़ूही (ऊना)।** उपमंडल अंब के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बेहड़ जसवां, में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता मे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक कला के माध्यम से यातायात नियमों, हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व, पैदल यात्रियों की सुरक्षा तथा सुरक्षित ड्राइविंग जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने पेंटिंग्स से यह दर्शाया कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि यह जीवन रक्षा से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है।

बच्चों की कलाकृतियों में जागरूकता, जिम्मेदारी और सामाजिक संदेश स्पष्ट रूप से झलकता रहा। प्रधानाचार्या सपना ठाकुर ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। प्रतियोगिता के समापन पर श्रेष्ठ चित्रों का चयन किया गया तथा विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

### रैली से सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** शहीद मनोहर लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठार बीत में रोड सेफ्टी क्लब ने प्रधानाचार्य वीरेंद्र चंदेल की अध्यक्षता में रैली निकाली गई। इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब के इंचार्ज पंकज एवं अन्य स्टाफ सदस्यों में धर्मचंद, मोहन सिंह, सत्यवीर, विनोद कुमार, नवदीप कुमार, सतीश कुमार, कंचन देवी, बिंदु वाला, पूनम, दीक्षा शर्मा, आरती शर्मा, इत्यादि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने रैली एवं स्लोगन के माध्यम से जनसाधारण को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# जिले में एंटी चिट्टा अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी पंचायतों में होंगी विशेष बैठकें

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिला में एंटी-चिट्टा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष बैठकें आयोजित की जाएंगी। विकास खंड अंब और बंगाणा की ग्राम पंचायतों में 21 जनवरी को, जबकि विकास खंड गगरेट, हरोली और ऊना की पंचायतों में 22 जनवरी को बैठकें आयोजित की जाएंगी। डीसी जतिन लाल ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 और नियम, 1997 के अंतर्गत आदेश जारी किए हैं। इन बैठकों में चिट्टा जैसे घातक नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। नशा तस्करों की सूचना देने वाले जागरूक नागरिकों को नकद पुरस्कार दिए जाने की जानकारी भी साझा की जाएगी। साथ ही नशे की गिरफ्त में आए व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा होगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रधान द्वारा नशामुक्त एवं चिट्टा मुक्त पंचायत बनाने की सामूहिक शपथ भी दिलाई जाएगी। उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि पंचायत स्तर पर जनभागीदारी से ही नशे के खिलाफ इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है, जिससे युवा पीढ़ी को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य मिल सके। साथ ही 26 जनवरी को 'मेरा गांव मेरी धरोहर' के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी पंचायतों में विशेष बैठकें आयोजित होंगी।

# महाराष्ट्र में भाजपा की जीत मोदी सरकार के सुनहरे कार्यकाल की गारंटी : दविंदर

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा के दोनों मंडलों के अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा, एससी मोर्चा एवं ओबीसी मोर्चा की एक महत्वपूर्ण अलग-अलग बैठक बंगाणा स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई है। इसमें हमीरपुर लोक सभा क्षेत्र के विस्तारक और साथ में कुटलैहड़ भाजपा मंडल प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक को संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें आगामी कार्यक्रमों संगठन विस्तार तथा जनसंपर्क अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने बताया कि बैठक का उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के विभिन्न मोर्चे समाज के अलग-अलग वर्गों से सीधे जुड़े हुए हैं और इनकी सक्रिय भूमिका से पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में मोर्चा पदाधिकारी को संगठनात्मक जिम्मेदारियों के साथ-साथ आगामी समय के लिए लक्ष्य भी सौंपे जाएंगे।

इन भाजपा मोर्चा की अलग अलग बैठकों में कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो भी मौजूद रहेंगे। वही, भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं और देश, प्रदेश के शीर्षक नेतृत्व को बधाई दी। भुट्टो ने कहा कि यह जीत इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी नीतियों पर पूरा विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि यह मोदी युग है और जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह बिहार के बाद महाराष्ट्र में भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की है, उससे यह साफ संकेत मिलता है कि देश का जनमानस भाजपा के पक्ष में है। उन्होंने विश्वास जताया कि अब अगली बारी पश्चिम बंगाल की है, जहां आने वाले समय में भाजपा मजबूती से उभरेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ऐतिहासिक ग्यारह वर्षों के कार्यकाल में विकास के जो आयाम स्थापित हुए हैं, जनता उस पर अपनी मुहर लगा रही है। भाजपा नेता दविंदर ने विपक्षी दलों पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं, वहां जनता तानाशाही रवैये भ्रष्टाचार और खोखली घोषणाओं से परेशान हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल केवल सत्ता के लिए जनता को गुमराह करते हैं, जबकि भाजपा ने हमेशा विकास, सुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है।

# पटवारी और कानूनगो ने बंद किया काम, राजस्व संबंधी काम लटके

## लोग मायूस होकर घर लौटे, पटवारी-कानूनगो संघ ने बैठक कर बनाई रणनीति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** पटवारी-कानूनगो पर हुए जानलेवा हमले के बाद पटवारी कानूनगो ने कार्यालयों में काम करना बंद कर दिया है। शनिवार को इस मामले को लेकर पटवारी कानूनगो संघ में एक बैठक की जिसमें कड़े निर्णय लिए हैं। संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी युवराज ने कहा कि इस तरह के हमले सिर्फ कर्मचारी और अधिकारी पर नहीं बल्कि यह प्रशासन और सरकार की व्यवस्था पर चोट है। ऐसे में इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उधर पटवारी और कानून को द्वारा कार्यालय का काम बंद करने से

शनिवार को इसका सीधा असर जनता पर पड़ता दिखाई दिया। जिला में पटवार खानों से लेकर कानूनगो-तहसील कार्यालयों में काम-काज ठंप रहा इससे कार्यालय में काम करवाने आए लोगों को मायूस होकर घर वापिस लौटना पड़ा।



### पटवारी से मारपीट के विरोध में हड़ताल पर पटवारी और कानूनगो

**जिला** कुल्लू के राउगी में बीते दिन जमीन की निशानदेही करने गए पटवारी और कानूनगो के साथ मारपीट को लेकर अब पटवारी एवं कानूनगो संघ तल्ख हो गया है और मारपीट के विरोध में शनिवार को संघ के द्वारा हड़ताल रखी गई। जिसके चलते जिला कुल्लू में राजस्व कार्य भी बाधित रहे। वहीं संघ के द्वारा एक मीटिंग भी की गई और पुलिस प्रशासन से मांग रखी गई कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। वरना उनकी हड़ताल लगातार जारी रहेगी। इसी मुद्दे को लेकर पटवारी एवं कानूनगो संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ढालपुर में डीसी और एसपी कुल्लू से भी मिला और उन्हें भी एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मांग रखी कि जिस तरह से पटवारी और कानूनगो के साथ मारपीट की गई वह घटना पूरी तरह से निंदनीय है। लेकिन अभी तक 24 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस प्रशासन के द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

# कांग्रेस की वादाखिलाफी से हिमाचल बेहाल: जयराम ठाकुर

## भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में साधा निशाना, रोजगार और कानून-व्यवस्था पर सरकार घेरी

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन' और 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) 'कार्यक्रम के दौरान भाजपा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश आज बेरोजगारी, आर्थिक अस्थिरता और प्रशासनिक अव्यवस्था से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चुनावों में युवाओं को रोजगार और महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की जो गारंटियां दी थीं, वे पूरी तरह खोखली साबित हुई हैं। सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित है, जबकि प्रदेश का युवा पलायन को मजबूर है।

पूर्व मंत्री व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पर्यटन और बागवानी जैसे हिमाचल की रीढ़ माने जाने वाले क्षेत्रों की घोर अनदेखी की है। कुल्लू-मनाली जैसे पर्यटन क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने के बजाय बाहरी एजेंसियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। सड़कों की बदहाल स्थिति और अधूरी परियोजनाओं ने आम जनता की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

पूर्व महिला आयोग अध्यक्षा धनेश्वरी ठाकुर ने सरकार पर प्रशासनिक दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि तबादलों और संसाधनों का इस्तेमाल राजनीतिक फायदे के लिए हो रहा है, जिससे सरकारी कामकाज प्रभावित हुआ है। जयराम ठाकुर ने कानूनगो-पटवारी पर हुए हमले, थानों के बाहर धमाकों और बस हादसों का जिक्र करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार गंभीर मुद्दों के बजाय गैरजरूरी मामलों में उलझी है। भाजपा नेताओं ने कहा कि आज प्रदेश को केवल केंद्र सरकार की योजनाओं का सहारा है। जनता कांग्रेस की राजनीति को समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका करारा जवाब देगी। इस अवसर पर प्रियता शर्मा, बिहारी लाल शर्मा, अखिलेश कपूर, अमित सूद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

### कार्यकर्ताओं को चुनावी मोड में रहने का आह्वान

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान, कुल्लू।** नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भाजपा कार्यकर्ताओं से चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार रहने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश में हालात ऐसे बन चुके हैं कि विधानसभा चुनाव 2027 से पहले भी कराए जा सकते हैं। वे कटराई में आयोजित मनाली मंडल के संयुक्त सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में राजनीतिक और प्रशासनिक हालात पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री और मंत्री एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं, मंत्री आपस में उलझे हुए हैं और अब अधिकारी भी मंत्रियों के खिलाफ खुलकर बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का यह 'ड्रामा' अब सड़कों पर आ गया है, जबकि ऐसे सभी मुद्दों को मुख्यमंत्री को चारदीवारी के भीतर अपने चैंबर में सुलझाना चाहिए था। आईएएस और आईपीएस एसोसिएशन के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि अधिकारियों को जल्दबाजी में बयान नहीं देना चाहिए था।

## न्यूज ब्रीफ

### 364.42 ग्राम चिट्टे के साथ तीन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए 364.42 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने प्रेस को दी। उन्होंने बताया कि अलग-अलग स्थानों



पर की गई कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि मनाली क्षेत्र में 303 ग्राम चिट्टा के साथ संगत राम और उसकी पत्नी डिंपल को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, भुंतर में 61.44 ग्राम चिट्टा के साथ अमित गुप्ता को पकड़ा गया है, जो जीरकपुर (पंजाब) का रहने वाला है। आरोपी के पास से 7200 रुपये नकद और एक बोलेरो वाहन (एचपी-01बी-1263) भी जब्त किया गया है। मदन लाल कौशल ने कहा कि मुख्यमंत्री के चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार आरोपियों के नेटवर्क और बैकग्राउंड की गहन जांच की जा रही है-यह पता लगाया जा रहा है कि चिट्टा कहां से आया और कहां सप्लाई किया जाना था। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती से जारी रहेगा।

### भुंतर में 21 जनवरी को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल, एच.पी.एस.ई.बी. लिमिटेड, भुंतर ने बताया कि 11 केवी दियार फीड़र के अंतर्गत आपूर्ति कार्य के कारण 21 जनवरी 2026 को कई गांवों में बिजली कटौती रहेगी। प्रभावित क्षेत्र में ग्राम पंचायत भुइन और बशोना, डब्ल्यूएसएस भुइन और बशोना के 250 केवीए, 11/0.4 केवी के ट्रांसफार्मर शामिल हैं। इस दौरान दियार, जरड़, बगीचा, त्रैहन, बशीना, सजाड़ू, कुटीआगे, छोट भुइन और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। लोग आवश्यक कार्य समय से पहले पूरा कर लें।

# लाहौल-स्पीति जिले में लगभग 2000 आवारा कुत्ते

## सोसायटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स की जिलास्तरीय बैठक का आयोजन

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति में सोसायटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक उपायुक्त लाहौल-स्पीति एवं एसडीएम श्रीमती कुनिका एकर्स ने की। बैठक में अध्यक्ष, जिला परिषद लाहौल-स्पीति वीना देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक के प्रारंभ में डॉ. सुदर्शन, उपनिदेशक पशुपालन विभाग ने अध्यक्षता कर रहीं उपायुक्त कुनिका एकर्स, जिला परिषद अध्यक्ष वीणा देवी तथा सोसायटी के सभी सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में एसपीसीए समिति का पुनर्गठन किया गया तथा नए आधिकारिक एवं गैर-आधिकारिक सदस्यों को समिति में शामिल किया गया। साथ ही यह सुझाव दिया गया कि पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति एवं वन मंडल अधिकारी को भी आधिकारिक सदस्यों में सम्मिलित किया जाए। बैठक में बताया गया कि एसपीसीए की यह जिला स्तरीय समिति वर्ष 2008 में गठित की गई थी तथा इसकी अंतिम बैठक वर्ष 2013 में आयोजित हुई थी। समिति का मुख्य उद्देश्य बीमार एवं घायल पशुओं का उपचार सुनिश्चित करना, पशुओं को दर्द एवं पीड़ा से संरक्षण प्रदान करना, पशु कल्याण को बढ़ावा देना तथा उनके लिए आश्रय की व्यवस्था करना है।

जिला परिषद अध्यक्षा वीना देवी ने आवारा पशुओं एवं अवांछित गोवंश की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त की तथा गौ सदन (पशु आश्रय) की स्थापना हेतु भूमि की पहचान एवं बजट की संभावना पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त पशु कल्याण को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय समुदायों, ग्राम पंचायतों, गैर-सरकारी संगठनों एवं जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे लोगों के साथ समन्वय पर भी चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में लगभग 2000 आवारा कुत्ते हैं, जिनमें से 1500 स्पीति ब्लॉक तथा 500 लाहौल ब्लॉक में हैं। अब तक स्पीति ब्लॉक में 200 तथा लाहौल ब्लॉक में 45 कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है, जबकि 800 कुत्तों का टीकाकरण किया गया है। बैठक में बीडीओ डॉ. विवेक गुलेरिया, बीडीसी अध्यक्ष विपिन शाशनी, ग्राम पंचायत केलांग के प्रधान सोनम जंगपो, ग्राम पंचायत युर्नाथ के प्रधान विवेक आनंद तथा वाईडीए गारशा के सदस्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं गैर-आधिकारिक सदस्य उपस्थित रहे।

### 348 कुत्तों का टीकाकरण

**जनवरी** 2026 में मनाली स्ट्रे के सहयोग से विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसमें 348 कुत्तों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. अश्मिता द्वारा एसपीसीए एवं पशु अधिकारों पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी गई। उन्होंने पशुओं पर होने वाली क्रूरता जैसे प्रत्यक्ष हिंसा, बोझ ढोने वाले एवं परिवहन पशुओं पर अत्यधिक भार, तथा प्रदर्शन हेतु उपयोग किए जाने वाले पशुओं के साथ क्रूरता जैसे विषयों पर प्रकाश डाला।

### जिले में अब तक 32 जागरूकता शिविर

**जिले** में मनाली स्ट्रे के सहयोग से जन्म नियंत्रण एवं एंटी-रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। अब तक जिले में 32 जागरूकता शिविर शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किए जा चुके हैं, 921 एंटी-रेबीज टीकाकरण तथा 89 पालतू पशुओं का टीकाकरण किया गया है। ग्राम पंचायत सोनम जंगपो के प्रधान ने छोड़े गए पशुओं की समस्या उठाई तथा विशेषकर शीत ऋतु में आवारा कुत्तों एवं अवांछित गोवंश के बचाव एवं भोजन व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की। बैठक के अंत में कार्यवाहक उपायुक्त कुनिका एकर्स ने आवारा कुत्तों एवं अवांछित गोवंश, विशेषकर गोवंश की जियो-टैगिंग पर जोर दिया तथा पशुओं के संरक्षण, क्रूरता निवारण एवं पशु अधिकारों के लिए एक प्रभावी नीति तैयार करने के निर्देश दिए।

# क्यूआरटी के कमांडो को दिया इसराइली क्राव मागा प्रशिक्षण



भारतीय रिजर्व बटालियन के जवानों के साथ मास्टर भूपेश। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** हिमाचल प्रदेश के बनगढ़ स्थित प्रथम भारतीय रिजर्व बटालियन में क्यूआरटी कमांडोज़ को इसराइली क्राव मागा का गहन प्रशिक्षण दिया गया। मनाली के पर्यटन कारोबारी एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त क्राव मागा विशेषज्ञ मास्टर भूपेश ने सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान लगभग 20 क्यूआरटी कमांडोज़ को उन्नत तकनीकों से अवगत कराया। प्रशिक्षण में वास्तविक परिस्थितियों पर आधारित आत्मरक्षा, हथियारों से बचाव, क्लोज कॉम्बैट, निकट युद्ध कौशल और उन्नत क्राव मागा तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। इस दौरान कमांडोज़ को आपातकालीन और आतंकवादी परिस्थितियों में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के लिए तैयार किया गया।

बटालियन की कमांडेंट आईपीएस डॉ. आकृति शर्मा ने कमांडोज के अनुशासन और प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे प्रशिक्षण की अवधि बढ़ाने पर जोर दिया। समापन अवसर पर उन्होंने मास्टर भूपेश को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मास्टर भूपेश ने बताया कि वे वर्ष 2020 से विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों को यह प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

# सराज घाटी के फागली उत्सव में बिठ नृत्य से होता है वर्ष के सबसे भाग्यशाली युवा का चयन

अनंत ज्ञान

**बंजार।** देवभूमि कुल्लू की सराज घाटी में मनाया जाने वाला फागली उत्सव, जिसे देव-दैत्य के महायुद्ध की जीवंत परंपरा के रूप में जाना जाता है, अपनी विशिष्ट लोक मान्यताओं और सांस्कृतिक विधाओं के लिए प्रसिद्ध है। इस उत्सव के अंतिम पड़ाव में आयोजित होने वाला बिठ नृत्य न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि इसी के माध्यम से वर्ष के सबसे भाग्यशाली युवा का चयन भी किया जाता है।

देव श्रीबड़ा छमाहूं के पुजारी एवं देव संस्कृति के युवा ज्ञाता धनेश गौतम ने इस परंपरा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बिठ नृत्य को वंशानुगत रूप से निभाने वाला एक मुखोटाधारी कलाकार लकड़ी की विशेष टोकरी में नरगिज (स्थानीय बोली में बोदी) के फूलों का गुच्छा रखता है। मुखोटा धारण कर वह इस टोकरी को अपने सिर के ऊपर संतुलन के साथ नचाता है। यही टोकरी 'बिठ' कहलाती है।

इस दौरान सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग बिठ के पारंपरिक गीत गाते हुए मुखोटाधारी के साथ जुमले की ताल पर नृत्य करते हैं। पूरे वातावरण में देव आस्था, उल्लास और सांस्कृतिक ऊर्जा का अद्भुत

### नरगिज के फूलों का गुच्छा पकड़ना रहता है अनोखी परंपरा का केंद्र

संगम देखने को मिलता है।

नृत्य के अंतिम चरण में मुखोटाधारी अपनी टोकरी में रखे नरगिज (बोदी) के फूलों के गुच्छे को भीड़ की ओर उछाल देता है। जिस भी युवा के हाथ में यह गुच्छा आता है, उसे उस वर्ष का सबसे सौभाग्यशाली युवा माना जाता है। मान्यता है कि उस युवक की सभी मनोकामनाएं उसी वर्ष पूर्ण होती हैं। पुजारी धनेश गौतम ने बताया कि इस परंपरा की एक अहम शर्त भी है। बोदी के फूलों का गुच्छा पकड़ने वाले युवक को उसे क्षेत्र के आराध्य देवता देव श्रीबड़ा छमाहूं को समर्पित करना अनिवार्य होता है। ऐसा करने से ही परंपरा का पूर्ण निर्वाह होता है और देव कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया को स्थानीय बोली में 'बोदी पकड़ना' कहा जाता है, जबकि नरगिज के फूल को 'बोदी का फूल' कहा जाता है। बिठ नृत्य और बोदी पकड़ने की यह अनूठी परंपरा सराज घाटी की समृद्ध लोक संस्कृति और देव आस्था की जीवंत मिसाल है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आज भी पूरे श्रद्धा भाव से निभाई जा रही है।

## केलांग में जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

# सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और परेड संचालन के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** पुलिस ग्राउंड केलांग में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोहों की तैयारियों के संबंध में शनिवार उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त कुनिका एकर्स ने की। बैठक की शुरुआत प्रमुख एजेंडों की समीक्षा से हुई जिसमें पुलिस विभाग को सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अवसर पर परेड का सफल संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बीडीओ डॉ. विवेक गुलेरिया को प्रोटोकॉल अधिकारी नामित किया गया। इसके अलावा, निम्नलिखित तैयारियों हेतु निर्देश जारी किए गए। जनता के लिए बैठने की व्यवस्था तथा ग्राउंड व शौचालयों की सफाई हेतु पीडब्ल्यूडी तथा साडा को जिम्मेदारी सौंपी गई। जल संबंधी आवश्यकताओं हेतु जल शक्ति विभाग। प्रशासन द्वारा रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था। विभिन्न विभागों तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल स्थापित करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। स्थानीय स्कूलों तथा महिला मंडलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

इसके साथ ही, वर्ष भर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने का फैसला किया गया तथा सभी विभागों से उनके विभागों के नाम सुझाने को कहा गया। अध्यक्षता कर रही एसडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त कुनिका एकर्स ने बैठक का समापन करते हुए कहा कि इन समारोहों को केवल औपचारिकता के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने सभी से इस राष्ट्रीय महत्व के दिवस को उचित उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाने पर बल दिया। इस अवसर पर बीडीओ डॉ. विवेक गुलेरिया, जिला कृषि अधिकारी मुनशी राम ठाकुर, उप निदेशक पशुपालन डॉ. सुदर्शन, आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुरेश, एसडीओ पीडब्ल्यूडी नरेश ठाकुर, एसडीओ जलशक्ति संजय बोध सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



एसडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त कुनिका एकर्स गणतंत्र दिवस समारोह की बैठक के दौरान चर्चा करती हुईं। अनंत ज्ञान

### काजा में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काज़ा।** उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काज़ा के रावमापा मैदान में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त काज़ा शिखा ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक की अध्यक्षता की और सभी अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिखा ने बताया कि प्रातः 11 बजे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और पुलिस बल द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद मुख्य अतिथि संदेश देंगे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# सैंज घाटी के शेंशर जंगल में युवक मंडलों और वन विभाग की सतर्कता से टला हादसा

**अनंत ज्ञान, सैंज।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी के शेंशर क्षेत्र में जंगल में आग लगने से भारी नुकसान हुआ। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय युवक मंडलों और वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रातभर आग बुझाने का प्रयास किया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। रात करीब 2 बजे एफआरए प्रधान सोहन लाल ने शेंशर जंगल के आकंडा विट क्षेत्र में आग देखी। उन्होंने तुरंत फॉरेस्ट वाचर बेली राम को इसकी जानकारी दी और साथ ही युवक मंडल तुंग के प्रधान संजय ठाकुर को भी सूचित किया। सूचना मिलते ही युवक मंडल के सभी सदस्यों को अलर्ट किया गया। युवक मंडल तुंग के युवाओं ने तत्परता दिखाते हुए रात के समय जंगल पहुंचकर आग बुझाने में पूरा सहयोग दिया। इस अभियान में थान युवक मंडल धारला ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। एफआरए प्रधान सोहन लाल, युवक मंडल प्रधान संजय ठाकुर और फॉरेस्ट वाचर बेली राम की अगुवाई में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई न होती तो आग और अधिक फैल सकती थी, जिससे जंगल और वन्यजीवों को भारी नुकसान पहुंचता। क्षेत्रवासियों ने युवक मंडलों और वन विभाग की सतर्कता व सहयोग की सराहना की है।

## बैठक | कुल्लू में जिला के आंकड़ों की सटीकता और समन्वय के लिए समीक्षा बैठक आयोजित

# विकास योजना के लिए डेटा समन्वय जरूरी: डीसी

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू में जिला के विभिन्न विभागों के आंकड़ों की सटीकता और विश्वसनीयता की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया किसकी अध्यक्षता उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश ने की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के प्रभावी नियोजन के लिए 'सांख्यिकीय डेटा संग्रह तंत्र' में दोहराव को रोकना और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना अनिवार्य है।आर्थिक संकेतक के सम्बन्ध उन्होंने कहा कि जिला घरेलू उत्पाद (DDP) और प्रति व्यक्ति आय (PCI) के वर्तमान आंकड़े वास्तविकता से कम प्रतीत होते हैं। इसमें जिले की प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं और पर्यटन गतिविधियों के योगदान को सही ढंग से शामिल करने के निर्देश दिए गए। पर्यटन क्षेत्र में फुटफॉल (पर्यटकों की संख्या) के आंकड़ों को और अधिक सटीक बनाने के लिए होम स्टे, टोल बूथ और ग्रीन बैरियर पर डेटा संग्रह प्रणाली को मजबूत करने पर बल दिया गया। विदेशी पर्यटकों के आंकड़ों की भी पुनः जांच करने की बात कही गई।

उपायुक्त ने राजस्व विभाग को निर्देश दिए गए कि वे कृषि और बागवानी के आंकड़े अंतिम रूप देने से पहले संबंधित हितधारक विभागों से परामर्श करें। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि वर्तमान में दर्ज 3 प्रतिशत शुद्ध सिंचित क्षेत्र जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाता, जिसकी समीक्षा आवश्यक है।

जिला सुशासन सूचकांक के तहत विभिन्न संकेतकों पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर और इंटरनेट सुविधाओं के आंकड़ों की समीक्षा करने पर्यावरण सूचकांक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश दिए ।

उन्होंने ई-ऑफिस का उपयोग पर सभी कार्यालयों को इसे प्रभावी ढंग से अपनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने केसीसी के 65 प्रतिशत उपयोग को और बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक के अंत में सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि वे डेटा संग्रह में पारदर्शिता बरतें और लोक निर्माण विभाग (PWD) को निर्देश दिया गया कि वे सड़कों से संबंधित डेटा क्क्ष्ह और पंचायतों के समन्वय से प्राप्त करें। बैठक में सहायक जिला सांख्यिकी अधिकारी चेत राम ने विस्तृत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



कुल्लू में आंकड़ों की सटीकता व विश्वसनीयता की समीक्षा बैठक में डीसी अधिकारियों से चर्चा करती हुईं। अनंत ज्ञान

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 में कुल्लू के बेबी शर्मा और सौम्य ने किया हिमाचल का प्रतिनिधित्व

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' में देवभूमि हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के दो होनहार युवाओं, बेबी शर्मा और सौम्य रंजन ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा उन्हें 'यूथ आइकन' और 'पाथ ब्रेकर' के रूप में चयनित कर नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय संवाद कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया था।

9 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक आयोजित इस चार दिवसीय ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ देश की कई दिग्गज हस्तियां उपस्थित रहीं। इनमें केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री श्री मनसुख मंडाविया, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (ह्ह्र) अजीत डोभाल, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, वरिष्ठ पत्रकार पालकी शर्मा उपाध्याय और गगनयान मिशन के लिए चयनित भारतीय वायु सेना के टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला प्रमुख रूप से शामिल थे। जिसमें हिमाचल की बेटी बेबी शर्मा को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का स्वागत करने और उनसे मिलने का मौका मिला का अवसर प्राप्त हुआ और साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठने का भी सौभाग्य मिला। सौम्य रंजन वर्तमान में सामाजिक संस्था 'यूथ फॉर वॉलंटरी एक्शन इन हिमाचल प्रदेश' में जिला महासचिव और बेबी शर्मा सह-सचिव के रूप में कार्यरत हैं। इससे पूर्व, दिसंबर माह में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भी इन्हें 'सरदार यंग लीडर' के रूप में चुना गया था, जहाँ उन्होंने राज्य का प्रतिनिधित्व किया था। कार्यक्रम के दौरान बेबी शर्मा ने हिमाचल को नशा मुक्त बनाने और युवाओं को सशक्त करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'युवाओं में नेतृत्व क्षमता और शिक्षा का विकास ही असली विकसित भारत की पहचान है।' वहीं, सौम्य रंजन ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम भारत की युवा शक्ति की क्षमता और देश के निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास न केवल युवाओं का उत्साह बढ़ाते हैं, बल्कि शिक्षा, कौशल विकास और नेतृत्व के नए अवसर भी प्रदान करते हैं।



### मुख्य चर्चा के विषय

**इन** युवाओं ने विभिन्न राज्यों से आए अन्य 'यूथ आइकन्स' के साथ मिलकर 'विकसित भारत @2047' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की और अपने सुझाव सीधे प्रधानमंत्री के समक्ष रखने का सौभाग्य प्राप्त किया। कुल्लू के इन युवाओं की इस उपलब्धि से पूरे प्रदेश में हर्ष की लहर है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिरमौर भाजपा की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन-सिरमौर भाजपा के जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता ने पार्टी और संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल एवं भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन से विचार-विमर्श कर जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है, जिसमें शिवकुमार गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष कपिल वर्मा को जिला प्रवक्ता एवं महेश कुमार जैन व राकेश गुप्ता को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति से पार्टी और संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### श्याम सखा मंडल 5 कन्याओं का कराएगा सामूहिक विवाह

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब।** श्याम सखा मंडल पांवटा साहिब ने 21 जनवरी को पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह आयोजन करने की घोषणा की है। यह समारोह केवल विवाह नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों को पंख देने का पावन प्रयास है। मंडल ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमियों, समाजसेवियों और नागरिकों से अपील की है कि वे इस आयोजन में शामिल होकर नवविवाहित बेटियों को आशीर्वाद दें और उनके नए जीवन की शुरुआत को यादगार बनाएं। इस पहल को समाज में बेटियों के भविष्य की चिंता को कम करने और कन्यादान के पुण्य में भाग लेने का संदेश माना जा रहा है।

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 19 से सोलन प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 19 व 20 जनवरी को सोलन ज़िला के प्रवास पर आ रहे हैं। रोहित ठाकुर 19 को दोपहर 3 बजे नालागढ़ में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय स्तर की अंडर-19 गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारम्भ समारोह की अध्यक्षता करेंगे। 20 जनवरी को प्रातः 11 बजे राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) सोलन में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### नाहन में निशुल्क प्रदूषण जांच शिविर आज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सड़क सुरक्षा माह के उपलक्ष्य में विटराग मोटर्स, नाहन में रविवार को निशुल्क प्रदूषण जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ आमजन को सड़क सुरक्षा एवंआस पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। मनीष जैन ने कहा कि शिविर में दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की निःशुल्क प्रदूषण जांच की जाएगी। यह सुविधा विशेष रूप से उन वाहनों के लिए उपलब्ध है जिनका पीयूसी प्रमाण पत्र एक्सपायर हो चुका है। आयोजकों ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएँ और अपने वाहनों की प्रदूषण जाँच कराकर स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण के निर्माण में सहयोग करें।

### गोयला में आपदा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



शिविर के समापन पर प्रशिक्षु। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान, कसौली। गृह रक्षा 11वीं वाहिनी व अग्निशमन विभाग कुठाड़ की ओर से ग्राम पंचायत गोयला में पांच दिवसीय आपदा प्रशिक्षण शिविर का समापन ग्राम पंचायत गोयला के प्रधान मदन वर्मा की उपस्थिति में हुआ। इस शिविर में साथ लगती पंचायत घड़शी व ढकरियाना के 46 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। पांच दिवसीय इस शिविर में स्वयं सेवकों को किसी भी प्रकार की आपदा, दुर्घटना व आपातकाल की स्थिति व हवाई हमले की चेतावनी व इसकी प्रणाली पर जागरूक किया गया, ताकि आपातकाल की स्थिति में अपनी व दूसरों की आवश्यक सहायता की जा सके। सभी प्रशिक्षुओं को सत्र में अभ्यास भी करवाया गया व विस्तृत मौखिक जानकारी दी गई। इस मौके पर कंपनी कमांडर गृह रक्षा कुठाड़ रामकृष्ण ठाकुर, लीडिंग फायर मैन काया राम, महेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र कुमार व राकेश कुमार ने स्वयं सेवकों को जागरूक करने में अपना योगदान दिया। पंचायत प्रधान ने कहा शिविर में आपदा से निपटने के लिए बहुमूल्य जानकारियां दी गई,जिसका स्वयं सेवकों को व अन्य लोगों को लाभ मिलेगा।

### डॉ. शांडिल ने कविता ठाकुर की मृत्यु पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की चीफ फार्मासिस्ट कविता ठाकुर की दुखद मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कविता ठाकुर की गत दिवस जाबली में सड़क दुर्घटना में अकास्मिक मृत्य हो गई थी। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि कविता ठाकुर के निधन से स्वास्थ्य विभाग ने एक कर्मठ एवं योग्य कर्मचारी खो दिया है। उन्होंने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की और शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने दुर्घटना में स्व. कविता ठाकुर के घायल परिवार के सदस्यों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की है।

### सरकार की योजनाओं बारे लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, कसौली।** राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय परवाणू द्वारा ग्राम पंचायत कोटबेजा के झांगड़ गुनाई गांव मे दो दिवसीय जागरूकता और सह पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे 15, 16 जनवरी 2026 को भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं आयुष्मान, ई श्रम कार्ड, आभा कार्ड, नेशनल कैरियर सर्विस कार्ड निशुल्क बनाकर उपलब्ध करवाया गया। उक्त दो दिन मे 73 लोगों को उक्त कार्ड विभाग द्वारा बना कर दिए गए। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा नए लेबर कोर्ड पर उपस्थित प्रतिभागियो को जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्म का संचालन बोर्ड के क्षेत्रीय निर्देशलाय के प्रभारी तिलक राज ने ई श्रम कार्ड के तहत भारत सरकार सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाए।

# सोलन निगम में लगे झूले निकले घटिया, ठेकेदार को दिया नोटिस

## जांच में खुलासा, ठेकेदार को सामान वापस लेने के आदेश

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन के कई वार्डों में लगाए गए झूले घटिया गुणवत्ता के निकले हैं। अतिरिक्त आयुक्त की जांच में यह तथ्य सामने आया है, जिसके बाद ठेकेदार को सामान वापस लेने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। पार्षदों की शिकायतों के बाद कमिश्नर एकता कपटा ने कड़ी कार्रवाई करते हुए निगम की कार्यप्रणाली में नई मिसाल कायम की है। पहली बार ऐसा हुआ है जब सप्लाई किया गया सामान वापस लिया गया हो। 6 महीने पहले झूले लगने के बाद झूले सब-स्टैंडर्ड की आशंका के चलते ठेकेदार की पेमेंट रोक दी थी। इसके बाद इसकी जांच करवाई गई।



सोलन के वार्ड में लगा टूटा हुआ झूला। अनंत ज्ञान

जांच रिपोर्ट के मुताबिक, वार्ड नंबर 4, 7, 10 और 16 में लगाए गए झूले कुछ ही दिनों में टूटने लगे थे। पार्षदों ने इसकी शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर अतिरिक्त आयुक्त ने तत्काल जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि झूले सब-स्टैंडर्ड सामग्री से बने थे, जो सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते। बच्चे खेलते समय खतरे में पड़ सकते थे। कमिश्नर एकता कपटा ने ठेकेदार को नोटिस जारी कर सामान तुरंत वापस लेने और नया टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए। निगम आयुक्त ने यह कार्रवाई पार्षदों की शिकायतों और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की। 'पहले भी ऐसी शिकायतें आती रहीं, लेकिन ठेकेदारों पर सख्ती नहीं होती थी। कमिश्नर की ईमानदारी से अब तस्वीर बदल रही है। पार्षदों ने भी कमिश्नर की सराहना की। वार्ड 4 पार्षद ने कहा कि झूले टूटने से बच्चे घायल हो सकते थे। अब गुणवत्ता पर जोर दिया जा रहा है। इस घटना ने निगम के पार्कों और खेल परिसरों में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। अब सभी झूलों को नए सिरे से लगाया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया में गुणवत्ता जांच को प्राथमिकता दी जाएगी।

कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि कोई भी सामान लगाने से पहले लैब टेस्ट अनिवार्य होगा। ठेकेदारों को चेतावनी दी गई है कि दोबारा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निवासियों में कमिश्नर की इस सख्ती की खूब सराहना हो रही है। सोशल मीडिया पर लोग उनकी ईमानदारी की तारीफ कर रहे हैं। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि अब पार्क सुरक्षित होंगे। यह कदम स्वागतयोग्य है।

### क्या कहती हैं नगर निगम आयुक्त



**नगर** निगम आयुक्त एकता कापटा ने बताया कि अगले कुछ दिनों में नए झूले लगाने का टेंडर कर नए सिरे से काम शुरू हो जाएगा। इससे सोलन के पार्क फिर से बच्चों के लिए सुरक्षित और आकर्षक बनेंगे।

# दाड़लाघाट में विद्यार्थियों को 5एस और सड़क सुरक्षा का पढ़ाया पाठ

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** सरस्वती विद्या मंदिर एवं आईटीआई दाड़लाघाट में 5 एस के महत्व तथा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों, युवाओं एवं विद्यार्थियों के लिए अनेक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के मध्य 5एस के महत्व, उसके दैनिक जीवन में उपयोग और अनुशासित कार्य पद्धति को लेकर विस्तृत चर्चा एवं विमर्श किया गया।

5एस के अंतर्गत जीवन में सुधार हेतु एक स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत की गई। पहला मंत्र पुनर्व्यवस्थापन के माध्यम से आवश्यक एवं अनावश्यक वस्तुओं को अलग करने पर केंद्रित रहा। दूसरा मंत्र सुव्यवस्था के तहत प्रत्येक वस्तु के लिए निश्चित स्थान निर्धारित करने पर जोर दिया गया। तीसरे मंत्र सफाई में कार्य क्षेत्र को स्वच्छ रखने की आवश्यकता बताई गई। चौथे मंत्र में नियमों का मानकीकरण कर पूर्व की तीनों गतिविधियों को कार्य पद्धति से जोड़ने पर प्रकाश डाला गया, जबकि पांचवें मंत्र अनुशासन के अंतर्गत स्वअनुशासन के साथ नियमों का पालन कर 5एस को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। इन 5एस सिद्धांतों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षुओं को सुव्यवस्थित रहने, कार्य कुशलता बढ़ाने और सकारात्मक आदतें विकसित करने की जानकारी दी गई।

इस प्रशिक्षण शिविर से सरस्वती विद्या मंदिर एवं आईटीआई दाड़लाघाट के लगभग 350 विद्यार्थियों को जोड़ा गया। साथ ही उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों एवं उनके महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा अधिकारी अदाणी अंबुजा सीमेंट लि. के ललित पांडे ने विद्यार्थियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। वहीं इकाई प्रमुख अदाणी अंबुजा सीमेंट लिमिटेड संदीप कुमार ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों को 5एस प्रशिक्षण से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे भविष्य में अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

## 5.21 ग्राम चिट्टे समेत युवक दबोचा, फॉयल पेपर भी मिले

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर के पुलिस थाना पुरुवाला क्षेत्र में एसआईयू टीम ने गश्त के दौरान नशीले पदार्थ के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 5.21 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है, जिसके बाद उसके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि जिला सिरमौर पुलिस की एसआईयू टीम ने पुरुवाला थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 5.21 ग्राम चिट्टा (स्मैक) बरामद किया गया। इसके अलावा नशीले पदार्थ के सेवन में प्रयोग किए गए फॉयल पेपर भी आरोपी के पास से मिले। आरोपी की पहचान पंकज कुमार उर्फ पंकू निवासी गांव टिम्बी अशयाड़ी, शिलाई के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना पुरुवाला में आरोपी के खिलाफ धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है।

# जोगिंद्रा बैंक में 31 मार्च तक वन टाइम सेटलमेंट योजना शुरू

अनंत ज्ञान



बैठक करते चेयरमैन मुकेश शर्मा। अनंत ज्ञान

सोलन। जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की 37 शाखाओं के प्रबंधकों की बैठक चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में बैंक कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों की समीक्षा की गई और शाखा प्रबंधकों से फीडबैक लिया गया।

मुकेश शर्मा ने बताया कि बैंक ने इस वित्त वर्ष की तीन तिमाहियों में लगभग 9 करोड़ रुपए प्रति तिमाही का सकल लाभ अर्जित किया है। बैंक का कुल जमा 31 दिसंबर 2025 तक 1,500 करोड़ रुपए और कुल ऋण 732 करोड़ रुपए रहा। बैंक ने ग्रॉस एनपीए को मार्च 2026 तक लगभग 15 करोड़ रुपए तक सीमित रखने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु बैंक ने वन टाइम सेटलमेंट योजना 31 मार्च 2026 तक लागू करने की घोषणा की है। योजना का लाभ पात्र खाताधारक उठा सकते हैं। बैठक में प्रबंध निदेशक पंकज सूद, एजीएम कुलदीप कुमार, राम पाल, हरीश शर्मा, गुरमीत सिंह, एलडी शर्मा, भारत भूषण और तहसीलदार रिकवरी कर्म चंद हिमराल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं सभी शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

# गौड़ा में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम 20 जनवरी को

अनंत ज्ञान

**सोलन।** उपमंडलाधिकारी कंडाघाट गोपाल चंद शर्मा ने कहा कि उपमंडल कंडाघाट के अंतर्गत ग्राम पंचायत हिन्नर के गांव गौड़ा में 20 जनवरी को प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सरकार गांव के द्वार' का आयोजन किया जाएगा। गोपाल चंद शर्मा शनिवार को कंडाघाट में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 20 जनवरी को गौड़ा में आयोजित होने वाले 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल करेंगे। कार्यक्रम में उपमंडल कंडाघाट के हिन्नर क्लस्टर की ग्राम पंचायत चायल, डांगरी, रहेड, हिन्नर, बांजनी, सकोड़ी, झाझा एवं नगाली के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जन-शिकायतों का मौके पर ही निवारण सुनिश्चित किया जाएगा।

इस अवसर पर उपमंडल स्तर के सभी विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे, ताकि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने जनता से आग्रह किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जन हितकारी कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

# वेस्ट वॉरियर्स की पहल से कसौली हुआ स्वच्छ



स्वच्छता महोत्सव में वेस्ट वॉरियर्स के सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कसौली।** वेस्ट वॉरियर्स संस्था ने स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना 'खूबसूरत कसौली' के तहत स्वच्छता महोत्सव 'सफरनामा कसौली' का आयोजन किया। कार्यक्रम में एडीसी सोलन राहुल जैन और एसडीएम कसौली महेंद्र प्रताप सिंह मुख्यातिथि थे।

इस आयोजन में संस्था की तीन साल की साझा यात्रा का जश्न मनाया गया, जिसमें स्वच्छ कसौली की दिशा में किए गए प्रयास, चुनौतियां और सामूहिक कदमों पर चर्चा हुई। नुक्कड़ नाटक और रचनात्मक प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को पर्यावरण और अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। मुख्यातिथियों ने कहा कि वेस्ट वॉरियर्स ने समावेशी और टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों में अग्रणी भूमिका निभाई है। इन प्रयासों के चलते वित्त वर्ष 2025-26 में 1,213 मीट्रिक टन से अधिक अपशिष्ट को हानिकारक निपटान से बचाया गया। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायतों, महिलाओं और समुदाय की भागीदारी को भी सराहा गया, जो घर-घर अपशिष्ट संग्रहण और संसाधन पुन:प्राप्ति में सक्रिय हैं। इस पहल से कसौली जैसे पर्यटन-प्रधान शहरों में स्वच्छता और सतत विकास की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

## तपन इंडस्ट्री में कर्मी की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में हुई मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** थाना सोलन के तहत तपन इंडस्ट्री में कार्यरत कर्मी की तबीयत बिगड़ गई जिसकी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक क्षेत्रीय अस्पताल सोलन से पुलिस थाना सदर सोलन में सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति को उपचार हेतु क्षेत्रीय अस्पताल सोलन लाया गया है, जिसे डॉक्टर ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। उक्त सूचना पर पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल सोलन पहुंची, जहां आपातकालीन कक्ष में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पाया गया। मौके पर मृतक के रिश्तेदार एवं अन्य लोग भी उपस्थित थे। तस्दीक करने पर मृतक की पहचान नीरज शर्मा (40) पुत्र बीरू राम शर्मा, निवासी गांव मेहतपुर, जिला ऊना के रूप में हुई। मौके पर उपस्थित मृतक के रिश्तेदारों एवं अन्य व्यक्तियों के समक्ष मृतक के शव का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट-खरोंच के निशान नहीं पाए गए। मौके पर उपस्थित मृतक के रिश्तेदारों के बयान लेखबद्ध किए गए।

प्रारंभिक जांच एवं तस्दीक से पाया गया कि मृतक तपन इंडस्ट्रीज, सोलन में कार्यरत था। 16 जनवरी को प्रात: जब मृतक अपनी ड्यूटी पर तपन इंडस्ट्रीज में उपस्थित था, तो उसने अपने सहकर्मी कर्मचारियों को बताया कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है। इसके पश्चात उसे अचानक चक्कर आ गया, जिस पर उसके सहकर्मी उसे उपचार हेतु क्षेत्रीय अस्पताल सोलन लेकर आए, जहां चिकित्सक द्वारा जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में धारा 194 भारतीय न्याय सहिंता के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# 'नशा व्यक्ति को नहीं, पूरे समाज का भविष्य नष्ट करता है : डॉ . शिव कुमार



कार्यशाला के समापन के दौरान डाइट सोलन के छात्र व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सोलन में नशा मुक्ति विषय पर आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य प्राचार्य डॉ. शिव कुमार शर्मा ने प्रशिक्षुओं को एक प्रेरणादायी एवं सशक्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के भविष्य को अंधकार की ओर ले जाता है। शिक्षक प्रशिक्षुओं की पह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे स्वये नशे से दूर रहें और समाज को भी जागरूक करें।'

उन्होंने प्रशिक्षुओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने मूल स्थानों एवं समुदायों में जाकर नशा मुक्ति का संदेश फैलाएं और सामाजिक परिवर्तन के सशक्त वाहक बनें। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के तत्वावधान में यह कार्यशाला 12 जनवरी से 17 जनवरी तक आयोजित की गई, जिसमें डीआईईटी सीतन के प्रशिक्षुओं ने पूर्ण समर्पण एवं सामाजिक चेतना के साथ भाग लिया।

इस कार्यशाला के अंतर्गत प्रशिक्षुओं द्वारा एक कला जत्था तैयार किया गया, जो नुक्कड़ नाटक, गीत एवं संवादों के माध्यम से नशा मुक्ति का सशक्त संदेश समाज तक पहुंचाएगा। इस सम्पूर्ण कार्यशाला एवं अभियान का समन्वय जिला सोलन की नशा मुक्ति समन्वयक तुलिका जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुश्री तुलिका जायसवाल ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'नशा, युवाओं की ऊर्जा, सोच और भविष्य को नष्ट कर देता है। आप सभी प्रशिक्षु केवल शिक्षक नहीं, बल्कि समाज के पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को सेवा, संवेदना और साहस के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# 'जी राम जी' योजना से ग्रामीण रोजगार में होगा सुधार : पुष्पिंद्र

अनंत ज्ञान

**कसौली।** दून विधानसभा क्षेत्र की भटौली कलां पंचायत से बीडीसी मेंबर पुष्पिंद्र कौर ने केंद्र सरकार द्वारा रोजगार से जुड़ी योजनाओं में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना में व्याप्त गंभीर खामियों और भ्रष्टाचार को समाप्त करने के उद्देश्य से इसे नए स्वरूप में लागू किया है। अब इस योजना को 'जी राम जी' नाम दिया गया है, जो ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।



पुष्पिंद्र कौर ने कहा कि मनरेगा के नाम पर वर्षों से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा था। फर्जी जॉब कार्ड बनाए जा रहे थे, जिनके नाम कार्ड में दर्ज होते थे वे लोग कहीं और काम कर रहे होते थे, दिहाड़ी कहीं और लग रही होती थी और भुगतान मनरेगा से लिया जाता था। इसके अलावा कई जगह बिना काम हुए ही ठेकेदारों के माध्यम से भुगतान कर दिया जाता था, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से इन सभी अनियमितताओं और विसंगतियों को दूर करने का प्रयास किया गया है।

इस योजना में तकनीक आधारित निगरानी, पारदर्शी भुगतान प्रणाली और वास्तविक श्रमिकों को सीधा लाभ सुनिश्चित किया गया है, ताकि सरकारी पैसा सही हाथों तक पहुंचे। यह योजना केवल नाम परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण रोजगार व्यवस्था में एक मूलभूत सुधार है। इसका उद्देश्य न केवल रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि ग्रामीण परिवारों को स्थायी आजीविका से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना भी है। पुष्पिंद्र कौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीब, मजदूर और ग्रामीण वर्ग के हितों की रक्षा के लिए लगातार ठोस और दूरदर्शी फैसले ले रही है।

**एहतियात** गैस सेफ्टी को लेकर सोलन में अलर्ट, हर 5 साल में गैस उपकरणों का निरीक्षण जरूरी

# एलपीजी उपभोक्ताओं के घर होगी अनिवार्य जांच

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, सोलन।** घरेलू गैस से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सोलन क्षेत्र में एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए अनिवार्य गैस सुरक्षा जांच शुरू की जा रही है। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत विपुल गैस एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक उपभोक्ता को हर पाँच वर्ष में एक बार मेंटेंडरी सेफ्टी चेक कराना अनिवार्य होगा।

◆ **विपुल गैस एजेंसी की पहल**

एजेंसी द्वारा जारी सूचना के अनुसार जिन उपभोक्ताओं की सुरक्षा जांच अब तक नहीं हुई है, उनके घरों में एजेंसी का अधिकृत एवं प्रशिक्षित मैकेनिक शीघ्र पहुंचेगा। इस दौरान गैस स्टोव, प्रेशर रेगुलेटर, सिलेंडर कनेक्शन तथा सुरक्षा पाइप की बारीकी से जांच की जाएगी। इसके साथ ही विपुल गैस एजेंसी सोलन क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत में गैस सेफ्टी कैंप भी आयोजित कर रही है, जहां उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग और आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जा रही है।

एजेंसी के मालिक विपुल गोयल ने बताया कि एलपीजी अत्यधिक ज्वलनशील होती है और समय के साथ गैस उपकरणों में घिसावट आना स्वाभाविक है। कई बार गैस रिसाव इतना मामूली होता है कि दिखाई नहीं देता, लेकिन यही छोटी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। निरीक्षण के दौरान रसोई में वेंटिलेशन व्यवस्था, सिलेंडर रखने की स्थिति और आसपास रखे गए इलेक्ट्रिकल उपकरणों की भी समीक्षा की जाएगी। यह प्रक्रिया सामान्यत: 15 से 20 मिनट में पूरी होती है।

### गैस सुरक्षा के लिए सावधानियां जरूरी

**घर** में 2 सिलेंडर से ज्यादा भंडारण न हो, रात में अंगीठी या सिगड़ी जलाकर कभी न सोएं। हर रात सोते समय प्रेशर रेगुलेटर अवश्य बंद करें। पुरानी सुरक्षा होज पाइप तुरंत बदलवाएं। इस अनिवार्य जांच के लिए 236 रुप, (जीएसटी सहित) का सरकारी निर्धारित शुल्क लिया जाएगा, जिसका विधिवत बिल उपभोक्ता को दिया जाएगा। साथ ही नारंगी रंग की सुरक्षा पाइप की वैधता भी जांची जाएगी, जिसकी अवधि पाँच वर्ष होती है। एक्सपायर या क्षतिग्रस्त पाइप को 1.5 मीटर वायर-मेश सुरक्षा पाइप (एमआरपी), जोएलईआरसी बेंगलुरु से प्रमाणित है, से बदला जाएगा। गैस स्टोव की सर्विसिंग और बर्नर की सफाई निशुल्क की जाएगी।

# पांवटा साहिब में महिलाओं को बिना नोटिस निकाला, प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

◆ **कामगारों की मांग: कंपनी प्रबंधन की रोकी जाए मनमर्जी**

**एसपी जैरथ, नाहन।** औद्योगिक क्षेत्र पांवटा साहिब के गोंदपुर में एक निजी कंपनी द्वारा महिलाओं को बिना नोटिस कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया । जिसके बाद आज परेशान महिला कामगारों ने मजदूर नेता प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। मजदूर नेता प्रदीप कुमार ने बताया कि यहां एक निजी कंपनी ने महिला कामगारों को बिना नोटिस कंपनी से बाहर कर दिया है। कई बार इस मामले में लेबर इंस्पेक्टर समेत एसडीएम को भी शिकायत सौंपी गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया।

परेशान महिला कामगारों ने आज एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया हैं । उनकी मांग है कि कंपनी प्रबंधन की मनमर्जी रोकी जाए। प्रशासन मामले में हस्ताक्षर करें और निकाले गए कामगारों को दोबारा कंपनी में काम पर रखा जाए। उन्होंने कहा कि महिला कामगारों को कंपनी से निकालने के बाद उन्हें अपने परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हुआ है।

उधर, एसडीएम गुंजीत सिंह चीमा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। संबंधित कंपनी ने मजदूरों को कंपनी से बाहर किया था कुछ मजदूरों को दोबारा कंपनी में रख लिया गया है, लेकिन महिला कामगारों को अभी तक काम पर नहीं बुलाया गया है ।

लेबर इंस्पेक्टर को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं और कंपनी प्रबंधन से भी इस मामले में बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला कामगारों की जल्द ही समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एल एंड टी फाइनेंस ने तोड़ा रिकॉर्ड, तिमाही पीएटी 760 करोड़

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में एलटीएफ होल्डिंग्स) ने वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में अब तक का सबसे उच्च कोर कर पश्चात लाभ (पीएटी) 760 करोड़ रुपए दर्ज किया, जो साल-दर-साल 21% की वृद्धि दर्शाता है। नए लेबर कोड के एक बार के प्रभाव के बाद पीएटी 739 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की तुलना में 18% अधिक है। मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ सुदीप्त रॉय ने बताया कि जीएसटी 2.0 की शुरुआत, अच्छी मानसूनी बारिश और रेपो दर में कटौती ने आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया। कंपनी ने इस तिमाही में अब तक की सबसे अधिक लोन डिस्बर्समेंट 22,701 करोड़ रुपए दर्ज की, जो सालाना 49% बढ़ोतरी है। रिटेल लोन पोर्टफोलियो 1,11,990 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, साल-दर-साल 21% की वृद्धि के साथ। कंसोलिडेटेड लोन बुक 1,14,285 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल से 20% अधिक है। खास सेक्टरों में टू-व्हीलर फाइनेंस में 3,217 करोड़ रुपए और फार्मर फाइनेंस में 2,783 करोड़ रुपये का डिस्बर्समेंट हुआ, जिनमें क्रमशः 33% और 12% की वृद्धि दर्ज की गई। कुल लोन बुक का 98% रिटेलाइजेशन पर खड़ा है। सुदीप्त रॉय ने कहा कि सभी कारोबारी हिस्सों में मजबूत प्रदर्शन और रिकॉर्ड डिस्बर्समेंट से एलटीएफ वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में अपनी मजबूत स्थिति को और सुदृढ़ कर रहा है।

### सोनीपतः सोनू हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** सोनीपत जिले के गांव बेगा निवासी 29 वर्षीय सोनू शर्मा की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान हत्या में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड की बरामदगी की जाएगी। चार दिन से लापता सोनू का शव शुक्रवार सुबह गांव बेगा के पास यमुना नदी किनारे मिट्टी में दबा मिला। ड्यूटी मजिस्ट्रेट और फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में शव को बाहर निकलवाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर, माथे और चेहरे पर सात से आठ गहरी चोटों के निशान पाए गए हैं। जांच में सामने आया है कि 12 जनवरी की शाम सोनू दवा लेने के बहाने घर से निकला था। रास्ते में कुछ युवकों के साथ शराब पीते समय पुराने विवाद को लेकर झगड़ा हुआ, जिसमें लोहे की रॉड से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

### झज्जर में प्रदूषण पर सख्ती, ग्रैप-3 लागू

**अनंत ज्ञान, झज्जर।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते झज्जर जिले में ग्रैप-तीन के तहत कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं। उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र ने बताया कि नगर परिषद झज्जर, बहादुरगढ़ और बेरी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। शहरों में एंटी-स्मॉग गन चलाई जा रही हैं और सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। ग्रैप-3 के तहत निर्माण और तोड़फोड़ कार्यों पर रोक लगा दी गई है, जबकि सीमेंट, रेत और फ्लाई ऐश जैसी सामग्री की आवाजाही बंद रहेगी। कचरा जलाने और डीजल जनरेटर के उपयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। उपायुक्त ने नागरिकों से निजी वाहनों का कम उपयोग करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और नियमों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### पुलिस ने सोशल मीडिया से हटाए 583 आपत्तिजनक लिंक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध, भ्रामक और आपत्तिजनक सामग्री के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए अब तक 583 लिंक और प्रोफाइल हटवाए हैं। यह कार्रवाई इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से की जा रही है। डीजीपी अजय सिंघल ने बताया कि कुल 1,018 लिंक और अकाउंट्स रिपोर्ट किए गए थे, जिनमें से 583 को ब्लॉक या टेक-डाउन किया जा चुका है, जबकि शेष 435 की जांच जारी है। साइबर टीम रोजाना राष्ट्र-विरोधी, धर्म-विरोधी और समाज में तनाव फैलाने वाले कंटेंट की निगरानी कर रही है। साथ ही, ट्रेडिंग और निवेश के नाम पर चल रहे संदिग्ध ऐप्स व चैनलों पर भी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि भड़काऊ और गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कदम जारी रहेंगे।

# हरियाणा की महिलाओं के खातों में 181 करोड़ की राशि जारी

## लाडो लक्ष्मी योजना में 8.64 लाख लाभार्थियों को मिले 2100 रुपए

अनंत ज्ञान




**चंडीगढ़।** हरियाणा में महिलाओं के खातों में धनवर्षा हुई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडो लक्ष्मी योजना की तीसरी किस्त के तौर पर 181 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। हरियाणा में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की करीब 8.64 लाख महिला लाभार्थियों के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज तीसरी किस्त जारी कर दी है। सीएम सैनी ने महिलाओं के खाते में 181 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए हैं। तीसरी किस्त के तौर पर 2100-2100 रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत अब तक जारी तीन किस्तों के तहत कुल 441 करोड़ रुपए की राशि महिलाओं के खातों में भेजी गई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस दौरान कहा कि फरवरी महीने से पात्र महिलाओं के खाते में 2100 में से 1100 रुपये सेविंग बैंक अकाउंट में भेजे जाएंगे, जबकि बाकी के 1000 रुपये को आवर्ती जमा या सावधि जमा खाते में जमा किया जाएगा। इस पैसे को महिलाएं एक साथ निकाल सकेंगी। लाभार्थी की मौत हो जाने की स्थिति में राशि उसके नॉमिनी को मिल जाएगी। आपको बता दें कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर मोबाइल एप लॉन्च कर हरियाणा में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत की गई थी। लाडो लक्ष्मी योजना के लिए मोबाइल एप डाउनलोड करना जरूरी है, जिसमें पात्रता की शर्तों को पूरा करने के बाद योजना का लाभ लिया जा सकता है।

मोबाइल एप के जरिए अब तक 9,98,650 महिलाएं योजना का लाभ पाने के लिए एप्लाई कर चुकी हैं। हालांकि, इसमें से 8,63,918 महिलाओं को पात्र पाया गया है. जिन महिलाओं ने पात्रता पूरी नहीं है, उनके लिए बोलते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि ऐसी महिलाएं मोबाइल एप पर जाकर पात्रता की शर्तों को पूरा कर दें ताकि उनके खाते में भी राशि ट्रांसफर की जा सके।

# पार्षद की भाभी को जबरन उठाने के विरोध में प्रदर्शन



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के वार्ड नंबर 16, सेक्टर 25, भास्कर कॉलोनी में पार्षद सुमन की भाभी को उनके घर से जबरन उठाने की घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैलाया। भारतीय जनता पार्टी ने इस महिला विरोधी, अलोकतांत्रिक और तानाशाही कार्रवाई के खिलाफ उग्र रोष प्रदर्शन और रोष मार्च आयोजित किया। यह प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और हजारों नागरिक शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि महिला सम्मान पर हमला और राजनीतिक दहशतगर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता ने सवाल उठाया कि क्या पंजाब अब पुलिस राज्य बन गया है, जहां महिलाओं को राजनीतिक प्रतिशोध के तहत उनके घरों से जबरन उठाया जा रहा है। पूरे सेक्टर में विरोध के नारे गूंजे।

जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा किसी भी प्रकार की धमकी या दबाव से डरने वाली नहीं है और सड़क से लेकर अदालत तक इस तानाशाही के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। वरिष्ठ नेता संजय टंडन ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का काम किया है और इस गुंडागर्दी की कार्रवाई निंदनीय है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद, पूर्व मेयर सुभाष चावला, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश पांचाल, अन्य वरिष्ठ नेता और हजारों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में भाग लिया। भाजपा ने महिला सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प दोहराया।

## पुलिस लाइन क्रिकेट क्लब ने एलीट सुपर को 127 रन से हराया

अनंत ज्ञान



**मुजफ्फरनगर।** गली मोहल्ला क्रिकेट लीग और जीएम बॉक्स क्रिकेट एसोसिएशन ने अंडर-19 लेदर बॉल प्रदर्शनी टूर्नामेंट, सीजन-एक का सफल आयोजन किया। टूर्नामेंट में चार टीमों ने 10 ओवर के लेदर बॉल फॉर्मेट में दो-दो लीग मैच खेले, जिसके बाद विजेता टीमों ने ग्रैंड फिनाले में भिड़ंत की। रोमांचक अंतिम गेंद तक चले मुकाबले में पुलिस लाइन क्रिकेट क्लब ने एलीट सुपर को 127 रन बनाकर हराकर खिताब अपने नाम किया।

बाबा इंद्रप्रीत ने कहा कि खेलते युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन इंटरनेशनल स्टैंडर्ड का था और चयनित खिलाड़ियों को भविष्य में इंटरनेशनल मैचों में खेलने का मौका मिलेगा। टूर्नामेंट में कई खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया, जो आगामी ट्रेनिंग कैंप में शामिल होंगे। राकेश रस्तोगी, यूपी राज्य समन्वयक, ने अपनी टीम - शुभम, अमन, राहुल, कनिका और सुखविंदर सिंह सोखी के साथ आयोजन का सफल संचालन किया।

जीएमसीएल महिला प्रीमियर लीग अंडर-19 टूर्नामेंट की भी जल्द घोषणा की जाएगी। आने वाले महीनों में यूपी के सभी जिलों में लेदर बॉल, ट्रायल, ट्रेनिंग कैंप और टेनिस बॉल बॉक्स क्रिकेट (अंडर-14, अंडर-19 और 20-45 वर्ष, पुरुष एवं महिला वर्ग) आयोजित किए जाएंगे।

## पठानकोट में **आतंकी साजिश** नाकाम भारी मात्रा में हथियार बरामद

अनंत ज्ञान



**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट पुलिस ने भारी हथियार और गोला-बारूद की खेप बरामद की है, जो पाकिस्तान से भारत में तस्करी की जा रही थी। यह कार्रवाई बब्बर खालसा इंटरनेशनल के मुख्य लीडर हरविंदर सिंह उर्फ रिंडा के खिलाफ की गई। डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस संदीप गोयल ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर नरोट जैमल सिंह थाना क्षेत्र में तलाशी ली गई, जिसमें हथियार और गोला-बारूद की बड़ी खेप मिली।

हरविंदर सिंह, जो महाराष्ट्र निवासी चरण सिंह संधू का बेटा है, पाकिस्तान में रहकर आईएसआई के निर्देशन में भारत में तोड़फोड़ और आतंकवादी गतिविधियों की साजिश रच रहा था। पुलिस ने मामले में 17 जनवरी 2026 को एक्सप्लोसिव सब्सटेंस एक्ट, आर्म्स एक्ट और संबंधित धाराओं के तहत केस नंबर 4 दर्ज किया।

पुलिस ने कहा कि बरामदगी से एक बड़े आतंकवादी खतरे को टाला गया है और सभी संदिग्धों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है। यह सफलता देश विरोधी तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का हिस्सा है और पठानकोट पुलिस की तत्परता और खुफिया नेटवर्क की क्षमता को दर्शाती है। संदीप गोयल ने स्पष्ट किया कि जांच अभी जारी है और आतंकवाद से जुड़े अन्य संभावित नेटवर्क को भी जल्द ही उजागर किया जाएगा।

## देश-विदेश

# राहुल बोले- पानी पीकर मर रहे लोग, यही अर्बन मॉडल

**एजेंसी, इंदौर**

**इंदौर** में दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर सियासत गरमा गई है। शनिवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इंदौर पहुंचे। वे सबसे पहले बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचे। यहां दूषित पानी बीमार मरीजों और परिजनों से मिले। मृतकों के परिजन से मिलने के बाद राहुल ने कहा ये नए मॉडल की स्मार्ट सिटी है।



पीने का पानी नहीं है। परिवार पानी पीने के बाद बीमार हुए यानी इंदौर में साफ पानी नहीं मिल सकता है। यह है अर्बन मॉडल। सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है। राहुल गांधी ने साफ कहा कि किसी को ये राजनीति लगे तो लगे, लेकिन लोगों को साफ पानी मिलना चाहिए। राहुल के प्रशासन और सरकार की कार्यप्रणाली पर सीधा हमला किया। इससे पहले राहुल भागीरथपुरा पहुंचे और दूषित पानी से जान गंवाने वाली गीता बाई और जीवनलाल के परिवार से मिले। दोनों परिवारों को उन्होंने चेक दिया। इसके बाद राहुल गांधी संस्कार गार्डन पहुंचे। यहां उन्होंने अन्य प्रभावित परिजन से मुलाकात की। सभी को राहुल ने एक लाख और सिंघार ने 50-50 हजार रुपए के चेक दिए। राहुल के साथ पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और अजय सिंह भी रहे। दौरे के बाद उन्होंने एक्स पर भाजपा की डबल इंजन सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए 'स्मार्ट सिटी मॉडल' को कठघरे में खड़ा किया। पोस्ट में राहुल गांधी ने पानी, हवा, दवा और जमीन में जहर फैलने का आरोप लगाते हुए इंदौर त्रासदी के लिए सरकार की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया और दोषियों को सजा व पीड़ितों को बेहतर इलाज और मुआवजा देने की मांग की है। भागीरथपुरा में मृतकों के परिजन से मिलने के बाद राहुल ने कहा- इनके परिवार में लोगों की डेथ हुई है। लोग बीमार हुए हैं। पीने का पानी नहीं है। लोगों को डराया जा रहा है। सारे के सारे परिवार पानी पीने के बाद बीमार हुए। (अनंत ज्ञान)

### अप्रैल तक लॉन्च होगा नया सिस्टम, जरूरत के समय तुरंत पैसा मिल सकेगा

# अब यूपीआई से निकाल सकेंगे पीएफ का पैसा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कर्मचारी** भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के करीब 8 करोड़ सब्सक्राइबर्स को यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) से पीएफ का पैसा निकालने की सुविधा मिलेगी। केंद्र सरकार एक ऐसा सिस्टम तैयार कर रही है, जिससे पीएफ मेंबर्स सीधे यूपीआई के जरिए अपना पैसा निकाल सकेंगे। केंद्रीय श्रम मंत्रालय इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है और इसे अप्रैल 2026 तक रोलआउट करने का लक्ष्य रखा गया है। इस सुविधा के शुरू होने से क्लेम सेटलमेंट की लंबी प्रक्रिया खत्म हो जाएगी और मेंबर्स को तुरंत फंड मिल सकेगी।

### यूपीआई पिन डालते ही बैंक खाते में ट्रांसफर होगा पैसा

- रिपोर्ट के अनुसार, नए सिस्टम में ईपीएफ फंड का एक हिस्सा 'फ्रीज' (सुरक्षित) रखा जाएगा, जबकि एक बड़ा हिस्सा मेंबर्स के लिए उपलब्ध रहेगा।
- मेंबर्स अपने बैंक अकाउंट से लिंक्ड यूपीआई पिन का इस्तेमाल करके इस पैसे को सीधे अपने खाते में ट्रांसफर कर सकेंगे।
- एक बार पैसा बैंक अकाउंट में आने के बाद, यूजर उसे एटीएम से निकाल सकता है या डिजिटल पेमेंट के लिए इस्तेमाल कर सकता है।

**सॉफ्टवेयर की खामियां दूर कर रहा है ईपीएफओ :** अभी पीएफ निकालने के लिए मेंबर्स को ऑनलाइन या ऑफलाइन क्लेम फॉर्म भरना पड़ता है, जिसमें काफी समय लगता है। हालांकि ईपीएफओ ने ऑटो-सेटलमेंट मोड शुरू किया है, लेकिन इसमें भी कम से कम 3 दिन का समय लगता है। सूत्रों के मुताबिक, ईपीएफओ अभी सॉफ्टवेयर से जुड़ी कुछ तकनीकी दिक्कतों को दूर करने में जुटा है। (अनंत ज्ञान)

### गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या आरोपी रूसी नागरिक गिरफ्तार

**एजेंसी, पणजी।** गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों की हत्या के आरोप में 37 साल के रूसी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान एलेक्सी लियोनोव के रूप में की गई है। वहीं, मृतक महिलाओं का नाम एलेना कस्थानोवा (37) और एलिना वानीवा (37) था। गोवा पुलिस के मुताबिक, दोनों महिलाओं की हत्या एक ही पैटर्न में की गई। दोनों का चाकू से गला रेता गया था। हाथ बॉडी के पीछे की तरफ रस्सी से बंधे थे। मामला तब सामने आया, जब वीरवार रात गोवा के अरंबोल में किराए के मकान से आरोपी की लिव-इन पार्टनर एलेना कस्थानोवा का शव बरामद हुआ। मकान मालकिन की शिकायत के मुताबिक, घटना रात 11 बजे के बाद हुई। पुलिस के मुताबिक, दोनों हत्याओं के तरीके समान पाए गए, जिससे इनके आपस में जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। दोनों हत्याओं के तरीके समान पाए गए, जिससे इनके आपस में जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# ममता 10,000 रुपए में बांग्लादेशियों रोहिंग्याओं को नागरिकता दे रही : भाजपा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 'ममता बनर्जी 10 हजार रुपए में बांग्लादेशियों-रोहिंग्याओं को नागरिकता दे रही हैं।' पात्रा ने कहा कि ममता बनर्जी भारत के करोड़ों रुपए केवल इसी में खर्च कर रही हैं। इसी वजह से I-PAC दफ्तर पर ईडी के छापे से घबरा गईं, फाइलें छीनकर ले गईं।

उन्होंने कहा कि मैं ममता बनर्जी को चेतावनी देना चाहता हूं कि वे बंगाल को बांटकर चुनाव नहीं जीत सकतीं। एसआईआर प्रक्रिया कई राज्यों में चल रही है। संसद में इस पर चर्चा हो चुकी है। बंगाल में सीएम ममता असंवैधानिक और हिंसक तरीकों से स्क्ढ, रोकने की कोशिश कर रही हैं। बीएलओएस पर दबाव डाला जा रहा है। बीएलओ अशोक दास ने टीएमसी की धमकियों के बाद आत्महत्या कर ली। अशोक दास की पत्नी ने टीएमसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जो बंगाल कभी 'सोनार बांग्ला' था, वह अब 'रक्त-रंजित बांग्ला' बन गया है। टीएमसी नेता मोनिरुल इस्लाम के बयान पर पात्रा ने कहा कि यह मामला राम-रहीम का नहीं, बल्कि बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों का है। ममता को भारत की चेतावनी है कि वे बंगाल बांटकर चुनाव नहीं जीत सकतीं। बीएसएफ ने पत्र लिखेऔर बैठकें कीं, लेकिन बंगाल सरकार सहयोग नहीं कर रही। भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दी गई। इनका इरादा बंगाल तोड़कर उसे बांग्लादेश का हिस्सा बनाने का है। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता बेहद खराब, कई जगह एक्यूआई 400 पर

**एजेंसी, दिल्ली**



**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में शनिवार सुबह घने कोहरे की चादर छा गई, जिससे दृश्यता लगभग शून्य हो गई और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। इसी बीच, वायु प्रदूषण का स्तर भी 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंच गया, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। सुबह के समय दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में कोहरे की मोटी चादर देखने को मिली।

कोहरे से दृश्यता घटी है और कई जगह शून्य मीटर तक दर्ज की गई है। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम सी गई और चालकों को अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ी। कम दृश्यता के कारण हवाई और रेल यातायात पर भी असर देखने को मिला। कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर कई उड़ानों में देरी हुई जिससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। कई इलाकों में 400 पार पहुंचा एक्यूआई एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, शनिवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 368 दर्ज किया गया है, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अलीपुर में 350, आनंद विहार में 442, अशोक विहार में 385, आया नगर में 316, बवाना में 357, बुराड़ी में 360, और चांदनी चौक इलाके में 427 एक्यूआई दर्ज किया गया है। डीटीयू इलाके में 350, द्वारका सेक्टर-8 में 407, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 में 304, आईटीओ में 405, जहांगीरपुरी में 416, लोधी रोड में 317, मुंडका में 397, नजफगढ़ में 307, नरेला में 347, पंजाबी बाग में 394, आरकेपुरम में 374, रोहिणी में 389, सोनिया विहार में 401, विवेक विहार में 420, और वजीरपुर में 399 एक्यूआई दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# मुर्शिदाबाद में फिर भड़की हिंसा, एनएच-12 और रेल मार्ग जाम

**एजेंसी मुर्शिदाबाद**

**पश्चिम** बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को एक बार फिर तनाव भड़क उठा, जब प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-12 और रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया। यह विरोध एक दिन पहले हुई हिंसक घटनाओं के बाद सामने आया है, जिनके चलते राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के बीच सड़क और रेल संपर्क घंटों तक ठप रहा था।



पुलिस के अनुसार, बेलडांगा के बरुआ मोड़ पर सैकड़ों स्थानीय लोग एकत्र हुए और एनएच-12 पर बैठ गए, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शनकारियों ने एक रेलवे गेट को नुकसान पहुंचाया और ट्रेन सेवाओं को बाधित करने की कोशिश भी की। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने कुछ स्थानों पर लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया, हालांकि स्थानीय लोगों ने बल प्रयोग का आरोप लगाया है।

**एक और प्रवासी मजदूर के साथ मारपीट का आरोपः** शनिवार को तनाव की नई वजह यह आरोप बना कि इलाके के एक और प्रवासी मजदूर अनीसुर शेख के साथ बिहार में बेरहमी से मारपीट की गई है। इस खबर से लोगों का गुस्सा फिर भड़क उठा, जो शुक्रवार की हिंसा के बाद कुछ हद तक शांत हुआ था।

पुलिस ने बड़ी संख्या में बल तैनात किया, जबकि स्थानीय विधायक हुमायूं कबीर मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों व अधिकारियों से बातचीत कर स्थिति को संभालने की कोशिश की। (अनंत ज्ञान)

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**एजेंसी, बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के महाराष्ट्र सीमा पर बीजापुर जिले में शनिवार को हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया है। उनके पास से दो एके-47 राइफल बरामद हुई हैं। इन नक्सलियों में नेशनल पार्क एरिया कमेटी चीफ डीवीसीएम कैडर का नक्सली दिलीप वेंडजा शामिल है, दूसरे नक्सली की पहचान नहीं हुई है। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से दोनों नक्सलियों के शव और 2 एके-47 राइफल बरामद कर लिए हैं। नेशनल पार्क जंगल के जिस इलाके में नक्सलियों से मुठभेड़ हो रही है, वह नक्सली पापाराव का इलाका है, पापाराव नेशनल पार्क क्षेत्र का इंचार्ज है। पापाराव दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का इकलौता बचा सदस्य है। अगर पापाराव मारा गया तो नक्सलियों के डीकेएसजेडसीएम कैडर पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### चीन का शिजियान-32 उपग्रह प्रक्षेपण मिशन रहा विफल



**एजेंसी, शीचांग**

**चीन** के शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से शिजियान-32 उपग्रह का प्रक्षेपण विफल रहा प्रक्षेपण में लॉन्ग मार्च-3बी वाहक रॉकेट का उपयोग किया गया था। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत के प्रक्षेपण केंद्र से रॉकेट ने 00:55 बजे उड़ान भरी, लेकिन विफल हो गया। विफलता के कारणों की जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** सुरक्षाबलों ने मणिपुर में जबरन वसूली गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की एक महिला सदस्य को इंफाल पश्चिम जिले के टेरा लौक्राकपाम इलाके में उसके घर से पकड़ा गया। कि पुलिस ने एक दिन पहले प्रतिबंधित प्रेपाक (प्रो) के 22 वर्षीय सदस्य को बिष्णुपुर जिले के फोइजिंग टेरा माखोंग से गिरफ्तार किया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### एंड्रीवा और मचाक ने जीते एडिलेड इंटरनेशनल के खिताब

**एजेंसी, एडिलेड।** तीसरी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने शुरू में 0-3 से पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को यहां लगातार नौ गेम जीतकर एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-1 से हरा दिया। यह मुकाबला डब्ल्यूटीए टूर की रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल, लेकिन 20 वर्ष से कम उम्र की खिलाड़ियों के बीच था। एंड्रीवा 18 वर्ष और एमबोको 19 वर्ष की हैं। कनाडा की खिलाड़ी एमबोको ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद एंड्रीवा ने उनकी एक नहीं चलने दी और आसानी से मैच अपने नाम करके अपना पांचवां डब्ल्यूटीए खिताब जीता। बाद में पुरुष एकल के फाइनल में थॉमस मचाक ने उगो हम्बर्ट को 6-4, 6-7 (2), 6-2 से पराजित किया।

### स्क्वाश टूर्नामेंट : क्वार्टर फाइनल में हारे वीर चोटरानी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के वीर चोटरानी अमेरिका के क्लीवलैंड में चल रहे स्क्वाश इन द लैंड 2026 टूर्नामेंट के



क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको के दूसरी वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से हार गए। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन किया। विश्व रैंकिंग में 52वें स्थान पर काबिज चोटरानी ने इस पीएसए रजत स्तर के टूर्नामेंट के मैच में दूसरे और तीसरे गेम में अपने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी चुनौती दी। उन्होंने विश्व के नंबर 13 खिलाड़ी के खिलाफ अपने आक्रामक खेल का अच्छा प्रदर्शन किया और शुक्रवार की रात को खेले गए मैच में कार्डेनास पर दबाव बनाया। कार्डेनास ने हालांकि, उनकी चुनौती से अच्छी तरह मुकाबला किया और 11-3, 11-7, 11-8 से जीत दर्ज की।

### मेनसिक ने बाएज को हराकर ऑकलैंड ओपन खिताब जीता

**एजेंसी, ऑकलैंड।** तीसरी वरीयता प्राप्त जैकब मेनसिक ने अपनी तीखी सर्विस का शानदार नजारा पेश करते हुए शनिवार को यहां सेबेस्टियन बाएज को सीधे सेटों में हराकर ऑकलैंड ओपन एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज मेनसिक ने फाइनल में 6-3, 7-6 (7) से जीत हासिल करने के लिए 18 ऐस लगाए। चेक गणराज्य के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट के टाईब्रेक में तीन सेट प्वाइंट बचाकर अपना दूसरा एटीपी टूर खिताब जीता। अब वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लेंगे जहां पहले दौर में उनका मुकाबला स्पेन के पाब्लो कैरेनो बुस्टा से होगा। ऑकलैंड में क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन को हराने वाले बाएज मेलबर्न में पहले दौर में जियोवानी म्पेटशी पेरिकार्ड से भिड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

### रेचल स्टलमैन खूबसूरत अंदाज में

**सेंट लुइस।** सेंट लुइस की पूर्व टेनिस खिलाड़ी रेचल स्टलमैन अपने खेल से ज्यादा अपनी अदाओं को लेकर चर्चा में रही हैं। उन्हें दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला टेनिस खिलाड़ी माना जाता है। इंस्टाग्राम पर फैंस उनकी अदाओं के दीवाने हैं। रेचल को 3 लाख से ज्यादा लोग फॉलो कर रहे हैं। वह हमेशा अपनी पोस्ट शेयर करती रहती हैं।



# इंदौर में 'करो या मरो' मुकाबला आज

## दांव पर भारत का घरेलू वनडे दबदबा, इतिहास रचने को तैयार न्यूजीलैंड

**एजेंसी, इंदौर**



घरेलू मैदान पर वनडे क्रिकेट में वर्षों से अजेय रही भारतीय टीम रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक मुकाबले में उतरेगी, जहां तीनों विभागों में चूक की कोई गुंजाइश नहीं होगी।

तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर है। भारत ने मार्च 2019 के बाद से अपने घर में कोई द्विपक्षीय वनडे सीरीज नहीं गंवाई है, लेकिन यह रिकॉर्ड अब खतरे में है। न्यूजीलैंड के सामने इतिहास रचने का मौका है। साल 1989 से भारत के दौरे कर रही कीवी टीम यहां अब तक एक भी वनडे सीरीज नहीं जीत सकी है और इंदौर में यह उसका सबसे सुनहरा अवसर माना जा रहा है।

राजकोट में खेले गए दूसरे वनडे में भारत की हार ने उसकी कमजोरियों को उजागर किया। न्यूजीलैंड ने बीच के ओवरों में खेल पर शिकंजा कस दिया, जबकि डैरिल मिचेल ने भारतीय स्पिनरों को निशाना बनाते हुए संयमित आक्रामक शतक जड़ा। स्पिन के खिलाफ भारत की बल्लेबाजी फिलहाल सवालों के घेरे में है। गहराई होने के बावजूद बल्लेबाज बीच के ओवरों में स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे हैं और इंदौर जैसे बड़े स्कोर वाले मैदान पर यही चरण मैच का रुख तय कर सकता है। होलकर स्टेडियम की छोटी बाउंड्री और सपाट पिच गेंदबाजों के लिए चुनौती बढ़ा देंगी, जहां विविधता और सटीक फैसला ही सफलता दिलाएगा।

कप्तान रोहित शर्मा पर दबाव साफ दिख रहा है। आक्रामक शुरुआत भारत की रणनीति का हिस्सा रही है, लेकिन लगातार जल्दी आउट होना चिंता का कारण बना हुआ है। इसके उलट विराट कोहली एक बार फिर भारत की बल्लेबाजी का सबसे भरोसेमंद चेहरा बने हुए हैं। टीम संयोजन को लेकर चयनकर्ताओं के सामने कड़ा फैसला होगा। आयुष बडोनी की ऑफ स्पिन या नितीश कुमार रेड्डी की तेज गेंदबाजी दोनों में से किसे तरजीह मिलती है, यह अहम रहेगा। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की एंट्री से भारतीय आक्रमण को धार मिल सकती है, खासकर डेथ ओवरों में। हालांकि, सवाल यही है कि उनकी जगह किसे बाहर बैठाया जाएगा। न्यूजीलैंड आत्मविश्वास से भरी हुई है। कॉनवे और मिचेल जैसे बल्लेबाजों के साथ उसकी गेंदबाजी इकाई ने भी सपाट पिचों पर सटीक प्रदर्शन किया है। होलकर में मुकाबला सिर्फ स्किल का नहीं, बल्कि साहस और सही फैसलों का भी होगा। सीरीज का फैसला एक दिन, एक पारी और कुछ ओवरों में तय होगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 1 : 30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, आयुष बडोनी, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड :** माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), मिशेल हे (विकेटकीपर), निक केली, हेनरी निकोल्स, विल यंग, जोश क्लार्कसन, जैक फाउल्क्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, आदित्य अशोक, क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जेडन लेनोक्स, माइकल रे।

## बारिश के कारण दूसरी बार रुका भारत-बांग्लादेश मैच



अंडर-19 वर्ल्ड कप

**एजेंसी, बुलावायो (जिम्बाब्वे)**

भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को 49 ओवर में 239 रन का टारगेट दिया है। जवाबी पारी में बांग्लादेश ने 17.2 ओवर में दो विकेट पर 90 रन बनाए थे कि बारिश आ गई और दूसरी बार खेल रोकना पड़ा। कप्तान अजीजुल हकीम तमीम 32 और कलाम सिद्दीकी अलीन 8 रन पर नाबाद लौटे हैं।

पहली बार दोनों पारियों से एक-एक ओवर कम किया गया था। रिफत बेग 37 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आउट करके कनिष्क चौहान ने फिफ्टी पार्टनरशिप को ब्रेक किया। जवाद अबरार (5 रन) को दीपेश देवेंद्रन ने पवेलियन भेजा।फिलहाल, बारिश रुक चुकी है और कवर्स हटा दिए गए हैं। टॉस हारकर पहले बैटिंग कर रही भारतीय टीम 48.4 ओवर में 238 रन पर ऑलआउट हो गई। अभिज्ञान कुंडू ने 112 बॉल पर 80 रन की पारी खेली, जबकि वैभव सूर्यवंशी ने 67 बॉल पर 72 रन बनाए। वे इस टूर्नामेंट में 50+ स्कोर बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। बांग्लादेश से अल फहद ने 5 विकेट झटके।

इकबाल हुसैन और अजीजुल हकीम तमीम को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट शेख पावेज जिबोन के खाते में आया। टॉस कराने आए बांग्लादेश के उपकप्तान जवाद अबरार ने भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे से हाथ नहीं मिलाया। इस परबीसीबी ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी कप्तान से हाथ न मिल पाना अनजाने में हुआ। इसका उद्देश्य किसी भी तरह की असभ्यता या विरोधी टीम के प्रति अनादर दिखाना नहीं था। हमने प्लेयर्स से कहा है कि वे हर स्थिति में खेल भावना का पालन करें। रेग्युलर कप्तान अजीजुल हकीम बीमारी के कारण टॉस में शामिल नहीं हुए। उपकप्तान जवाद अबरार ने टॉस कराया।(अनंत ज्ञान)

## अफरीदी बोले- राजनीति से जुड़ने से परहेज नहीं

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा है कि उन्हें भविष्य में राजनीति से जुड़ने से कोई परहेज नहीं है। वह कराची से अब देश की राजधानी इस्लामाबाद में



बस गए हैं। अफरीदी का जन्म पाकिस्तान के उत्तरी कबायली इलाके में हुआ था, लेकिन बचपन से ही उन्होंने अपना पूरा जीवन कराची में बिताया। हालांकि, शनिवार को उन्होंने पुष्टि की कि वह इस्लामाबाद में बस गए हैं।

अफरीदी से जब पूछा गया कि क्या इसका कारण यह है कि वह अब राजनीति में शामिल होने के बारे में सोच रहे हैं, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल वह राजनीति में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने जंग अखबार से कहा, ''मैं पाकिस्तान को समृद्ध होते देखना चाहता हूं और मुझे लगता है कि यह तभी संभव है जब सरकार और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं को अपना संवैधानिक कार्यकाल पूरा करने की अनुमति दी जाए।'' अफरीदी ने कहा, ''पाकिस्तान और पाकिस्तानी क्रिकेट ने मुझे शोहरत, दौलत, सब कुछ दिया है। मैं निश्चित रूप से अपने देश के लिए कुछ करना चाहूंगा।'' पाकिस्तान के क्रिकेटरों का राजनीति में शामिल होना कोई नई बात नहीं है। अपने जमाने के दिग्गज ऑलराउंडर इमरान खान ने न केवल अपनी पार्टी बनाई बल्कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भी बने। (अनंत ज्ञान)

## साई में 323 सहायक कोच पदों पर भर्ती

### 26 खेलों में आवेदन आमंत्रित, 33% पद महिलाओं के लिए आरक्षित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने अपने उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) और अन्य प्रशिक्षण स्थलों में सहायक कोच के लिए आवेदन मंगाए हैं। साई ने 26 खेलों में सहायक कोच के 323 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिनमें से 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इन खेलों में निशानेबाजी, एथलेटिक्स, तैराकी और कुश्ती भी शामिल हैं।

साई ने कहा कि इन सहायक कोच की भारत भर में फैले उसके विभिन्न क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों और प्रशिक्षण केंद्रों में तैनाती की जाएगी। संस्था ने अपनी नवीनतम अधिसूचना में कहा है, ''भर्ती दो चरणों वाली प्रक्रिया में पूरी की जाएगी। इनमें कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन लिखित परीक्षा यानि कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) और कोचिंग योग्यता परीक्षा (सीएटी) शामिल हैं।'' इसमें आगे कहा गया है, ''भर्ती पद्धति में कोचिंग योग्यता परीक्षा के लिए 60 प्रतिशत अंक और कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए 40 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं।''

एथलेटिक्स और निशानेबाजी में 28-28 पद रिक्त पड़े हैं जबकि तैराकी में 26 पद भरे जाएंगे। कुश्ती के लिए 22 कोच की नियुक्ति की जाएगी। मुक्केबाजी में 19 सहायक कोच की भर्ती की जाएगी। इसके अलावा भारोत्तोलन, तीरंदाजी, बैडमिंटन और टेबल टेनिस आदि खेलों में भी पद भरे जाएंगे। ऑनलाइन परीक्षा दिल्ली, लखनऊ, चंडीगढ़, भोपाल, गांधीनगर, मुंबई, कोलकाता, भुवनेश्वर, हैदराबाद, बेंगलुरु, तिरुवनंतपुरम, गुवाहाटी और इम्फाल में आयोजित की जाएगी। साई ने कहा, ''उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर परीक्षा केंद्रों की संख्या को घटाया या बढ़ाया जा सकता है।'' वही उम्मीदवार इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं जिनकी उम्र कम से कम 30 वर्ष हो तथा जिनके पास साई एनएस-एनआईएस पटियाला या किसी अन्य मान्यता प्राप्त भारतीय या विदेशी विश्वविद्यालय से कोचिंग में डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता हो।

साई की अधिसूचना में कहा गया है, ''ओलंपिक, पैरालंपिक, एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने के साथ-साथ कोचिंग में सर्टिफिकेट कोर्स करने वाले या द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित कोच भी इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।'' (अनंत ज्ञान)



## एंड्रीवा ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल खिताब

**एजेंसी, एडिलेड।** तीसरी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने शुरू में 0-3 से पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को यहां लगातार नौ गेम जीतकर एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-1 से हरा दिया।

यह मुकाबला डब्ल्यूटीए टूर की रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल लेकिन 20 वर्ष से कम उम्र की खिलाड़ियों के बीच था। एंड्रीवा 18 वर्ष और एमबोको 19 वर्ष की हैं । कनाडा की खिलाड़ी एमबोको ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद एंड्रीवा ने उनकी एक नहीं चलने दी और आसानी से मैच अपने नाम करके अपना पांचवां डब्ल्यूटीए खिताब जीता। (अनंत ज्ञान)

## एमआई केपटाउन ने सनराइजर्स को हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें रखीं बरकरार

**एजेंसी, केपटाउन।** मौजूदा चैंपियन एमआई केपटाउन ने यहां सनराइजर्स ईस्टर्न केप को तीन विकेट से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी। सनराइजर्स (24 अंक), पार्ल रॉयल्स (24 अंक) और प्रिटोरिया कैपिटल्स (20 अंक) पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। एमआई केपटाउन के 14 अंक हैं। एमआई केपटाउन ने मैच में पहली गेंद से ही अपना दबदबा बना दिया था। ट्रेंट बोल्ट ने पारी की पहली ही गेंद पर शानदार फॉर्म में चल रहे क्विंटन डी कॉक को आउट कर दिया। सनराइजर्स इससे आखिर तक नहीं उबर पाया और उसकी टीम नौ विकेट पर 139 रन ही बना पाई। सनराइजर्स की तरफ से ऑलराउंडर मार्को यानसन ने 23 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें चार छक्के और तीन चौके शामिल हैं। एमआई केपटाउन के लिए बोल्ट ने 28 रन देकर तीन और कॉर्बिन बॉश ने 34 रन देकर चार विकेट लिए। एमआई केपटाउन ने 19.2 ओवर में सात विकेट पर 140 रन बनाकर जीत हासिल की। यानसन ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 23 रन देकर दो विकेट लिए, लेकिन एमआई केपटाउन नियमित अंतराल में विकेट गंवाने के बावजूद लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा।

उसकी तरफ से रीजा हेंड्रिक्स (43 गेंदों पर 41 रन) ने एक छोर संभाले रखा। ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे ने 18 गेंदों में 31 रन की तेज पारी खेली जबकि कीरोन पोलार्ड ने 14 गेंदों में 20 रन का योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन में रिकॉर्ड बनाने को **वीनस विलियम्स** तैयार

**एजेंसी, मेलबर्न**



वीनस विलियम्स 45 वर्ष की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में नया रिकार्ड बनाने के लिए तैयार हैं। अमेरिका की यह स्टार खिलाड़ी रविवार को यहां कोर्ट पर उतरते ही वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के महिला एकल में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी।

उन्हें इस बात का अहसास तब तक नहीं हुआ जब तक कि उन्हें पांच साल में पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश नहीं मिला। वीनस जापान की किमिको दाते का रिकॉर्ड तोड़ेगी जिन्होंने 44 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था। वीनस ने शनिवार को टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''जब तक यह खबर मीडिया में नहीं आई, मैंने इसके बारे में सोचा भी नहीं था। मेरे लिए यह हबहुत खुशी की बात है।'' मीडिया से बात करने के बाद वह सभागार से बाहर निकलीं और अपने पति एंड्रिया प्रीटी के हाथ में हाथ डालकर एक गलियारे से होते हुए खिलाड़ियों के क्षेत्र में वापस चली गईं। उन्होंने इससे पहले 2021 में आखिरी और कुल 21वीं बार मेलबर्न पार्क में प्रतिस्पर्धा की थी।

वीनस जब 17 साल की थीं तब उन्होंने पहली बार 1998 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही थी। मेलबर्न पार्क की अपनी पहली यात्रा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''वह खूबसूरत समय था, क्योंकि मुझे बहुत सी चीजों के बारे में पता नहीं था। लेकिन न जानने का एक बड़ा फायदा यह है कि इससे आपको नए सिरे से शुरुआत करने का मौका मिलता है। मुझे बहुत कुछ सीखना था और फिर मैंने वह सब सीख लिया।'' वीनस ने कहा, ''खेल की यही विशेषता होती है। आप लगातार प्रयास करते रहते हैं। भले ही कुछ साबित करने की जरूरत न हो, सब कुछ आपके रवैये और मेहनत पर निर्भर करता है।'' (अनंत ज्ञान)

## डेमियन मार्टिन को मिली अस्पताल से छुट्टी

**एजेंसी, मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेमियन मार्टिन को मेनिन्जाइटिस से उबरने के बाद शनिवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मार्टिन 27 दिसंबर 2025 को बीमार पड़ गए थे और उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में कृत्रिम कोमा में रखना पड़ा था, लेकिन जनवरी के पहले सप्ताह में उनमें सुधार के लक्षण दिखाई देने लगे थे, लेकिन अब वह इस मुश्किल दौर से बाहर निकल आए हैं और उन्होंने अपने शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।

मार्टिन ने एक्स पर लिखा, ''वर्ष 2026 का स्वागत है। मैं अस्पताल से घर आ गया हूं। मैं उन सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस दौरान मेरा और मेरे परिवार का साथ दिया।'' उन्होंने कहा, ''इस अनुभव से मुझे पता चला कि जीवन कितना क्षणभंगुर है। सब कुछ कितनी जल्दी बदल सकता है और समय कितना अमूल्य है।'' मार्टिन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 67 टेस्ट, 208 वनडे और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। (अनंत ज्ञान)

## भारत पहली बार यूसीआई 2.2 'मल्टी स्टेज रोड रेस' की करेगा मेजबानी

**एजेंसी, पुणे**

सोमवार से शुरू हो रही बजाज पुणे ग्रैंड टूर पर भारत पहली बार यूसीआई 2.2 'मल्टी स्टेज रोड रेस' की मेजबानी करेगा, जिससे देश के साइकिलिस्टों को ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए अहम अंक मिलेंगे। भारत इस पांच-दिवसीय प्रतियोगिता में 12 चालकों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल उतारेगा (जिसे भारत की राष्ट्रीय टीम और भारतीय डेवलपमेंट टीम में बांटा गया है)। यह प्रतियोगिता 23 जनवरी तक चलेगी और लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालिफिकेशन की राह में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

रेस की शुरुआत गुडलक चौक पर 7.5 किमी के प्रोलॉग से होगी जो जनरल क्लासिफिकेशन में शुरुआती पोजिशन तय करेगा। इसके बाद पुणे और पश्चिमी घाट में चार चरण की मुश्किल परीक्षा होगी। 20 जनवरी को पहले चरण में 87.2 किमी मुलशी-मावल माइल्स और दूसरे चरण में 105.3 किमी मराठा हेरिटेज सर्किट रेस शामिल होगी। फिर 22 जनवरी को 'वेस्टर्न घाट गेटवे' चरण होगा और रेस का समापन 95 किमी पुणे प्राइड लूप से होगा।

इसे भारतीय साइकिलिंग के लिए एक अहम पल बताते हुए भारतीय महासंघ के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने कहा, ''यूसीआई 2.2 मल्टी-स्टेज रेस हासिल करना आसान नहीं था। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वसनीयता बनाने के लिए भारतीय साइकिलिंग महासंघ की वर्षों की लगातार मेहनत को दिखाता है।'' उन्होंने कहा, ''यह प्रतियोगिता हमारे साइकिल चालकों के लिए ओलंपिक क्वालिफिकेशन की ओर सीधा रास्ता खोलती है। यह देश भर में सरकार, प्रायोजकों और हितधारकों के साइकिलिंग को देखने के तरीके भी बदलती है। (अनंत ज्ञान)

## लिवरपूल गोलकीपर पर नस्लभेदी टिप्पणी 6 मैचों का प्रतिबंध

**एजेंसी, लंदन।** इंग्लैंड फुटबॉल एसोसिएशन (एफए) ने नस्लभेदी टिप्पणी के मामले में लिवरपूल की गोलकीपर राफाएला बॉर्गग्राफे पर छह मैचों का प्रतिबंध लगाया है। लिवरपूल कोच गैरेथ टेलर ने बताया कि खिलाड़ी अपने प्रतिबंध के पांच मैच पहले ही भुगत चुकी हैं। सितंबर में एफए ने बॉर्गग्राफे के खिलाफ जांच शुरू की थी। उन पर अपनी टीम की एक खिलाड़ी के खिलाफ आपत्तिजनक और भेदभावपूर्ण भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप था। प्रभावित खिलाड़ी की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। टॉटनहैम हॉटस्पर के खिलाफ आगामी विमेंस सुपर लीग मुकाबले से पहले गैरेथ टेलर ने कहा कि अब मामला साफ है और हम आगे बढ़ सकते हैं। बॉर्गग्राफे चयन के लिए उपलब्ध होंगी। बॉर्गग्राफे जुलाई में लिवरपूल से जुड़ी थीं और अब तक टीम के तीन मुकाबले खेल चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)

## विजय हजारे ट्रॉफी — बिना स्टार्स की दो मजबूत टीमों में खिताबी टक्कर, टॉस निभा सकता है बड़ी भूमिका

# फाइनल में सौराष्ट्र-विदर्भ आज आमने-सामने

**एजेंसी, बेंगलुरु**

बिना किसी बड़े स्टार खिलाड़ी के बावजूद लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाली सौराष्ट्र और विदर्भ की टीमें रविवार को यहां बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) मैदान पर विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में आमने-सामने होंगी। कागजों पर दोनों टीमें लगभग बराबर नजर आती हैं, जिससे एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

विदर्भ जहां तीसरी बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगा। वहीं, सौराष्ट्र अपने पहले विजय हजारे खिताब की तलाश में होगा। अब तक टूर्नामेंट में दोनों टीमों के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने सामूहिक प्रदर्शन करते हुए कई मजबूत टीमों को मात दी है। सौराष्ट्र के कप्तान हार्विक देसाई 561 रन के साथ टीम के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्हें विश्वराज जडेजा का अच्छा साथ मिला है, जिन्होंने पंजाब के खिलाफ सेमीफाइनल में शानदार शतक लगाकर टीम को फाइनल में पहुंचाया। दूसरी ओर विदर्भ की बल्लेबाजी की कमान टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज अमन मोखाडे (781 रन) और अनुभवी ध्रुव शोरे (515 रन) के हाथों में रही है। मोखाडे ने कर्नाटक के खिलाफ सेमीफाइनल में धैर्यपूर्ण शतक लगाकर अपनी तकनीक और मानसिक मजबूती का परिचय दिया।



मध्यक्रम में रविकुमार समर्थ ने भी उपयोगी योगदान दिया है और अब तक 427 रन बनाकर टीम की बल्लेबाजी को गहराई प्रदान की है। बल्लेबाजी की तरह गेंदबाजी विभाग में भी दोनों टीमों के बीच ज्यादा अंतर नहीं है। सौराष्ट्र के लिए तेज गेंदबाज अंकुर पंवार (21 विकेट) और चेतन सकारिया (15 विकेट) ने नई गेंद और डेथ ओवरों में प्रभावी प्रदर्शन किया है। विदर्भ की ओर से नचिकेत भूटे (15 विकेट) और यश ठाकुर (15 विकेट) ने तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती दी है। इसके अलावा दर्शन नालकंडे (12 विकेट) ने भी अहम मौकों पर विकेट निकालकर टीम को बढ़त दिलाई है। कर्नाटक के खिलाफ सेमीफाइनल के अंतिम ओवरों में उनका प्रदर्शन खासा प्रभावशाली रहा। फाइनल मुकाबले में टॉस की भूमिका अहम हो सकती है, क्योंकि दूसरी पारी की शुरुआत में ओस पड़ने की संभावना रहती है। अंततः वही टीम चैंपियन बनेगी जो दबाव में बेहतर धैर्य, अनुशासन और जज्बा दिखाएगी। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 1 : 30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**विदर्भ :** हर्ष दुबे (कप्तान), यश ठाकुर (उप-कप्तान), अथर्व तायडे, ध्रुव शौरी, अमन मोखाड़े, यश राठौड़, शिवम देशमुख (विकेटकीपर), अक्षय वाडकर, नचिकेत भुटे, दर्शन नालकंडे, आर समर्थ, पार्थ रेखाडे, दीपेश परवानी, प्रफुल्ल हिंगे, शुभम दुबे, गणेश भोसले।

**सौराष्ट्र :** हार्विक देसाई (विकेटकीपर/कप्तान), विश्वराज जडेजा, प्रेरक मांकड़, सम्मर गज्जर, चिराग जानी, रुचित अहीर, धर्मेंद्र सिंह जाडेजा, अंकुर पंवार, प्रशांत राणा, आदित्य जडेजा, चेतन सकारिया, हेतविक कोटक, प्रणव कारिया, युवराज चुडासमा, पार्थ भुट, तरंग गोहेल, जय गोहिल, अंश गोसाई, पार्श्वराज राणा, हितेन कंबी।